17वां स्थापना दिवस
लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# जन एक्सप्रेस
शुक्रवार 10 अक्टूबर, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 01 | www.janexpresslive.com/epaper
मायावती का नौ साल बाद शक्ति प्रदर्शन... 05

## आभार संदेश
**17वां स्थापना दिवस**

**प्रिय पाठकों, शुभचिंतकों एवं सहयोगियों**
**जन एक्सप्रेस परिवार की ओर से आप सभी को सादर नमस्कार।**
10 अक्टूबर 2009 को जब जन एक्सप्रेस ने अपने पत्रकारिता के सफर की शुरुआत की थी, तब यह केवल एक सपना था – एक ऐसा मंच जो आम जन की आवाज़ बने, सच्चाई को निर्भीकता से प्रस्तुत करे, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दे। आज, इस सपने को साकार होते देखना हमारे लिए गर्व, संतोष और कृतज्ञता का क्षण है। अपने 17 वर्षों के इस अद्भुत सफर में जन एक्सप्रेस ने कई उतार–चढ़ाव, चुनौतियाँ और परिवर्तन देखे। कभी शब्दों की धार बनी, तो कभी सन्नाटों में भी सच्चाई की गूंज सुनाई दी। लेकिन एक चीज़ जो कभी नहीं बदली, वह है – आपका विश्वास, आपका समर्थन और आपकी सच्ची भागीदारी। इस यात्रा में हमने केवल समाचार नहीं परोसे, बल्कि समाज के हर वर्ग की भावनाओं, चिंताओं और आकांक्षाओं को स्वर दिया। यह सब कुछ संभव हुआ है आप सभी के सहयोग, हमारे समर्पित पत्रकार साथियों की मेहनत और हमारे पाठकों की आलोचनात्मक सोच के कारण। आज जब हम जन एक्सप्रेस का 17वां स्थापना दिवस मना रहे हैं, तो यह केवल एक जश्न नहीं, बल्कि एक अवसर है आप सभी को धन्यवाद कहने का। हम आपसे वादा करते हैं कि आने वाले वर्षों में भी जन एक्सप्रेस अपनी पत्रकारिता की धार को बनाए रखेगा और आपकी आवाज़ बनकर हमेशा सच्चाई के साथ खड़ा रहेगा।
**आप सभी का हार्दिक आभार एवं कोटि–कोटि धन्यवाद।**
**– जन एक्सप्रेस परिवार**

# ब्रिटेन भारत को हल्की मल्टीरोल मिसाइल देने को तैयार

- यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को समर्थन देगा, भारत–ब्रिटेन के पीएम के बीच समझौता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटी भारत में कैंपस खोलेंगी। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मुंबई में यह ऐलान किया। मोदी ने कहा कि स्टार्मर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के रिश्तों में प्रगति हुई है। इस साल जुलाई में लंदन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर किए थे। मोदी ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच आयात आसान होगा। इससे कारोबार बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा। दोनों नेताओं ने इंडो–पेसिफिक, पश्चिम एशिया और यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा की। वहीं, रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ब्रिटेन ने सैन्य प्रशिक्षण समझौता किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग प्रशिक्षक अब ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स में ट्रेनर के रूप में काम करेंगे।



### गाजा में शांति समझौते का स्वागत किया
स्टार्मर ने अपने बयान के दौरान गाजा में शांति समझौता होने का स्वागत किया। उन्होंने कहा, यह राहत की बात है। इस समझौते को अब बिना किसी देरी के पूरी तरह से लागू किया जाना चाहिए और इसके साथ ही गाजा को जीवन रक्षक मानवीय सहायता पर लगे सभी प्रतिबंध तुरंत हटाए जाने चाहिए।

### ब्रिटिश विश्वविद्यालय भारत में कैंपस खोलेंगे
स्टार्मर ने कहा, अच्छी गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा की मांग बहुत ज्यादा है। इसलिए, मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि और ब्रिटिश विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित करेंगे, जिससे ब्रिटेन भारत में इंटरनेशनल एजुकेशन पहुंचाएगा। मोदी ने बताया कि, %ब्रिटेन की साउथम्पटन यूनिवर्सिटी का गुरुग्राम कैंपस शुरू हो चुका है, जहां पहले छात्रों ने दाखिला लिया है।

### मोदी ने स्टार्मर के साथ विजन 2035 की घोषणा की
मोदी ने कहा कि सभी ने भारत की फिनटेक (डिजिटल वित्तीय सेवाओं) क्षेत्र में क्षमता देखी है। आज दुनिया के लगभग 50 प्रतिशत रियल–टाइम डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के वित्तीय सेवाओं का अनुभव और भारत का डिजिटल प्लेटफॉर्म मिलकर पूरे मानवता के लिए फायदेमंद हो सकता है। मोदी ने कहा कि अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ विजन 2035 की घोषणा की। यह हमारे साझा लक्ष्यों के लिए एक रूपरेखा है। भारत और ब्रिटेन जैसी खुली और लोकतांत्रिक देशों में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां सहयोग बढ़ाया न जा सके।

### मोदी बोले, इकॉनमी में बड़े सुधार हो रहे
मोदी ने कहा कि आज भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े सुधार हो रहे हैं। उनका जोर कारोबार को आसान बनाने और नियमों को सरल बनाने पर है। मोदी ने कहा कि हाल ही में सरकार ने जीएसटी सुधार की घोषणा की है। इससे मध्यम वर्ग और छोटे–मध्यम व्यवसायों की वृद्धि को नई ताकत मिलेगी और निवेशकों और व्यवसायियों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

### परमाणु ऊर्जा को निजी कंपनियों के लिए खोला जाएगा
भारत–यूके सीईओ फोरम में पीएम मोदी ने कहा अब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे भारत–यूके सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के अवसर मिलेंगे। मोदी ने यह भी कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास उनकी प्राथमिकता है। भारत अगले पीढ़ी के भौतिक ढांचे में निवेश कर रहा है और 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### भारत–ब्रिटेन खनिज में भी सहयोग करेंगे
मोदी ने बताया कि भारत और ब्रिटेन ने क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिज) पर सहयोग के लिए एक सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी स्थापित करेंगे। इसका एक सैटेलाइट कैंपस झारखंड के धनबाद में इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स में बनेगा।

## सफलता के सोलह वर्ष
### स्वीकार सभी का प्रेम सहर्ष

**प्रिय पाठकगण, नमस्कार**
यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि आपके लोकप्रिय समाचार पत्र जन एक्सप्रेस का आज सत्रहवाँ स्थापना दिवस है। आज से सोलह वर्ष पूर्व 10 अक्टूबर 2009 को जिस विचारधारा के साथ जन एक्सप्रेस का प्रथम अंक हमने आपसभी के सामने लाया था हमारे लिए आज पुनः उस संकल्प को दुहराने का भी दिवस है। 2009 से 2025 की सफल यात्रा में हमसे जुड़े सभी पाठक गण का जन एक्सप्रेस के प्रति विश्वास बनाये रखने के लिए मैं हृदय के अंतःकरण से आभार प्रकट करता हूँ। हमारे सभी नेक एवं ईमानदार संवाददाता सह जन एक्सप्रेस के सभी कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम का परिणाम है कि दिनोंदिन जन एक्सप्रेस एक नया प्रतिमान गढ़ रहा है। हमने सत्ता एवं विपक्ष के चाटुकारिता से दूर एक निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जिस रास्ते पर 2009 में चलना प्रारम्भ किया हम उसी रास्ते पर है एवं रहेंगे भी। निश्चित तौर पर हमें गत वर्षों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है परन्तु कभी भी स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। समय परिवर्तन के साथ–साथ हमने नये कलेवर में पाठकों के सामने जन एक्सप्रेस के अंक को प्रस्तुत किया जिसके लिए हमें हमेशा आप पाठकों का प्रेम– स्नेह मिलता रहा है। इस स्नेह,प्यार व विश्वास के लिए जन एक्सप्रेस टीम की तरफ से आप सभी का कोटि–कोटि आभार। इसमें जरा भी संशय नहीं है कि कोटि–कोटि जन से प्राप्त स्नेह ने ही हमें एक्सप्रेस बनने में सफलता दिलाई है। हमारे वेबसाइट के माध्यम से आपसभी खबरों को पढ़ते हैं। यूट्यूब व फेसबुक के माध्यम से खबरों को देखते है। सोशल मीडिया से जुड़कर भी आपसभी ने हमें जिस प्रकार से अटूट स्नेह दिया है उसके लिए भी हम आपके आभारी है। मुख्यतः सामयिक घटनायें, राजनीति, खेल–कूद, व्यक्तित्व, विज्ञापन ,धर्म , आध्यात्म, शिक्षा, रोज़गार, न्याय इत्यादि खबरों से भरपूर यह समाचार–पत्र गत सोलह वर्षों के अद्वितीय सफलता के साथ आज से अपने सत्रहवें वर्ष में है। हमने भ्रष्टाचार, अन्याय, सामाजिक कुरीतियों के वीरुद्ध हमेशा आवाज उठाया हैं और उठाते रहेंगे। हमने खुद को एवं जनता के समस्याओं को पैसे के बल पर गिरवी नहीं रखा। माफियाओं से भी हमने कोई समझौता नहीं किया। बड़े–बड़े माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाकर हमने हमेशा सुन्दर व सभ्य समाज की कल्पना की है। हम समाज में व्याप्त ब्यराइयों के मुद्दे को उठाकर उसे समाप्त कराने को कृत–संकल्पित है, इसके लिए आपसभी के सुझाव एवं मार्गदर्शन हेतु भी अपील करता हूँ। पूर्व की तरह आपके सुझाव का हमेशा स्वागत है। आज स्थापना दिवस के शुभ अवसर जन–एक्सप्रेस अपने वसुधैव कुटुम्बकम एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के संकल्प को पुनः दुहराता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जन एक्सप्रेस के प्रति आपसभी का स्नेह एवं आशीर्वाद पुर्ववत बना रहेगा। –धन्यवाद

**-संपादक**

## टूंडला में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज गिरा, कई मजदूरों के दबे होने की सूचना, पांच घायलों को किया रेस्क्यू

**जन एक्सप्रेस। टूंडला**

फिरोजाबाद के टूंडला में दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) बृहस्पतिवार रात ढह गया। हादसे के समय काम कर रहे कई श्रमिक मलबे में दब गए। आनन-फानन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर पांच को मलबे से घायल अवस्था में निकालकर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। हादसे के समय 16 श्रमिक काम कर रहे थे। खबर लिखे जाने तक अन्य की तलाश जारी थी। मौके पर रेस्क्यू टीम, डीएम रमेश रंजन, एसएसपी सौरभ दीक्षित, रेलवे के अधिकारी देर पहुंच गए थे। जनहानि की कोई पुष्टि नहीं की गई। लाइनपार क्षेत्र को टूंडला शहर के मुख्य भाग से जोड़ने के लिए यह ओवरब्रिज रेलवे रेस्ट कैंप कॉलोनी से लेकर लाइनपार अहाता शोभाराम तक बनाया जा रहा है। हादसा रात करीब 9 बजे हुआ।

## डीजीपी समेत 13 अधिकारियों पर एफआईआर
### सुसाइड नोट के आधार पर चंडीगढ़ पुलिस ने दर्ज किया केस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा के 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की मौत मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर समेत 12 से 13 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूरण कुमार ने अपने सुसाइड नोट में डीजीपी शत्रुजीत कपूर, रोहतक के एसएसपी समेत कुल 13 अधिकारियों के नाम लिखे थे। सुसाइड नोट के आधार पर चंडीगढ़ पुलिस ने अब इन सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। सेक्टर-11 थाना पुलिस ने सुसाइड नोट में लिखे गए अधिकारियों के खिलाफ धारा 108 आरडब्ल्यू 3(5) बीएनएस और 3(1)(आर) पीओए (एससी/एसटी) अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले सीएम नायब सैनी वीरवार दोपहर में आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार से मिलने चंडीगढ़ सेक्टर-24 स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे और उनके



पति वाई पूरण कुमार के निधन पर शोक जताया। सैनी करीब 45 मिनट रुके और फिर बिना कुछ कहे रवाना हो गए। सीएम के साथ वरिष्ठ आईएएस राजेश खुल्लर भी थे। आईएएस अमनीत पी कुमार ने साफ कह दिया था कि जब तक आरोपी अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं होता तब तक वह पति वाई पूरण कुमार का पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे।

### विभाग और सिस्टम पर कई बार उठाए सवाल
हरियाणा के दिवंगत वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार ने अपने करियर के दौरान सरकार, विभाग और सिस्टम पर कई बार सवाल उठाए। उन्होंने खुले तौर पर नियमों, पदोन्नति, पोस्टिंग और भेदभाव को लेकर सरकार, प्रमुख सचिव, चुनाव आयोग और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर शिकायतें दर्ज कराईं। उनकी आत्महत्या के कारणों की जांच में इन मामलों पर सवाल उठ सकते हैं। अभी यह खुलासा होना बाकी है कि सुसाइड नोट में क्या इन मामलों से संबंधित लोगों के नाम भी हैं?

### वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ लगाए थे गंभीर आरोप
आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार के सुसाइड नोट में पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस को यह भी पता चला है कि सुसाइड नोट में कोई तात्कालिक घटना या निजी झगड़े का जिक्र नहीं है यानी अधिकारी ने अपने अंतिम कदम के पीछे किसी अचानक हुए तनाव या हालिया विवाद को नहीं बताया। घटनास्थल से अधिकारी का सुसाइड नोट जेब में मिला था जबकि घर में उनका लैपटॉप नहीं मिला। एक लैपटॉप उनकी बेटी का बताया गया। पुलिस ने मौके पर सीएफएसएल और फॉरेंसिक टीम के साथ पूरी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की है। पुलिस अब सुसाइड नोट की लिखावट, तारीख और नोट में शामिल मामलों की विस्तृत जांच कर रही है।

## अयोध्या: घर में हुए विस्फोट से गिरा मकान, पांच लोगों की मौत, कई बच्चे घायल

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

तेज धमाके के साथ वृहस्पतिवार रात 7.30 बजे मकान गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन बच्चे और दो युवक शामिल हैं। मलबे में कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस और प्रशासन की ओर से बचाव कार्य जारी है। पटाखा और रसोई गैस सिलिंडर से धमाके की आशंका जताते हुए पुलिस जांच में जुटी है। नगर पंचायत भदरसा-भरतकुंड के महाराणा प्रताप वार्ड के पगलाभारी गांव में बृहस्पतिवार शाम 7.30 बजे के करीब धमाके की आवाज के साथ एक मकान गिर गया। रामकुमार गुप्त उर्फ पारसनाथ गांव के बाहर मकान बनवाकर रहते थे। उनके मकान में चक्की का भी संचालन होता था। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी और सीओ अयोध्या भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू करते हुए मलबे में दबे पांच लोगों को निकालकर जिला अस्पताल भेजवाया। इनमें गृह स्वामी रामकुमार, उनकी बेटी ईशा व पुत्र यश के साथ दो अन्य शामिल है। जिला अस्पताल लाए गए लोगों में से चार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि एक बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ा। डॉक्टरों ने पांच मौतों की पुष्टि की है। सभी मृतकों को शवगृह में रखवा दिया गया है।

### सीएम योगी ने दिए निर्देश
अयोध्या में गुरुवार शाम हुए एक विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई। शासन के अनुसार अभी तक जो जानकारी आई है उससे यह लग रहा है कि यह सिलेंडर फटने की घटना है। इस घटना के बाद प्रदेश में उच्च स्तरीय बैठक शुरू हो गई है। सीएम योगी ने सतत निगाह रखने के निर्देश दिए हैं। घटना के बाद अयोध्या के जिलाधिकारी और एसपी मौके पर पहुंच गए हैं। सभी शवों को बाहर निकाल लिया गया है।




# सलना के पास खाई में गिरा खिलाड़ियों से भरा वाहन, 6 छात्राएं समेत 8 घायल

- जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता से लौट रहे थे सभी, तीन को गंभीर हालत में श्रीनगर किया गया रेफर

**जन एक्सप्रेस। गोपेश्वर/चमोली**

गोपेश्वर में आयोजित जिला स्तरीय शरदकालीन कबड्डी प्रतियोगिता से लौट रहे खिलाड़ियों का वाहन बुधवार रात सलना गांव के पास अनियंत्रित होकर 45 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में छह छात्राओं समेत आठ लोग घायल हो गए। तीन घायलों को गंभीर हालत में श्रीनगर के बेस अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी में रखा गया है।

### प्रतियोगिता के बाद लौट रही थीं बालिका टीमें
जिला स्तरीय शरदकालीन कबड्डी प्रतियोगिता बुधवार को गोपेश्वर में आयोजित की गई थी। इसमें पोखरी क्षेत्र से विभिन्न विद्यालयों की बालक-बालिका टीमें हिस्सा लेने पहुंची थीं। प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद सभी टीमें देर शाम को वापस लौट रहीं थीं। इसी दौरान जीआईसी रडुवा चांदनीखाल की छात्राओं, खेल शिक्षक, जीआईसी नैल सांकरी के तीन छात्र और शिक्षकों को लेकर एक वाहन गोपेश्वर से रवाना हुआ।



### रात आठ बजे हादसा, वाहन गिरा 45 मीटर गहरी खाई में
रास्ते में नैल सांकरी में तीन छात्र और शिक्षक वाहन से उतर गए थे। इसके बाद वाहन आगे बढ़ा, लेकिन रात करीब आठ बजे सलना गांव से दो किलोमीटर पहले चौलांडी गदेरे के पास चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क से नीचे खाई में जा गिरा।

### सभी घायल खतरे से बाहर, इलाज जारी
विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बताया कि वह लगातार घायल छात्राओं और शिक्षकों की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। श्रीनगर बेस अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार सभी घायलों की स्थिति अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

### स्थानीय लोगों ने शुरू किया रेस्क्यू, पहुंचाया अस्पताल
हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पोखरी लाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रियम गुप्ता ने बताया कि चालक जय लाल, छात्रा आंचल और पूर्वांशी को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रात में ही श्रीनगर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों – खेल शिक्षक उमेश कुमार, छात्रा दीपा, आरुषी, अनामिका और दीक्षा को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सुबह जांच के लिए श्रीनगर भेजा गया।

# 'ऑपरेशन ईगल' थाना मटौंध व एसओजी की संयुक्त टीम की सबसे बड़ी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । बांदा



अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ0 संजीव गुप्ता व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस0 के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **ऑपरेशन ईगल** के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में थाना मटौंध व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय अवैध सूखा गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 08अक्टूबर को देर रात्रि थाना मटौंध व एसओजी पुलिस टीम गश्त व चेकिंग में भ्रमणशील थी इसी दौरान मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मध्य प्रदेश के रास्ते एक ट्रक में अवैध गांजे की खेप लाई जा रही है। इसी दौरान एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी के प्रभारी चंदन पाण्डेय द्वारा भी एक ट्रक यूपी71एटी6216 में अवैध गांजे की खेप मध्य प्रदेश से होते हुए जनपद होते हुए महोबा ले जाने सूचना दी गई थी। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा बैरियर लगाकर चेकिंग करते हुए ट्रक को गोयरा मुगली मोड़ के पास से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान ट्रक से कुल 08 कुन्तल 01 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है जिसकी अनुमानित कीमत 2.5 से 03 करोड़ रुपए है। पकड़े गये अभियुक्त चन्दन पुत्र मुन्नु लाल निवासी महमूदपुर थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया गया कि यह अवैध सूखा गांजा उड़ीसा से ला रहा था तथा उसे यह गांजा बबेरु के रहने वाले अंजनी तिवारी ने महोबा पहुंचाने के लिए कहा था। अंजनी तिवारी ने ही उड़ीसा में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा गोपनीय तरीके से ट्रक में अवैध सूखा गांजा रखवाया गया तथा उसके ऊपर नारियल की रस्सी रख दी गई जिससे की रास्ते में किसी को शक ना हो। अंजनी तिवारी ने बताया कि गांजा को महोबा में कहां पहुंचाना है यह बाद में फोन करके बताएगा। यह कार्य करने के लिए अंजनी तिवारी ने मुझे 03 लाख रुपए देने के कहा जा। अवैध सूखे गांजे में इतना फायदा देखकर मै (चन्दन चालक) मेरा कन्डक्टर रईस जो कानपुर का रहने वाला है दोनों लोगों ने अपने लिए भी 50-50 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा रख लिया।रास्ते में कन्डक्टर रईस सासाराम बिहार में गाड़ी से उतरकर कहीं चला गया।इस गाड़ी में 701 किलोग्राम गांजा अंजनी तिवारी का तथा 100 किलोग्राम गांजा मेरा (चन्दन) तथा मेरे कंडक्टर साथी रईस का है। पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है तथा इस क्रम में विस्तृत जांच की जा रही है कि अभियुक्तों के द्वारा किसके माध्यम से गांजे की खरीद/बिक्री की जाती थी और इनके द्वारा कहां-कहां सप्लाई किया जाता था।इस सम्बन्ध में इनकी पूरी चेन का पता लगाकर इसमें शामिल सभी लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।बता दें कि मुख्य अभियुक्त अंजनी तिवारी को थाना जेवर जनपद गौतमबुद्ध नगर की पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में 07 कुन्तल अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया था। बरामद गांजा-08 कुन्तल 01 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा।,01 ट्रक (अवैध गांजे के परिवहन में प्रयुक्त), 05 हजार रुपए। **गिरफ्तार अभियुक्त** -चन्दन पुत्र मुन्नु लाल निवासी महमूदपुर थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर। फरार/वांछित अभियुक्त- अजंनी पुत्र शिवमोहन तिवारी निवासी थाना बबेरु, रईस पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात। **गिरफ्तार करने वाली टीम**- संदीप कुमार सिंह थानाध्यक्ष मटौध मय टीम, आनन्द कुमार प्रभारी एसओजी मय टीम।

# डीएम व एसपी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम-एसपी ने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में दीपावली मेले के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को डिवाइडर व सड़क किनारे की झाड़ियों की कटाई-छटाई व सफाई करवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि बेड़ी पुलिया से रामघाट तक सड़क के किनारे लोगों द्वारा रखे गए गिट्टी, बालू व ईटों को जेसीबी से उठाकर जब्त करने एवं जुर्माना वसूलने के बाद ही छोड़ने के निर्देश दिए। कहा कि मेले से पूर्व ही रोड पर फैले अतिक्रमण को हटाएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि भरतकूप से भरत मंदिर तक सड़क के गड्ढों को सही कराए, ताकि वहां से आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो। मोहरा पुल के बारे में जानकारी लेने पर अधिशासी अभियंता प्रयागराज ने बताया कि मेले से पूर्व तैयार हो जाएगा। शिवरामपुर पुलिया के सम्बन्ध में बताया कि इसके टेंडर के लिए भेजा गया है, अनुमति मिलने पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जिस पर डीएम ने कहा कि पुलिया पर बोरी का इंडीकेटर या ईटों से चुनाई कर दिया जाए एवं इंडिकेटर व साईनेज भी लगाए। कहा कि सभी मुख्य सड़कों के गड्ढों को सही कराएं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि मेले में लगाई जाने वाली बस, उनके ड्राइवर का नाम व मोबाइल नंबर तथा बस के फिटनेस आदि की सूची उपलब्ध कराएं। यातायात प्रभारी को निर्देशित किया कि आवश्यकता अनुसार बैरियर लगाए तथा ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर इंडिकेटर, शाइनेज व स्टॉपर आदि लगवाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा में डिवाइडर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। बताया कि कर्वी से लेकर भौरी तक बनाए गए डिवाइडर से सड़क दुर्घटनाओं में कमीं आई है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकार ट्रैफिक यामीन अहमद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आरपी सिंह, यात्री कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, यातायात प्रभारी ट्रैफिक शैलेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# साइबर अपराधों के नियंत्रण व रोकथाम हेतु पुलिस लाइन में सम्पन्न हुई विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । बांदा



अपर पुलिस महानिदेश प्रयागराज जोन प्रयागराज डॉ0 संजीव गुप्ता के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के नेतृत्व में दिन-प्रतिदिन बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में साइबर कमाण्डो उत्तम सिंह व शिवाकान्त मिश्रा द्वारा जनपद के समस्त थानों में तैनात साइबर हेल्प डेस्क व साइबर थाना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें फील्ड स्तर पर कार्यरत पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराधों की पहचान, जांच, निवारण एवं आमजन को जागरूक करने के विषय में जानकारी दी गई।साइबर अपराधों के नवीनतम प्रकार जैसे- ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, यूपीआई स्कैम, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल्स और फिशिंग ईमेल्स आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्राथमिक जाँच की विधियों-जैसे पीड़ित से सही जानकारी एकत्र करना, डिजिटल साक्ष्य को संरक्षित करना, आवश्यकतानुसार साइबर एक्सपर्ट्स की सहायता लेना आदि के बारे में भी बताया गया।साथ ही साइबर अपराध से बचाव हेतु आम जनता को जागरुक किए जाने हेतु साइबर सुरक्षा अभियान चलाने की रूप रेखा भी साझा करते हुए दिए जाने वाले सुझावों जैसे-अनजान लिंक पर क्लिक न करना, बैंकिंग जानकारी किसी से साझा करने, दो-स्तरीय सुरक्षा (Two-Factor Authentication) का प्रयोग करने, किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज के बारे में जानकारी दी गई।

# एड्स की रोकथाम के लिये रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

एच0आई0वी0/एड्स जान लेवा बीमारी की रोकथाम के लिये जिला क्षयरोग अधिकारी की अध्यक्षता में जिला अस्पताल से रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने शामिल होते हुये एच0आई0वी0, एड्स जागरूकता के नारे लगाये गये। जबकि रैली का समापन जिला क्षय रोग केन्द्र, हमीरपुर में किया गया। इसके बाद मेनस्ट्रीमिंग के तहत सरकारी और गैर सरकारी चिकित्सीय संस्थानों, स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को एच0आई0वी0 एड्स अधिनियम 2017 पर संवेदीकृत किये जाने के लिये एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन मीटिंग हाल में किया गया। मीटिंग में खासतौर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिनिधि ने एच0 आई0 वी0, एड्स अधिनियम 2017 के तहत जानकारी दी गयी। डा0 बी0 पी0 सिंह, नोडल अधिकारी, जिला एड्स नियन्त्रण ने एच0आई0वी0, एड्स से बचाव और इसके इलाज की जानकारी देते हुये मौजूद लोगों को जागरूक किया गया।

# जनपद की नवनियुक्त जिला जज अल्पना ने संभाला कार्यभार

जन एक्सप्रेस । बांदा



दिनांक 09अक्टूबर को अल्पना ने जनपद में जिला जज के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।उनके आगमन पर न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारियों द्वारा सर्किट हाउस में उनका उत्साहपूर्ण, गरिमामय और हार्दिक स्वागत किया गया। जिला जज के आगमन पर सर्किट हाउस में प्रथम बार गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन और स्वागत किया।

इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण में चंद्रपाल प्रथम अपर जिला जज, छोटेलाल विशेष न्यायाधीश आवश्यक वस्तु अधिनियम, प्रफुल्ल कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पवन सिंह तोमर सिविल जज जूनियर डिवीजन त्वरित, शुभांशु दास सिविल जज जूनियर डिवीजन त्वरित प्रथम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुन्नीलाल वर्मा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, मनोज कुमार प्रशासनिक अधिकारी,जितेंद्र कुमार प्रशासनिक सहायक, रोआब आलम अभिलेख अधीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर जिला जज का स्वागत और अभिनंदन किया।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने चलाया छापामार अभियान, संग्रहित किए खाद्य पदार्थों के नमूने

**चित्रकूट।** आगामी दीपावली मेले के दृष्टिगत जनपदवासियों को मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य विभाग की सुरक्षा टीम द्वारा जनपद में संचालित प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान अलग-अलग खाद्य पदार्थों के 14 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजा गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही करते हुए कुल 14 नमूने संग्रहित किए गए। जिनमें साबूदाना, दूध, पनीर, बर्फी, मूँगफली दाना, मक्खन, चाय, दाल, गेहूँ, आटा, क्रीम, बेसन के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जायेगी। छापामार कार्यवाही में उनके साथ, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रत्नाकर सिंह, विनय कुमार आदि शामिल रहे।

## दलित बस्ती की सड़कों पर विकास की चुप्पी

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी ब्लाक क्षेत्र के विलास बांगर गांव की दलित बस्ती में रास्ता न बनने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दलित बस्ती के मोगरी के घर से होकर गुजरने वाले रास्ते की हालत बेहद खराब है। बरसात या कम पानी के बाद यह रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे आए दिन स्कूली बच्चों सहित राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। हरिजन बस्ती के लोगों ने अपनी उपेक्षा और बदहाल रास्ते को लेकर विरोध जताया है। बस्ती के सैकड़ो परिवार लंबे समय से कीचड़ युक्त मार्ग और जल भराव के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लगातार बारिश से रास्ता घुटनों तक कीचड़ और पानी में डूबा रहता है, जिससे घरों तक पहुंचना भी दुश्वार हो गया है।

# वृद्धाश्रम में जायजे के दौरान मिली बड़ी खामियां

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर






उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के साथ ही जिला जज मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार वृद्धाश्रम हमीरपुर में मासिक निरीक्षण के साथ ही कानूनी जानकारी कैम्प का आयोजन महेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से किया गया। आयोजन में सहायक प्रबन्धक जीतेन्द्र सिंह परमार के साथ ही लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, चीफ आनंद कुमार सक्सेना, मौजूद रहे। कैम्प में करीब 85 महिला और पुरूष मौजूद रहे। जबकि सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बुजुर्गों के अधिकारो के बारे जानकारी दी। जबकि वृद्धा आश्रम में मौजूद बुजुर्गों ने बताया कि उनको पेंशन न मिलने के साथ ही चिकित्सा और पारिवारिक झगड़ों से जुड़ी परेशानियों का उन्हें सामना करना पड़ रहा है। जिसके निराकरण के लिये पी0एल0वी0 को सख्त हिदायत दी गई कि उनके प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के यहाँ पेश करें। ताकि बुजुर्गों की परेशानियों का निस्तारण हो सके। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में फर्श टूटी पाई गई। वॉश बेसिन साफ नहीं पाये गये, रसोई घर में लाइट के इंतज़ाम नही हैं, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स की दवाई एक्सपायर हो गई है। सहायक प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द सारे इंतिज़ाम ठीक कराये, साथ ही सभी दरवाजों में जाली लगवायें जिससे मच्छर से बचाव हो सके। जायजे के दौरान पाया गया कि बेसमेंट में पानी भर जाता है, साथ ही बुजुर्गों के उतरने की सीढ़ी सही नहीं है।

# गड्ढों में तब्दील हुआ सरैया-बोड़ी पोखरी मार्ग, आवागमन में भारी समस्या

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मानिकपुर क्षेत्र के सरैया-बोड़ी पोखरी मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग की कथित उदासीनता के कारण यह मार्ग जोखिम भरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत और चौड़ीकरण की मांग की है। मानिकपुर क्षेत्र की अधिकांश सड़कों की हालत खराब है, और सरैया-बोड़ी पोखरी मार्ग उनमें से एक है। यह सड़क कई सालों से बदहाल पड़ी है, जिस पर कई-कई फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों के कारण वाहनों का आवागमन तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। अगरहुंडा ग्राम पंचायत के प्रधान प्रदीप सिंह सिसौदिया ने बताया कि सड़क की स्थिति बेहद खराब है, अगरहुंडा में यह सड़क तालाब में बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। प्रधान ने बोड़ी पोखरी से सरैया मार्ग के चौड़ीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। ग्रामीण नौमी शंकर पाण्डेय, सोनू सिंह, शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. उमेश चंद्र पांडेय और संदीप सिंह शामिल हैं, ने कहा कि यह समझना मुश्किल है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। उन्होंने बताया कि पूर्व में चलाए गए एक अभियान में केवल आठ से दस गड्ढे भरकर खानापूर्ति की गई थी। सड़क खराब होने के कारण कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। सड़क की पटरियां तो पूरी तरह से गायब हो गई हैं। रात दिन भारी वाहन चलने से सड़क पूरी तरह से व्यस्त हो चुकी है। आक्रोशित ग्रामीणों ने सरकार से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

# तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बांदा



दिनांक 09अक्टूबर को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अवसर में आदरणीय मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विजेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विजय केसरवानी,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मुकेश पहाड़ी तथा डी0ए0बी0 इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य की उपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फीता काट कर तम्बाकू मुक्त युवा अभियान का शुभारम्भ किया गया। ये अभियान 60 दिनों तक चलता रहेगा जिसमें जनपद के समस्त विद्यालयों, इण्टर कॉलेज व डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी को तम्बाकू के सेवन व धूम्रपान से होने वाले कैंसर तथा अन्य कई गैर-संचारी बीमारियों तथा कोटपा अधिनियम-2003 के प्रति जागरूक किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विजेन्द्र सिंह जी ने अवगत कराया कि तम्बाकू से होने वाली बीमारियों का खतरा भयावह है। तम्बाकू का हर वर्ग में बढ़ता हुआ उपयोग एक महत्वपूर्ण जन स्वास्थ्य समस्या बन गया है। भारत में प्रतिवर्ष करीब 10 लाख लोग तम्बाकू के उपयोग के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते है एवं 5500 नए युवा प्रतिदिन तम्बाकू का उपयोग प्रारम्भ करते है। आज के परिदृश्य में तम्बाकू एक ऐसी समस्या है जिस पर चौतरफा दृष्टिकोण के साथ कार्य करने से ही सकारात्मक नतीजे प्राप्त हो सकते हैं। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति पर तम्बाकू का जितना गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है, उतना ही दुष्प्रभाव उसके आस-पास रहने वाले लोगों पर भी पड़ता है। जिसमें बुजुर्ग, बच्चे व महिलाएं शामिल हैं। तम्बाकू के उपयोग से कई घातक बीमारियां होती हैं जिसमें हृदय रोग, श्वसन रोग, मुख रोग व आहारनाल का कैंसर प्रमुखता से हैं। जिसके लिए सभी सरकारी विभागों एवं गैर सरकारी संस्थानों को समाज में आवश्यक जागरूकता फैलाने एवं तम्बाकू प्रयोग के रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। नोडल अधिकारी डा0 मुकेश पहाड़ी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार, वाणिज्य,उत्पादन,प्रदाय एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं का कियान्वयन एवं अनुपालन कराया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान करने वालों पर 200/- रु0 तक जुर्माना किया जा सकता है। किसी भी शैक्षिक संस्थानों की परिधि से 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिकी करने वालों पर 200/- रु0 तक का जुर्माना किया जा सकता है। तम्बाकू उत्पादों को विनिर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी के साथ ही बेचा जा सकता है, यदि तम्बाकू उत्पादों के पैकेज पर विनिर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी का उल्लेख नहीं है तो ऐसे दुकानदारों पर 5000/- रु0 से 10000/- रु0 तक का जुर्माना किया जा सकता है मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने समस्त छात्र-छात्राओं से नशे से दूर रहने की अपील की।

## श्रीमद्भावगत कथा के लिए निकाली कलश यात्रा



**चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के टिकरा टोला अटल नगर में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा निकालकर कर किया गया। पूरे नगर क्षेत्र में कलश यात्रा गाजे-बाजे व हाथी घोडों के साथ निकाली गयी, जो यमुना जल लेकर हनुमान मन्दिर, बाजार रोड, आनन्दी माता मन्दिर, यमुना रोड, शिवबाबा मन्दिर होते हुए कथा स्थल पहुंची। वृंदावन के कथा व्यास पं. आचार्य तरंग महराज ने बताया कि भागवत कथा 10 से 16 अक्टूबर तक चलेगी। इस मौके पर कथा के आयोजक राजनारायन द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, राजेश, संजय, रंजय, अनूप द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, अवधेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# समितियों पर खाद के लिए सदस्य बनना अनिवार्य

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

खरीफ बुवाई के दौरान खाद की किल्लत और कालाबाजारी की समस्या से निपटने के लिए योगी सरकार ने एक नई पहल की है। अब रबी सीजन में किसानों को सरकारी दरों पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से नया नियम लागू किया जा रहा है। जिसके तहत समितियों से खाद प्राप्त करने के लिए किसानों का सदस्य होना अनिवार्य होगा।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राजेंद्र कुमार ने बताया कि यूपी शासन के प्रमुख सचिव कृषि एवं निबंधक सहकारिता के आयुक्त के निर्देश पर अब समितियों पर बिना सदस्य बने एवं बिना फॉर्मर आईडी के किसी भी किसान को खाद नहीं मिल पाएगी। यह कदम सुनिश्चित करेगा की खाद केवल पंजीकृत और जरूरतमंद किसानों तक ही पहुंचे। यूपी सरकार ने बीते 12 सितंबर से 12 अक्टूबर तक महा सदस्यता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषकों को सहकारिता आंदोलन से जोड़ना है, जिससे वे सहकारी संस्थाओं के माध्यम से सस्ती दरों पर उर्वरक, बीज, ऋण एवं अन्य कृषि सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। 21 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी कृषक या अकृषक को अपने क्षेत्र की समिति का सदस्य बनना होगा। नए सदस्य बनने के लिए किसानों को 226 रुपए का शुल्क देना होगा। समिति का सदस्य बनने पर किसानों को केवल खाद ही नहीं बल्कि कई अन्य लाभ भी मिलेंगे।

# प्राधिकरण सचिव ने किया वन स्टॉप सेण्टर का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने गुरुवार को वन स्टाप सेण्टर गढ़ीवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं जानी तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संस्था में 03 बालिकायें उपस्थित पायी गयी। जिनमें से एक बालिका असम राज्य, दूसरी बिहार राज्य की तथा तीसरी जनपद चित्रकूट की है। संस्था प्रभारी ने बताया कि वन स्टॉप सेण्टर में पांच बालिकाओं के रहने की जगह है। प्राधिकरण सचिव ने संस्था में उपस्थित समस्त बालिकाओं से उनके खानपान व रहन-सहन की जानकारी ली, जिस पर बालिकाओं ने दिन के खाने में सिर्फ दाल चावल मिलनें की बात बतायी। साथ ही नास्ते में चाय न मिलने की बात बतायी।

इस पर प्राधिकरण सचिव ने संस्था प्रभारी को प्रतिदिन समय से बालिकाओं को चाय एवं मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्राधिकरण सचिव ने स्था में अनुरक्षित स्टाक रजिस्टर के सम्बन्ध में जानकारी मांगी, तो संस्था प्रभारी ने बताया कि स्टाक रजिस्टर जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय भेजा गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने गेट रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर, केश रजिस्टर व पुलिस स्टाफ रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें सभी प्रवृष्टियां पूर्ण पायी गयी। भण्डार गृह में अत्यन्त गन्दगी व चूहे पाए जाने पर प्राधिकरण सचिव ने संस्था प्रभारी को पर्याप्त साफ-सफाई तथा कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चयनित पैरालीगल वालेण्टियर्स विष्णुदत्त मिश्रा द्वारा अनुरक्षित किये जाने वाले पंजिकाओं तथा डायरी के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस मौके पर संस्था प्रभारी रंजीता द्विवेदी, परामर्शदाता अर्चना साहू, चैकीदार सुधा देवी, गार्ड विज्ञानचन्द्र आदि मौजूद रहे।

## विकास, सुरक्षा और आस्था का संगम बनेगा बुंदेलखंड

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन का शुभारंभ जालौन कालपी उरई के इतिहास के वर्णन से करते हुए कहा कि बुंदेलखंड का इतिहास गौरवशाली रहा है और भाजपा सरकार इसे उसका पुराना सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पंचनद के रूप में जालौन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि यहां से प्रदेश के किसानों और युवाओं के जीवन में नई रोशनी फैलेगी। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि बुंदेलखंड का कोई भी परिवार गरीबी, बेरोजगारी और पानी की कमी से न जूझे। डबल इंजन की सरकार विकास, सुरक्षा और आस्था का ऐसा संगम बना रही है, जो आने वाले समय में पूरे देश के लिए उदाहरण बनेगा। उरई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दौरा न केवल जनपद जालौन के लिए ऐतिहासिक रहा, बल्कि बुंदेलखंड की विकास यात्रा में एक नया मील का पत्थर भी साबित हुआ।

# पांच नदियों के महासंगम पर डैम बनाने का जल्द बनेगा प्रोजेक्ट : सीएम योगी

- सपा सरकार में एक जनपद एक माफिया पैदा हुए थे
- मुख्यमंत्री ने उरई में 1824 करोड़ की 305 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास किया
- पचनद परियोजना से जालौन की पानी समस्या होगी समाप्त

जन एक्सप्रेस। उरई



**जालौन।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनपद जालौन के उरई में एक भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए 1824 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जालौन अब पिछड़ेपन की परिभाषा नहीं, बल्कि विकास की नई पहचान बनने जा रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्व सरकारों पर तीखे हमले करते हुए कहा कि पहले प्रदेश में योजनाओं के धन का बंदरबांट होता था, अपराधी सत्ता का संरक्षण पाते थे, और जातिवाद की राजनीति के कारण समाज में विभाजन होता था। मुख्यमंत्री ने मंच से जनता को संबोधित करते हुए कहा 2017 से पहले प्रदेश में त्योहार आते ही दंगे भड़काए जाते थे। अराजकता, वसूली और गुंडागर्दी का माहौल था। लेकिन आज हमारी सरकार में कांवड़ियों और तीर्थयात्रियों पर फूल बरसाए जाते हैं। यह नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है, जो विकास, सुरक्षा और आस्था की भावना से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश में चल रही डबल इंजन सरकार प्रदेश को समृद्धि के नए युग में ले जा रही है। उन्होंने कहा कि जब सही नीयत वाली सरकार आती है, तो योजनाएं धरातल पर उतरती हैं और जनता को उनका लाभ मिलता है। योगी ने कहा डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। आज जालौन सहित बुंदेलखंड का हर गांव सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई की सुविधाओं से जुड़ रहा है।

### बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सपा का इतिहास जातिवाद, परिवारवाद और गुंडागर्दी से भरा रहा है। समाजवादी पार्टी लोगों को जातियों में बांटकर नफरत फैलाती थी। उनका मकसद विकास नहीं, वोट बैंक की राजनीति था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने समाज को एकता और समरसता के सूत्र में बांधने का काम किया है। बटेंगे तो कटेंगे, और अगर हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर कार्य किया है। आज उत्तर प्रदेश में किसी के साथ अन्याय नहीं होता। कानून का राज सर्वोपरि है।

### जो अत्याचार करेगा, उसकी पीढ़ियां याद रखेंगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी के साथ अत्याचार या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहाकृ जो भी किसी कमजोर या निर्दोष पर अत्याचार करेगा, वो याद रखे कि उसकी कई पीढ़ियां भी उसे याद करेंगी। अब उत्तर प्रदेश में किसी गुंडे-माफिया की जगह जेल में है, न कि सरकार में। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले अपराधियों के नाम से लोग भयभीत रहते थे। पुलिस पर हमले होते थे और अधिकारी विवश थे। लेकिन आज अपराधी स्वयं थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। प्रदेश में अपराध नियंत्रण के साथ निवेश का माहौल बना है।

### पहले वसूली के लिए निकलती थी चाचा-भतीजे की जोड़ी

मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि 2017 से पहले की सरकारों में चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकल पड़ती थी। प्रदेश में ठेकेदारी, ट्रांसफर पोस्टिंग और योजनाओं में घोटाले की राजनीति होती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इन सभी कुप्रथाओं पर पूर्णविराम लगाया है। योगी ने कहा कि कथित शांति के दूतों की असली जगह कहां है, यह डबल इंजन की सरकार ने दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपराधियों की 14 हजार करोड़ से अधिक की अवैध संपत्तियों को जब्त या ध्वस्त कराया है। यही कारण है कि आज प्रदेश में निवेशक सुरक्षित हैं और नौजवानों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

### जालौन में विकास की बुनियाद बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि जालौन जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के लिए कई नई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें प्रमुख रूप से मेडिकल कॉलेज के विस्तार, जिला अस्पताल में आधुनिक उपकरणों की स्थापना, नई सड़कों के निर्माण और विद्युत वितरण नेटवर्क को मजबूत करने की योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में प्रदेश में एक भी दिन बिजली का संकट नहीं हुआ। हर गांव तक बिजली पहुंच चुकी है। हर गरीब परिवार को घर, शौचालय और रसोई गैस उपलब्ध कराई गई है। अब कोई भी गरीब खुले में शौच जाने को मजबूर नहीं है और न ही कोई अंधेरे में जीवन व्यतीत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जालौन में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना तेज गति से चल रही है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और झांसी-खजुराहो नेशनल हाइवे के माध्यम से यहां का यातायात नेटवर्क भी देश के प्रमुख मार्गों से






















नगर पंचायत निघासन लखीमपुर खीरी

बधाई सन्देश

जन एक्सप्रेस के स्थापना दिवस
दशहरा, धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें।

इस अवसर पर हम नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करते है।

01. जल अमूल्य है इसकी बचत करें और बिना उपयोग नलों की टोंटिया खुली न छोडे।
02. सड़कों पर मवेशियों को न बांधे इससे सडकें खराब होती है।
03. कूड़ा सड़क पर न डालें उसको कूड़ेदान में डालकर नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।
04. नगर को स्वच्छ रखने के लिए डोर-टू डोर कूडा कलेक्शन में सहयोग दे। कूडे को नगर पंचायत सफाई कर्मी को ही दे कूडे को किसी भी दशा में नाली/नाले सड़क अथवा खुले स्थान में न फेकें और न ही जलायें, कूडा खुले में फेंकने से सड़क गन्दी होती है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
05. अपने पालतू पशुओं को आवारा न छोडे इससे नगरवासियों को परेशानी होती है।
06. पेड़-पौधों को नष्ट न करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधे जरूर लगायें।
07. समस्त प्रकार के पालीथीन बैंग तथा थर्माकोल से निर्मित समस्त उत्पादों का प्रयोग न करें। यह शासन द्वारा पूर्णत: प्रतिबन्धित है तथा इसका उत्पादन प्रयोग परिवहन तथा भण्डारण करना संज्ञेय अपराध है, पकड़े जाने पर जुर्माना/सजा अथवा दोनों तरह से दण्डित किया जा सकता है।
08. पालीथीन का प्रयोग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्णतया प्रतिबंधित है, कृपया इसका उपयोग न करें और न ही दुकानदारों से बिकी करें, निरीक्षण में पाये जाने पर जुर्माना एवं सजा भी निर्धारित हैं।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

समस्त
सभासदगण

अध्यक्ष
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

# स्वदेशी मेला: आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम, स्थानीय उत्पादों को मिलेगा प्रोत्साहन

जन एक्सप्रेस । अमेठी



पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज अमेठी में उ प्र इंटरनेशनल ट्रेड शो के अंतर्गत बृहस्पतिवार से स्वदेशी मेला शुरू हुआ।यह मेला प्रदेश सरकार की आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मेले में कौशल विकास मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण, उद्यान विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बैंक, आईटीआई, सेवायोजन खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा उद्योग विभाग सहित विभिन्न विभागों के सूचनात्मक एवं प्रदर्शन स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टालों के माध्यम से जन सामान्य को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही **वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट** योजना के अंतर्गत निर्मित उत्पादों तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई है। हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, वस्त्र, मिट्टी के बर्तन, अगरबत्ती, हर्बल उत्पाद और हस्त निर्मित वस्तुएं मेले की शोभा बढ़ा रही हैं। इसके अलावा मेले में स्थानीय स्वादों से भरपूर खान-पान स्टाल भी लगाए गए हैं, जो आगंतुकों को पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद प्रदान कर रहे हैं। उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि यह स्वदेशी मेला नौ अक्टूबर से अठ्ठारह अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है, कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेला स्थल पर पहुंचें, स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करें और दीपावली के शुभ अवसर पर अपने घरों को स्वदेशी उत्पादों से सजाएं। उन्होंने कहा कि **स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं** यही इस आयोजन का मूल संदेश है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन दस अक्टूबर को प्रातः दस बजे प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा किया जाएगा।

# विशाल भंडारे के साथ किया गया समारोह का समापन


जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में नव दुर्गे श्रृंगार समिति बड़ा पुल चौराहा के तत्वावधान में बुधवार की शाम विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। देर रात तक चले भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर की रात को भंडारे का शुभारंभ समिति के मुख्य संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह शिवाजी, संरक्षक शिव कुमार चौरसिया, अध्यक्ष भूपेन्द्र विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार साहू, संजय गुप्त व महामंत्री नीरज मोदनवाल ने मां भगवती की पूजा अर्चना करके किया। इसके पश्चात महामायी की आरती व भोग लगाकर भंडारा प्रारंभ हुआ। समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि 50 वें वार्षिकोत्सव के कारण भक्तों में भी काफी उत्साह को देखते हुए किसी भी भक्त को प्रसाद ग्रहण करने में दिक्कत न हो इसलिए महिला व पुरुष के अलग अलग कई स्टाल लगाये गए थे। दिव्यांग भक्तों के लिए अलग बैठने की भी व्यवस्था की गई थी। भंडारा देर रात तक चला जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस में तैयार सब्जी के पौधे का उठाएं लाभ

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर



जनपद के उद्यान विभाग द्वारा संचालित राजकीय पौधशाला सीहमई कारीरात, अकबरपुर (शिव बाबा के पीछे) में स्थापित मिनी सेन्टर आफ एक्सीलेंस के अन्तर्गत रवी मौसम में लगने वाले विभिन्न प्रकार के हाईब्रिड सब्जी पौध तैयार हो गये है। जैसे टमाटर, शिमलामिर्च, बैंगन गोल, बैंगन लम्बा, हरा मिर्च, लौकी, खीरा व नेनुआ (चिकनी तरोई) के पौध उपलब्ध है साथ ही फूलगोभी, पत्तागोभी, ब्रोकली व गेंदा फूल आदि के पौध भी उपलब्ध है। यह भी अवगत कराना है कि जो किसान स्वयं के बीज की बुआई करना चाहते है वो कृषक पौधशाला पर अपना बीज उपलब्ध कराकर विभाग द्वारा निर्धारित दर पर कम समय में नई तकनीक के माध्यम से रोग रहित पौध तैयार करवा सकते है। इच्छुक कृषक किसी भी दिवस में पौधशाला से पौध प्राप्त कर सकते है।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम ने कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

जनपद के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), समस्त टीम, तथा दोनों कार्यदायी संस्थाओं वेलस्पन/वैली के प्रोजेक्ट मैनेजर और संबंधित ब्लॉक हेड उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि आईजी आरएस पोर्टल पर 250 तथा जेएम हेल्पलाइन पोर्टल पर 415 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित हैं। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण हेतु एक माह का समय निर्धारित है और समय सीमा के भीतर निस्तारण की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पेयजल परियोजनाओं से संबंधित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा अन्य सभी शिकायतों का समाधान भी निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रथम सूची की लम्बित दो पेयजल परियोजनाओं में माधोपुर (कटेहरी) में प्रेशर की समस्या का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि घोषित पेयजल परियोजनाओं में जहाँ-जहाँ सड़कें टूटी हैं, वहाँ संबंधित फर्म जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में 571 परियोजनाओं के सापेक्ष केवल 177 का निर्माण अब तक किया गया है, जो संतोषजनक नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने दोनों फर्मों को निर्देशित किया कि मैनपॉवर बढ़ाकर परियोजनाओं के निर्माण कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

## रोके गए बाल विवाह में शामिल बालिकाओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विवाह को न-चैंपियंस का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रोके गए बाल विवाह में शामिल बालिकाओं का सम्मान एवं उनके सामने आई चुनौतियों पर चर्चा-परिचर्चा की गई। सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाने वाले चौंपियंस को सम्मानित करना। जिन्होंने अपने समुदाय, विद्यालय का पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाकर बाल विवाह को रोकने का कार्य किया है। कार्यक्रम में सेल्फ कॉलर बालिकाओं को सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष पूनम सिंह सदस्य मिलिंद द्विवेदी, बाल संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल और डीएमसी शेफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, वन स्टॉप सेंटर से सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति, काउंसलर श्रद्धा सिंह, सुरेश कश्यप एवं समस्त थाने से बाल कल्याण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने 10 दिवसीय यू0पी0 ट्रेड शो (स्वदेशी मेला)-2025 का फीता काटकर किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उ0प्र0 सरकार कपिलदेव अग्रवाल द्वारा जी0आई0सी0 मैदान में आयोजित (09-18 अक्टूबर) 10 दिवसीय चलने वाले यू0पी0 ट्रेड शो (स्वदेशी मेला)-2025 का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा मेला में विभिन्न विभागों व समूहों द्वारा लगाए गए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया गया। मा0 मंत्री जी ने 05 बच्चों को अन्नप्राशन व राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अन्तर्गत 05 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गयी। इस अवसर पर मा0 विधायक ऊंचाहार मनोज कुमार पांडेय, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी उपस्थित रहें।

इसके उपरान्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, पी0एम0जी0जी0आई0 सी0 विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गयी तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के 05 लाभार्थियों को 05-05 लाख रुपये के डमी चेक वितरित किये गये एवं पी0एम0 विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत 01 महिला लाभार्थी को सिलाई मशीन प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित यू0पी0 इण्टरनेशनल टेऊ्ड शो 2025 की सफलता के पश्चात मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के प्रत्येक जनपद में यू0पी0 ट्रेड शो-2025 (स्वदेशी मेला) आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में आज जनपद में इस मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस स्वदेशी मेले का उद्देश्य हस्तशिल्पियों, कारीगरों/उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों को विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी का अवसर प्राप्त हो और स्वदेशी वस्तुए लोगों के घर तक पहुचें।

उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी व मा0 मुख्यमंत्री जी ने अपने कार्यकाल में देश व प्रदेश को विकास की गति देने का कार्य किया हर क्षेत्र व हर वर्ग के लिये अनेको कार्य किये गये है, इसी प्रकार एक जनपद- एक उत्पाद को बढ़ावा देने व उनको प्रात्साहित करने, संरक्षित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को संरक्षित प्रोत्साहित करने का कार्य सरकार कर रही है। विकास के लिये आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है, सरकार मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने रही है। कार्यक्रम का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, पीडी डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## ई-रिक्शा से टकराकर बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में मंगलवार शाम दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसे की खबर से परिजनों में रोना-पीटना मच गया। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के पूरे निरही मजरे कंदरावा गांव निवासी पवन कुमार मौर्य (22) खेती करते थे। उनकी मां ज्ञानवती बीमार चल रही हैं। प्रतापगढ़ के मानिकपुर के एक निजी अस्पताल में ज्ञानवती का इलाज चल रहा है। मंगलवार की शाम पवन जगतपुर थाना क्षेत्र के राठौरन का पुरवा मजरे थुलरई निवासी दोस्त अमन (17) के साथ बाइक से मां को भोजन देने अस्पताल जा रहे थे। मानिकपुर के पास बाइक ई-रिक्शा से आमने-सामने टकरा गई। इससे पवन और उनका साथी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे पहले कि आसपास के लोग दोनों को अस्पताल पहुंचाते, उनकी मौत हो गई।

# हुमन बनी एक दिन की जीआरपी थानाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से थाना जीआरपी पर एक विशेष पहल की गई। इस अवसर पर न्यू स्टैण्डर्ड बालिका बिद्या मन्दिर सुपर मार्केट की कक्षा 12 की छात्रा हुमन को एक दिन के लिए थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी। हुमन ने थानाध्यक्ष सचिन पटेल के साथ सबसे पहले रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया।

इस दौरान रेलवे ट्रैक व परिसर में गंदगी को देख एक दिन की थानेदार ने संबंधित सफाईकर्मियों को साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। थाने पहुंचने के बाद अधीनस्थों से परिचय लेने के साथ ही विभागीय कार्य के बारे में जानकारी ली। थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठकर छात्रा ने थाना कार्यालय व महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया, आने वाले आगंतुकों की समस्याएं सुनीं तथा पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान बालिका ने महिला सुरक्षा से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ संवाद स्थापित किया।जीआरपी थानाध्यक्ष सचिन पटेल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में पुलिस तंत्र के प्रति विश्वास उत्पन्न करते हुए पुलिस विभाग के कार्यों से अवगत कराना एवं उन्हें समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है।इस मौके पर पुलिसकर्मी, विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## वंदे भारत ट्रेन पर नहीं थम रही पथराव की घटना, फिर से चटका कोच का शीशा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आए दिन हो रही इन घटनाओं से ट्रेन को तो क्षति हो रही है, लेकिन उससे कहीं अधिक ये ट्रेन की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगा रही हैं। कारण कुछ भी हो, लेकिन हकीकत यह भी है कि अराजकतत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं और जिम्मेदार ट्रेन की सुरक्षा में फेल साबित हो रहे हैं। जबकि ग्रामीणों को जागरूक करने की कोशिश आरपीएफ के साथ में जीआरपी द्वारा बराबर की जा रही है। इसके बावजूद पत्थर बाजी की घटना रुक नहीं रही है। लगातार हो रही घटनाओं ने आरपीएफ के जागरूकता अभियान पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बुधवार को फिर से ट्रेन पर पत्थरबाजी की गई, जिसमे कोच का एक शीशा चटक गया। मामले में ऊंचाहार आरपीएफ ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोरखपुर से प्रयागराज जाते समय सवैयाधनी रेलवे क्रासिंग के पास अज्ञात लोगों ने ट्रेन पर पत्थरबाजी कर दी। इससे कोच संख्या सी 14 का शीशा चटक गया। आरपीएफ प्रभारी ऊंचाहार एसके सिंह ने बताया कि लोको पायलट से मिली सूचना के आधार पर मुकदमा लिखा गया है। गोरखपुर से सीसी फुटेज मंगाई जा रही है। उसके आधार पर आरोपियों की तलाश की जाएगी। एक यात्री ने इसकी सूचना ट्रेन में मौजूद रेलकर्मी को दी। जिसके बाद जानकारी मिलने पर विभाग में हड़कंप मच गया। ऊंचाहार आरपीएफ प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# आईजीआरएस रैंकिंग में जिले को मिला प्रदेश में दूसरा स्थान

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

सितंबर माह की आइजीआरएस रैंकिंग में जिले को पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि शासन की विशेष प्राथमिकता जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जिला प्रशासन की सक्रियता, अधिकारियों की जवाबदेही एवं बेहतर प्रयासों से जनपद का आईजीआरएस रैंकिंग लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी हैं। सितंबर माह की आईजीआरएस रैंकिंग में पूरे प्रदेश में जनपद को द्वितीय स्थान मिला हैं। कोई अगर बात करें अगर इस्तेमाल के रैंकिंग की तो इसमें जिले को पहला स्थान प्राप्त हुआ था। बताते चलें कि जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है। डीएम द्वारा प्रतिदिन आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा की जाती है एवं शिकायतकर्ताओं से शिकायत की वास्तविक निस्तारण का फीडबैक भी लिया जाता हैं तथा इस संबंध में निरंतर संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि आईजीआरएस पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जिला प्रशासन की पूरी टीम के बेहतर प्रयासों के परिणामस्वरूप जनपद को निरंतर अच्छी रैंक मिली हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन स्वयं आईजीआरएस पोर्टल को देखें तथा शिकायतों का भौतिक सत्यापन, शिकायतकर्ता से वार्ता करते हुए शिकायतों/समस्याओं को विशेष प्राथमिकता पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

## गुरु गोरखनाथ रेलवे स्टेशन पर पेयजल की असुविधा

**तिलोई, अमेठी।** तिलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुरु गोरखनाथ रेलवे स्टेशन (जायस) पर यात्रियों को पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन पर लगाए गए अधिकतर नल और टोटियां लंबे समय से खराब पड़ी हैं, जिससे यात्रियों को गर्मी और उमस के मौसम में भीषण परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के कैरियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल एवं आइसेक्ट भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को महाविद्यालय में कौशल विकास एवं करियर काउंसलिंग का प्रोग्राम आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय के नेतृत्व में आइसेक्ट के रीजनल मैनेजर अमित पांडेय एवं महाविद्यालय के कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय के सहयोग से महाविद्यालय के सैकड़ो विद्यार्थियों को चैट gpt, gemini, मेटा पर AI टूल्स का सही उपयोग करते हुए इसको अपने पढ़ाई एवं कौशल विकास में कैसे प्रयुक्त किया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा हुई द्य विद्यार्थियों को चैट gpt का उपयोग करते हुए एक्सेल फाइल बनाना, PPT बनाना, एप्लीकेशन लिखना तथा पढ़ाई लिखाई में प्रयुक्त होने वाले कॉन्टेन्ट को जनरेट करने की कला सिखाई गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के 150 अधिक छात्र छात्रों के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ प्रखर त्रिपाठी, डॉ स्वदेश भट्ट एवं डॉ बी एल गुप्ता सहित कई प्राध्यापक पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो जे पी पांडेय के नेतृत्व में आईसेक्ट और एम एल के पीजी कॉलेज के बीच एमओयू साइन किया गया। भविष्य में इसका उपयोग स्किल डेवलपमेंट और प्लेसमेंट के विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने में किया जाएगा जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे।

## दिशा बैठक में शिक्षा और बुनियादी ढांचे को लेकर जनहित में लिए गए अहम फैसले



**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में शिक्षा, आधारभूत संरचना और जनसुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। सांसद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमेठी के सभी प्राथमिक विद्यालयों में जहां अब तक बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां तत्काल विद्युत सुविधा सुनिश्चित की जाए।साथ ही जिन विद्यालय परिसरों के आसपास हाई टेंशन लाइनें गुजर रही हैं, उन्हें बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत शीघ्र हटाया जाय। उन्होंने क्षेत्र की खराब सड़कों की मरम्मत और सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई पर भी विशेष बल दिया। सांसद ने कहा कि यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ परिवेश मिल सके। शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए बुनियादी सुविधाओं का सशक्त होना जरूरी है। यह सिर्फ विकास नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। उन्होंने बताया कि जिले के समग्र विकास के लिए अन्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरंतरसमन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। विकास योजनाओं में जन भागीदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे हर नागरिक को लाभ मिल सके। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र सिंह, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, सुरेश पासी सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत 104 मनचले गिरफ्तार,1036 को मिली चेतावनी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण में रायबरेली पुलिस शोहदों से सख्ती से निपट रही है। स्कूल के आसपास छात्राओं, महिलाओं से छेड़छाड़, छीटाकशी करने वालों की अब खैर नहीं हैं। जिले की पुलिस बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक्शन मोड में है। इस अभियान के तहत 104 शोहदों को गिरफ्तार किया जा चुका है तो वहीं 1036 लोगों को चेतावनी दी गई है। इस अभियान के तहत यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों पर भी सख्त कार्रवाई हुई है।

इस सख्ती ने छात्राओं और अभिभावकों को जहां राहत दी है, वहीं सोशल मीडिया पर भी अभियान को सराहना मिल रही है। जिले भर में मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक्शन मोड अपनाया है। एसपी डॉ. यशवीर सिंह और एएसपी संजीव सिन्हा की सीधी निगरानी में जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति टीम लगातार अभियान चला रही है। मिशन शक्ति अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया किसार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के पास मंडराने वाले 104 शोहदों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं 1036 लोगों को चेतावनी दी गई है, जिनमें कई के अभिभावकों को बुलाकर समझाया भी गया है। इसके अलावा 44 आरोपियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। इस अभियान में वाहन चेकिंग भी की गई।जिसमें 44 वाहन सीज किए गए। वहीं 299 कारों से काली फिल्म हटाई गई व 107 वाहनों से हूटर निकाले गए और गलत नंबर प्लेट वाले 936 वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया गया। 577 गाड़ियों से जातिसूचक और शासकीय शब्द लिखावट हटवाई गई। एएसपी ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को कहीं भी अगर यह महसूस हो कि सुरक्षा में खतरा है तो फौरन पुलिस को सूचना दें। हर थानों की मिशन शक्ति की टीम है।

पुलिस पूरी बात सुन कर प्रभावी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत जिले की पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर शून्य सहिष्णुता के साथ काम कर रही है। पुलिस टीम का प्रयास है कि जिले की बहन-बेटियां निर्भीक होकर आगे बढ़ें और वातावरण पूरी तरह सुरक्षित बनाया जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन "खुली" ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है- **ई निविदा संख्याः-** NER-LJN-2025-164, **कार्य का नामः-** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः ट्रेनों के सुचारू रखरखाव/संचालन के लिए स्टेशनों पर ड्रेन कवर का प्रावधान। (गोरखपुर, लखनऊ जं. और ऐशबाग), **अनुमानित लागत (रु):-** 37309482.96, **अग्रिम धन (रु):-** 336600.00, **समापन अवधिः-** 06 माह, 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-164 के लिये ई-निविदा दिनांक 30.10.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।, 2. उपरोक्त ई निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियर
लखनऊ

मुजाधि/डब्लू-284

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस @janexpressnews janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper janexpresslive
लखनऊ, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025




**पीलीभीत में भव्य स्वदेशी मेला-2025 का...**

ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को स्वदेशी मेला-2025 का शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्यमंत्री और जनपद प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत... पढ़ें पेज 07 पर...

# कर सुधार केवल आंकड़ों का खेल नहीं

## टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल में 'नए आयकर अधिनियम 2025' पर विशेष व्याख्यान

- डॉ. विक्रम करूणा बोले, कर सुधारों के 'क्यों' को समझना, 'क्या' जानने जितना ही जरूरी
- डीन प्रो. सी.पी. सिंह ने 12 लाख की सार्वभौमिक कर छूट की सिफारिश की
- इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने पूछे कर अनुपालन व नीति से जुड़े सवाल



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ के तत्वावधान में स्थित टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल ने 'नए आयकर अधिनियम 2025' की विशेषताओं पर एक विचारोत्तेजक और जानकारीपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया। इस आयोजन ने नई कर व्यवस्था को लेकर छात्रों, अधिवक्ताओं और शैक्षणिकजगत के बीच गहन संवाद का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के सहायक प्रोफेसर डॉ. विक्रम करूणा ने बतौर मुख्य वक्ता सहभागिता की। उन्होंने भारत सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई नई कर नीति के रणनीतिक और दीर्घकालिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

> कर सुधारों के पीछे का 'क्यों' समझना, उसके 'क्या' को जानने जितना ही जरूरी है। यह व्यवस्था केवल आंकड़ों की बाजीगरी नहीं, बल्कि कर अनुपालन को सरल बनाने और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का माध्यम है।
> -डॉ. करूणा, मुख्य वक्ता

### वास्तविक नीति से शिक्षा का जुड़ाव

कार्यक्रम के अंत में आयोजित इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों और संकाय सदस्यों ने नए कर स्लैब, छूट की जटिलताएं, अनुपालन के नियमों और भारत की आगामी वित्तीय नीति से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। चर्चा में यह बात उभरकर आई कि नई कर नीति का प्रभाव केवल वित्तीय क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि यह देश की सामाजिक-आर्थिक संरचना को भी प्रभावित करता है। यह व्याख्यान टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल की उस सोच का प्रतिबिंब था, जिसके तहत वह शैक्षणिक परिवेश को वास्तविक नीति-निर्माण प्रक्रिया से जोड़ते हुए, छात्रों को जागरूक नागरिक और नीति-निर्माण में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करता है।मुख्य वक्ता डॉ. विक्रम करूणा का स्वागत 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत चयनित स्टूडेंट डीन ऑफ़ द वीक, मिस तान्या मिश्रा द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन एडिशनल डीन ऑफ द वीक, मिस श्रेया केसरी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर उपेंद्रनाथ तिवारी, डॉ. शिप्रा मिश्रा, डॉ. अन्नपूर्णा त्रिवेदी, डॉ. प्रतीक त्रिपाठी, श्री शंभू नाथ मिश्रा एवं डॉ. श्रद्धा शुक्ला भी उपस्थित रहे।

### सार्वभौमिक कर छूट की मांग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल के डीन, प्रो. डॉ. सी.पी. सिंह ने नागरिकों के अनुकूल और समावेशी कर नीति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने 12 लाख तक की सार्वभौमिक कर छूट सीमा की सिफारिश की, जिसे सुनकर छात्र-छात्राओं और अन्य प्रतिभागियों में इस विषय को लेकर उत्साह और चर्चा का माहौल बना।

# जमीन विवाद में ताबड़तोड़ फायरिंग तीन को लगी गोली, एक सिर फूटा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में चिनहट के मल्हौर इलाके एमिटी विश्वविद्यालय के पास बुधवार देर रात को जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। पहले जमकर गाली-गलौज और मारपीट हुई। इसके बाद एक पक्ष की तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। गोली लगने से तीन सगे भाई घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति का सिर फट गया। सभी घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए घटना में इस्तेमाल की गई एक लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद की है।

### दो पक्षों में चल रहा था विवाद

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मल्हौर निवासी प्रॉपर्टी जियाउल हक और सरताज हुसैन के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार आधी रात दोनों के पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों तरफ से लोग आमने- सामने आ गए। दोनों तरफ से जमकर गाली-गलौज हुई और लाठी-डंडे व ईंट- पत्थर चलने लगे। आरोप है कि इस बीच सरताज पक्ष की तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। गोली जियाउल के बेटा सलमान के हाथ, फैज के सीने और साद के सिर पर लगी। वहीं, पथराव में सरताज घायल हो गया। सूचना पर पहुंची चिनहट पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। इस मामले में जियाउल के भतीजे मल्हौर निवासी मो. सैफ ने सरताज हुसैन, अभय सिंह यादव, जमीर, इंतजार, शानू, अमित राय, शुएब और अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि नामजद आरोपी इटावा निवासी अभय सिंह यादव और मऊ निवासी अमित राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। फायरिंग में प्रयोग की गई सरताज की लाइसेंसी रिवाल्वर भी पुलिस को आरोपियों के पास से मिली है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। नामजद आरोपी सरताज अस्पताल में भर्ती है। गिरफ्तार अभय और अमित आरोपी प्रॉपर्टी डीलर सरताज के साथी हैं। पुलिस उनका आपराधिक इतिहास पता लगा रही है।

### 36 सेकंड का वीडियो सामने आया

दोनों पक्षों के बीच आधी रात को हुए संघर्ष का 36 सेकंड का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कैसे दोनों पक्षों के बीच पहले गाली-गलौज और फिर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इस फायरिंग से पूरी इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद तनाव को देखते हुए इलाके में पुलिस को तैनात किया गया है।

### डीवीआर लूटने का भी लगा आरोप

शिकायतकर्ता मो. सैफ ने आरोपियों पर फायरिंग के बाद घायलों का मोबाइल फोन और फूफा जियाउल के दफ्तर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी लूटकर ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं इंस्पेक्टर चिनहट ने लूट के आरोप को गलत बताया है।

### एक हफ्ते से चल रहा था विवाद

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि छानबीन में इस बात का पता चला है कि जियाउल और सरताज हुसैन के बीच मल्हौर इलाके में एक जमीन को लेकर एक हफ्ते पहले भी मारपीट हुई थी। इसके बाद दोनों पक्ष कोर्ट चले गए थे और कोर्ट ने जमीन पर निर्माण को लेकर स्टे लगा दिया था।

# मायावती का नौ साल बाद शक्ति प्रदर्शन

## बोलीं, बसपा सरकार बनने पर सभी कानूनों को बदल देंगे



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में बसपा सुप्रीमो मायावती ने नौ साल बाद शक्ति प्रदर्शन किया। इस रैली में लाखों से संख्या में प्रदेश भर से कार्यकर्ता पहुंचे। उन्होंने मंच से कहा, प्रदेश में बसपा की सरकार बनने पर उन सभी कानूनों को बदल दिया जाएगा जो कि दलितों-पिछड़ों के खिलाफ हैं। राज्य में %सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय% की सोच वाली सरकार बनेगी। लोगों को अपनी रोजी-रोटी के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। इस रैली में अन्य दलों की तरह पैसे देकर लोग नहीं बुलाए गए हैं। बल्कि अपनी खून-पसीने की कमाई खर्च कर आए हैं। इस दौरान पार्टी नेता आकाश आनंद की तारीफ करते हुए कहा कि आकाश बसपा का जनाधार बढ़ाने के लिए मेरे दिशा निर्देशन में लगातार प्रयास कर रहे हैं। ये अच्छी बात है। जिसके कारण बसपा के समर्थकों का भी उन्हें पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने समर्थकों से हर परिस्थिति में आकाश आनंद का समर्थन करने की अपील की।

### वादा किया कि वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगी

मायावती ने कहा, इस रैली ने यहां पर हुई पहले सभी रैलियों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे लगता है कि 2027 में यूपी में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से बसपा की सरकार बनेगी। उन्होंने वादा किया कि वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। जातिवादी दल संविधान को बदलने की कोशिश करते रहते हैं। लेकिन, हम ऐसा नहीं करने देंगे। भले ही इसके लिए कितना भी संघर्ष करना पड़े। बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो बाबा साहेब के संविधान को सुरक्षित रख सकती है। बसपा समर्थकों को बूथ स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं कर बसपा के यूपी में चार बार रहे शासनकाल की उपलब्धियों को बताना है।

### बसपा अकेले ही मैदान में उतरेगी

मायावती ने कहा, यूपी में बसपा अकेले ही चुनावी मैदान में उतरेगी। क्योंकि, गठबंधन करने पर बसपा का वोट तो सहयोगी दलों को मिल जाता है। बसपा को उनका वोट नहीं मिलता है। बसपा ने यूपी में जब भी गठबंधन की सरकार बनाई तो सरकार कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। पहले ही गिर गई। इसलिए बसपा ने 2027 में भी अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। 2007 में यूपी में पूर्ण बहुमत की बसपा की सरकार आने के बाद जातिवादी पार्टियों कांग्रेस, भाजपा व सपा ने षडयंत्र किया। बसपा को केंद्र की सत्ता तक नहीं पहुंचने दिया। रही सही कसर ईवीएम की मदद ली। जबकि बैलेट पेपर से चुनाव हो सकते हैं। इन दलों ने अब दलित वोटों को बांटने के लिए बिकाऊ लोगों को खरीदकर बसपा को कमजोर करने की साजिश कर रही हैं।

### सपा-कांग्रेस और भाजपा ने पदोन्नति में आरक्षण का विरोध किया

मायावती ने कहा, इन दिनों कुछ लोग एक दूसरे के धर्म पर टिप्पणी कर बवाल कर रहे हैं। ऐसे मामलों में हमें बाबा साहेब के संविधान को मानते हुए सभी के धर्मों का सम्मान करना चाहिए। इसकी आड़ में राजनीति नहीं करनी चाहिए। सपा-कांग्रेस और भाजपा ने पदोन्नति में आरक्षण का विरोध किया। दलितों व पिछड़ों को उनका हक नहीं दिया। सपा ने तो सदन में पदोन्नति में आरक्षण का बिल तक फाड़ दिया था। इन वर्गों के लोगों के साथ अन्याय हुआ। इन सभी दलों में आरक्षण का विरोध किया।

### कांग्रेस ने देश में इमर्जेंसी लगाकर बाबासाहेब के संविधान का अपमान किया

मायावती ने कहा, कांग्रेस ने देश में इमर्जेंसी लगाकर बाबासाहेब के संविधान का अपमान किया था। कभी भी उनका सम्मान नहीं किया। अब कांग्रेस के लोग हाथ में संविधान की कापी लेकर नाटकबाजी कर रहे हैं। इसी तरह सपा की सरकार में दलितों-पिछड़ों का उत्पीड़न हुआ है। इससे प्रदेश की कानून व्यवस्था भी चरमरा गई थी। सपा सरकार में गुंडों और अराजकतत्वों को संरक्षण दिया है। अभी मैंने सुना कि अखिलेश यादव ने सत्ता में आने पर कांशीराम का स्मारक बनाने की बात कही। लेकिन, जब सत्ता में थे तो कभी ऐसा नहीं किया। ये लोग जब सत्ता में नहीं होते हैं तो इन्हें बसपा के नेता और दलित समाज के संतों की याद आती है। जब सत्ता में आते हैं तो कुछ नहीं याद रहता है। ऐसे दोगले लोगों से सावधान रहना चाहिए। बसपा की सरकार रहते हुए मैंने जिन स्मारकों का नाम कांशीराम जी के नाम पर रखा उन्हें सपा की सरकार आने पर बदल दिया गया।

### योगी सरकार का भी आभार जताया

मायावती ने पार्टी संस्थापक कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने बड़ी संख्या में आए हुए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मायावती ने कहा, बसपा सरकार में कांशीराम के सम्मान में स्मारक स्थल बनाया गया था। उन्होंने योगी सरकार का भी आभार जताया और कहा कि स्मारक के देखने आने वालों की टिकट से आया पैसा इस सरकार ने सपा की सरकार की तरह टिकट का पैसा दबाकर नहीं रखा। भाजपा सरकार ने ऐसा नहीं किया बल्कि स्मारक के रखरखाव के लिए खर्च किया।

# अखिलेश यादव ने स्मारकों के रखरखाव का पैसा दबाने के आरोप पर दिया जवाब, बोले, नेताजी ने सहयोग किया



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- भाजपा राज में स्मारकों के पत्थर काले पड़ गए हैं क्योंकि अब इसकी देखभाल ठीक से नहीं हो रही है: अखिलेश यादव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमने लखनऊ विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया था कि लखनऊ में बने कांशीराम स्मारक की देखभाल करें। वहां पर लगे पेड़ सूख गए थे तो दूसरे पेड़ लगवाए। उन्होंने कहा कि कांशीराम स्थल में लगे खजूर के पेड़ सूख गए थे तो हमने क्रोशिया लगवाया था। भाजपा राज में स्मारकों के पत्थर काले पड़ गए हैं क्योंकि अब इसकी देखभाल ठीक से नहीं हो रही है। अखिलेश यादव सपा मुख्यालय में मीडिया के सामने बसपा सुप्रीमो मायावती के आरोपों का जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि सपा सरकार ने स्मारक के रखरखाव के लिए टिकट से आए पैसे दबा लिए और कांशीराम जी के नाम पर बने स्मारक की ठीक से देखभाल नहीं की और अब पीडीए की बात कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते रहेंगे। नेताजी ने कांशीराम जी का सहयोग किया था और इटावा से सांसद बनने में उनकी मदद की थी। उन्होंने कहा कि 2027 में यूपी में सपा की सरकार बनेगी और भाजपा की विदाई होगी।

### विधान परिषद चुनाव के लिए सपा ने घोषित किए प्रत्याशी, लखनऊ से कान्ति सिंह को बनाया प्रत्याशी

विधान परिषद शिक्षक और स्नातक चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। पांच प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है, जिसमें से यूपी विधान परिषद शिक्षक चुनाव के लिए दो और स्नातक चुनाव के तीन उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। लखनऊ खंड से कान्ति सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है।

# माँ भगवती ज्वैलर्स पर गंभीर आरोप: 22 कैरट बताकर बेचा 16.9 कैरट का सोना, ग्राहक के साथ खुली धोखाधड़ी




- ग्राहक की मेहनत की कमाई पर चला 'सोने' का चुना, 22 कैरट की जगह निकला 16.9 कैरट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी के राजाजीपुरम स्थित माँ भगवती ज्वैलर्स एण्ड बैंकर्स पर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक ग्राहक ने आरोप लगाया है कि दुकान ने दस वर्ष पूर्व उसे 22 कैरट का सोना बताकर मात्र 16.9 कैरट का सोना बेचा। जब ग्राहक हाल ही में उसी सोने को दूसरी दुकानों पर बेचने गया, तो दुकानदारों ने लेने से साफ़ इंकार कर दिया। जांच कराने पर सच्चाई सामने आई तो ग्राहक के पैरों तले ज़मीन खिसक गई – पूरा पाँच कैरट और दस प्वाइंट सोना कम निकला। ग्राहक का कहना है कि उसने उस वक्त दुकान पर पूरा भरोसा करते हुए लेन-देन किया था। लेकिन अब उसे लग रहा है कि यह एक सुनियोजित ठगी थी, जिसमें आम उपभोक्ता को जानबूझकर फंसाया गया।

### स्वास्तिक टंच लैब में खुला बड़ा फर्जीवाड़ा

ग्राहक ने जब सोने की जांच स्वास्तिक टंच कम्प्यूटराइज्ड एक्सरे गोल्ड टेस्टिंग, छोटा चौराहा, सहादतगंज में कराई तो रिपोर्ट में साफ़ लिखा आया कि सोना मात्र 16.9 कैरट का है। इसके बाद ग्राहक सीधे माँ भगवती ज्वैलर्स पहुंचा और दुकानदार से जवाब मांगा, तो उसने उल्टे धमकी और अभद्रता पर उतर आया। ग्राहक के अनुसार, दुकानदार ने कहा – ÷तीस हजार रुपये लेना हो तो ले लो, नहीं तो जहाँ शिकायत करनी है कर लो, सब जगह मेरा ही बोलबाला है।÷ यह सुनकर ग्राहक स्तब्ध रह गया कि एक प्रतिष्ठित ज्वैलर्स इस तरह ग्राहकों से बदसलूकी कर सकता है। अब सवाल उठता है कि क्या ऐसे दुकानदारों के हौसले प्रशासन की चुप्पी से बुलंद हैं?

### पुलिस कार्रवाई से भी निराश हुआ ग्राहक 112 पर दी सूचना पर नहीं हुई तत्परता

ठगी का एहसास होते ही ग्राहक ने मामले की शिकायत पुलिस हेल्पलाइन 112 नंबर पर की और पूरी घटना बताई। लेकिन, पुलिस की सुस्ती और उदासीनता ने ग्राहक को और निराश कर दिया। तत्काल कोई कार्रवाई न होने से ग्राहक मायूस होकर घर लौट आया और न्याय की उम्मीद पर सवाल उठ गया। पीड़ित का कहना है कि उसने सोचा था पुलिस उसकी मदद करेगी, लेकिन वहां भी सिर्फ़ औपचारिकता निभाई गई। लखनऊ पुलिस की ढिलाई ने इस प्रकरण को और संदेहास्पद बना दिया है, क्योंकि मामला साफ़ तौर पर उपभोक्ता ठगी का है, जिसमें कार्रवाई टलती जा रही है।

### पहले भी चैन बेचने में की गई मनमानी, मजबूरी का उठाया फायदा

ग्राहक ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को बताया कि इससे पहले भी उसने माँ भगवती ज्वैलर्स से एक सोने की चैन खरीदी थी, जिसे बाद में मजबूरी में उसी दुकान पर बेचना पड़ा। लेकिन दुकानदार ने मूल्य देने में जानबूझकर देरी की और तीन से चार किश्तों में पैसा लौटाया। ग्राहक का कहना है कि यह दुकान ग्राहकों की मजबूरी का फायदा उठाती है और उनकी मेहनत की कमाई से खुली लूट करती है। उसने बताया कि जब भी कोई मजबूर ग्राहक पैसे के लिए लौटता है, तो उसे नीचा दिखाकर और धमकाकर उसकी बात टाल दी जाती है। यह न सिर्फ़ व्यापारिक बेईमानी है बल्कि आम जनता के भरोसे की खुलेआम हत्या है।

### अब जांच का विषय: कितने ग्राहकों से हुआ सोने का 'सुनहरा' छलावा?

अब बड़ा सवाल यह है कि जब दस वर्ष पहले एक मध्यमवर्गीय ग्राहक से पाँच कैरट सोने की ठगी की गई, तो बीते वर्षों में ऐसे कितने ग्राहकों के साथ 'सोने' के नाम पर यह सुनहरा छलावा किया गया होगा? यह मामला अब राजधानी के ज्वैलरी कारोबार पर गहरे सवाल खड़े करता है। प्रशासन और पुलिस को चाहिए कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ताकि यह पता चले कि यह अकेला मामला है या एक बड़ा ठगी नेटवर्क चलाया जा रहा है। जनता चाहती है कि ऐसे लालची कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई हो ताकि कोई भी व्यापारी सच्चे ग्राहकों की ईमानदारी से खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके।

# रोडवेज की 75 महिलाकर्मियों का हुआ अलंकरण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



रोडवेज लखनऊ परिक्षेत्र में कार्यरत 75 महिलाकर्मियों को अलंकृत किया गया। महिलाओं को मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इसमें चालक, परिचालक व लिपिकीय संवगे की महिलाएं शामिल रहीं। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ क्षेत्र स्थित क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय में चालक, परिचालक, लिपिकीय संवर्ग की महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए उनका सम्मान किया गया। उन्हें बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने, आय में वृद्धि में योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। जिन्हें सम्मानित किया गया, उसमें आलमवाग डिपो की सात, बाराबंकी डिपो की सात, रायबरेली डिपो की आठ, चारबाग डिपो में नौ, कैसरबाग (निगम) में छह, कैसरबाग (अनुवंधित) में सात, अवध डिपो में आठ, उपगनरीय हैदरगढ़ डिपो में सात, सेवा प्रवन्धक कार्यालय की तीन, क्षेत्रीय प्रवन्धक कार्यालय की 13 महिला कार्मिकों को चयनित कर सम्मानित किया गया। महिला चालक आज्ञा रावत को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। परिक्षेत्र में कुल 75 महिला कार्मिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रवन्धक (वित्त) अशोक मेहरोत्रा, सहायक लेखाधिकारी आशीष कुमार, रामराज यादव आदि उपस्थित रहे।

# त्योहार पर माहौल खराब करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई..., सीएम ने पर्वों की समीक्षा में दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार देर रात गोरखपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कानून-व्यवस्था और आगामी पर्वों की तैयारियों आदि की समीक्षा की। इस दौरान बरेली और कानपुर में हुई घटनाओं के बाद पुलिस द्वारा तत्परता से की गई कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने त्योहारों के दौरान अलर्ट रहने और माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। वहीं अयोध्या की घटना का भी संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने को कहा। सीएम ने कहा कि रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा, दशहरा पर प्रदेश में सुखद माहौल रहा। आगामी दिनों में धनतेरस, अयोध्या दीपोत्सव, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज, देवोत्थान एकादशी, वाराणसी देव दीपावली और छठ महापर्व जैसे त्योहारों का समय सुरक्षा और सुशासन के दृष्टिगत संवेदनशील है।

### संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हो

पुलिस-प्रशासन को अलर्ट रहना होगा। स्थानीय जरूरतों के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध करें। सोशल मीडिया पर चौकसी बढ़ाएं। फेक अकाउंट बनाकर अफवाह तथा फेक न्यूज प्रसारित करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हो। पटाखों की दुकानों व गोदामों का आबादी से दूर होना सुनिश्चित कराएं। अवैध भंडारण पर कठोर कार्रवाई करें। हर शहर की जरूरत के अनुसार ट्रैफिक प्लान तैयार करें। लोग ट्रैफिक जाम में न फंसें। पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करें। छोटी सी घटना लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले सकती है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर जिले में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जा रहा है। लोगों को स्वदेशी उत्पादों की खरीद के प्रति प्रेरित करें।

### क्राउड मैनेजमेंट पर हो फोकस

योगी ने कहा कि अयोध्या दीपोत्सव और वाराणसी में देव-दीपावली में सेफ्टी-सिक्योरिटी और क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था पहले से और अच्छी होनी चाहिए। छठ महापर्व पर स्वच्छता का माहौल हो, इसके लिए विशेष प्रयास करें। नदियां व जलाशय दूषित न हों। आपातकालीन स्वास्थ्य एवं ट्रॉमा सेवाएं अनवरत चलती रहें। मिलावटखोरी के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए। जांच के नाम पर उत्पीड़न नहीं होना चाहिए।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# मोदी ने माहौल ही बदल डाला, अब ब्रिटेन जैसी आर्थिक ताकतें भारत से मदद माँग रही हैं

**हम आपको याद दिला दें कि भारत-ब्रिटेन संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में एक संवेदनशील मोड़ आया था, विशेषकर जब ब्रिटिश लेबर पार्टी ने कश्मीर मुद्दे पर भारत विरोधी रुख अपनाया था। मगर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने उस रुख को संशोधित करते हुए भारत के साथ 'विश्वसनीय साझेदारी' पर बल दिया है। 'विज़न 2035' इसी राजनीतिक पुनर्संतुलन का परिणाम है। सुरक्षा दृष्टि से भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा महत्वपूर्ण है। लंदन में सक्रिय खालिस्तानी समूहों से भारत की सुरक्षा एजेंसियों को जो चुनौतियाँ मिलती रही हैं।**

*ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर का दो दिवसीय भारत दौरा ऐसे समय पर शुरू हुआ है जब वैश्विक आर्थिक और सामरिक संतुलन नई परिभाषाएँ गढ़ रहा है। मुंबई पहुँचे स्टार्मर अपने साथ 125 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लेकर आए हैं जिनमें प्रमुख उद्योगपतियों, वित्तीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह यात्रा केवल औपचारिक नहीं, बल्कि व्यापार और निवेश को नई दिशा देने का प्रयास भी है। यह दौरा उस व्यापक आर्थिक परिदृश्य में घटित हो रहा है जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ फिर से संरक्षणवाद की ओर लौटती प्रतीत हो रही हैं। भारत पर बढ़ते अमेरिकी टैरिफ, तकनीकी निर्यात पर नियंत्रण और वीज़ा शुल्क में वृद्धि जैसी नीतियाँ भारतीय निर्यात और सेवा क्षेत्र पर दबाव बना रही हैं। ऐसे में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत के लिए एक संभावित राहत संकेत के रूप में देखी जा सकती है– विशेषतः तब, जब भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (ष्श्वञ्ज) अब नीति के धरातल से क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहा है। हम आपको बता दें कि भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई में संपन्न व्यापार समझौता 'विज़न 2035' की परिकल्पना पर आधारित है, जो अगले दशक में शिक्षा, प्रौद्योगिकी, जलवायु, रक्षा और जनसंपर्क के क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने का लक्ष्य रखता है। इस समझौते के अंतर्गत ब्रिटेन ने अपने बाज़ार में 99 प्रतिशत उत्पादों पर टैरिफ समाप्त करने की घोषणा की है। हालांकि इसका प्रत्यक्ष लाभ भारतीय निर्यात के लगभग 45 प्रतिशत हिस्से यानि कपड़ा, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, वाहन आदि तक सीमित रहेगा, फिर भी यह भारतीय निर्यातकों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। ब्रिटेन के लिए भी यह सौदा महत्त्वपूर्ण है। विशेषकर स्कॉटलैंड के व्हिस्की उद्योग के लिए टैरिफ 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत और अगले दस वर्षों में 40 प्रतिशत तक लाना एक ऐतिहासिक कदम है। यह कदम ब्रिटेन की घरेलू अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद वैश्विक व्यापार में नई साझेदारियों की खोज की उसकी रणनीति का हिस्सा है। हालाँकि यह समझौता अभी ब्रिटिश संसद की प्रक्रिया में है और 2026 की शुरुआत से पहले लागू नहीं हो पाएगा, फिर भी यह दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों में स्थायित्व और दीर्घकालिकता का संकेत देता है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच वर्तमान द्विपक्षीय व्यापार लगभग 59 अरब डॉलर का है, और अनुमान है कि अगले पाँच वर्षों में यह दुगना हो सकता है। देखा जाये तो अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों– विशेषकर इस्पात, औद्योगिक पुर्जों और औषधीय निर्यात पर बढ़ाए गए टैरिफ से भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हुई है। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भारत को न केवल एक वैकल्पिक बाज़ार प्रदान करेगा, बल्कि यूरोप में अपनी उपस्थिति को सशक्त करने का अवसर भी देगा। इसके अतिरिक्त, ब्रिटेन की वित्तीय संस्थाओं– जैसे स्टैंडर्ड चार्टर्ड, बार्कलेज, एचएसबीसी और रोल्स रॉयस जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों का इस यात्रा में शामिल होना इस बात का संकेत है कि ब्रिटेन भारत में दीर्घकालिक निवेश को लेकर गंभीर है। मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कीयर स्टार्मर की संयुक्त उपस्थिति दोनों देशों की डिजिटल और तकनीकी साझेदारी को नया आयाम देगी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**कहा जाता है कि एक बार धनुर्धारी अर्जुन तप करने के उद्देश्य से नीलगिरी पर्वत पर गए तो द्रोपदी बहुत चिंतित हुई। उसने विचार किया कि यहां हर समय कोई न कोई संकट आता ही रहता है, इसलिए अर्जुन की अनुपस्थिति में इन संकटों से बचने के लिए क्या उपाय किया जाए? तब द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया और श्रीकृष्ण को अपने मन की व्यथा बताई। द्रोपदी की बात सुनकर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि पार्वती देवी ने भी एक बार भगवान शिव से बिल्कुल यही प्रश्न किया था और तब भगवान शिव ने उन्हें कहा था कि करवा चौथ का व्रत गृहस्थी में आने वाली तमाम छोटी-बड़ी बाधाओं को दूर करता है।**

# नारी श्रद्धा और प्रेम का अमर पर्व करवा चौथ



योगेश कुमार गोयल

**आजकल तो कुछ पुरुष भी पूरे दिन का उपवास रखकर पत्नी के इस कठिन तप में उनके सहभागी बनते हैं। दिनभर उपवास करने के बाद शाम को सुहागिनें करवा की कथा सुनती व कहती हैं तथा चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा को अर्ध्य देकर अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना कर प्रण करती हैं कि वे जीवन पर्यन्त अपने पति के प्रति तन, मन, वचन एवं कर्म से समर्पित रहेंगी।**

भारत की गौरवशाली संस्कृति में करवा चौथ पर्व का विशेष महत्व है क्योंकि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूरे दिन व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं। भारतीय समाज में वैसे तो महिलाएं विभिन्न अवसरों पर अनेक व्रत रखती हैं लेकिन पति को परमेश्वर मानने वाली नारी के लिए इन सभी व्रतों में सबसे अहम स्थान रखता है 'करवा चौथ' व्रत, जो इस वर्ष 10 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य तथा सौभाग्य के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में उसकी सफलता की कामना से सुहागिन महिलाओं द्वारा कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाने वाला यह व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन माना जाता है, जो सुहागिनों का सबसे बड़ा व्रत एवं त्यौहार है। महिलाएं अन्न-जल ग्रहण किए बिना अपार श्रद्धा के साथ यह व्रत रखती हैं तथा रात्रि को चन्द्रमा के दर्शन करके अर्ध्य देने के बाद ही व्रत खोलती हैं। यही वजह है कि अखण्ड सुहाग का प्रतीक यह व्रत अन्य सभी व्रतों के मुकाबले काफी कठिन माना जाता है। कहा जाता है कि इस व्रत के समान सौभाग्यदायक अन्य कोई व्रत नहीं है और सुहागिनें यह व्रत 12-16 वर्ष तक हर साल निरन्तर करती हैं, उसके बाद वे चाहें तो इसका उद्यापन कर सकती हैं अन्यथा आजीवन भी यह व्रत कर सकती हैं। आजकल तो कुछ पुरूष भी पूरे दिन का उपवास रखकर पत्नी के इस कठिन तप में उनके सहभागी बनते हैं। दिनभर उपवास करने के बाद शाम को सुहागिनें करवा की कथा सुनती व कहती हैं तथा चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा को अर्ध्य देकर अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना कर प्रण करती हैं कि वे जीवन पर्यन्त अपने पति के प्रति तन, मन, वचन एवं कर्म से समर्पित रहेंगी। पूजा-पाठ के बाद सुहागिनें अपनी सास के चरण स्पर्श कर उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। करवा चौथ पर्व के संबंध में वैसे तो कई कथाएं प्रचलित हैं लेकिन सभी कथाओं का सार पति की दीर्घायु और सौभाग्यवृद्धि से ही जुड़ा है। विभिन्न पौराणिक कथाओं के अनुसार 'करवा चौथ' व्रत का उद्गम उस समय हुआ था, जब देवों व दानवों के बीच भयंकर युद्ध चल रहा था और युद्ध में देवता परास्त होते नजर आ रहे थे। तब देवताओं ने ब्रह्माजी से इसका कोई उपाय करने की प्रार्थना की और ब्रह्मा जी ने उन्हें सलाह दी कि अगर सभी देवों की पत्नियां सच्चे एवं पवित्र हृदय से अपने पति की जीत के लिए प्रार्थना एवं उपवास करें तो देवता दैत्यों को परास्त करने में अवश्य सफल होंगे। ब्रह्मा जी की सलाह पर समस्त देव पत्नियों ने कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को यह व्रत किया और रात्रि के समय चन्द्रोदय से पहले ही देवता दैत्यों से युद्ध जीत गए। तब चन्द्रोदय के पश्चात् दिनभर की भूखी-प्यासी देव पत्नियों ने अपना-अपना व्रत खोला।



**कहा जाता है कि इस व्रत के समान सौभाग्यदायक अन्य कोई व्रत नहीं है और सुहागिनें यह व्रत 12-16 वर्ष तक हर साल निरन्तर करती हैं, उसके बाद वे चाहें तो इसका उद्यापन कर सकती हैं अन्यथा आजीवन भी यह व्रत कर सकती हैं।**

ऐसी मान्यता है कि तभी से इसी दिन करवा चौथ का व्रत किए जाने की परम्परा शुरू हुई। करवा चौथ के व्रत के संबंध में अनेक प्रचलित कथाओं में से एक महाभारत काल से जुड़ी है। कहा जाता है कि एक बार धनुर्धारी अर्जुन तप करने के उद्देश्य से नीलगिरी पर्वत पर गए तो द्रोपदी बहुत चिंतित हुई। उसने विचार किया कि यहां हर समय कोई न कोई संकट आता ही रहता है, इसलिए अर्जुन की अनुपस्थिति में इन संकटों से बचने के लिए क्या उपाय किया जाए? तब द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया और श्रीकृष्ण को अपने मन की व्यथा बताई। द्रोपदी की बात सुनकर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि पार्वती देवी ने भी एक बार भगवान शिव से बिल्कुल यही प्रश्न किया था और तब भगवान शिव ने उन्हें कहा था कि करवा चौथ का व्रत गृहस्थी में आने वाली तमाम छोटी-बड़ी बाधाओं को दूर करता है। द्रोपदी ने श्रीकृष्ण से करवा चौथ के व्रत के संबंध में विस्तार से बताने का आग्रह किया तो श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को इस व्रत के महत्व को दर्शाती कथा सुनानी आरंभ की। भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि इन्द्रप्रस्थ नगरी में वेद नामक एक धर्मपरायण ब्राह्मण के सात पुत्र व एक पुत्री थी। विवाह के बाद जब पुत्री पहली करवा चौथ पर मायके आई तो उसने मायके में ही करवा चौथ का व्रत रखा लेकिन चन्द्रोदय से पूर्व ही उसे भूख सताने लगी तो अपनी लाड़ली बहन की यह वेदना भाईयों से देखी न गई। उन्होंने बहन से व्रत खोलने का आग्रह किया पर वह इसके लिए तैयार न हुई। तब भाईयों ने मिलकर एक योजना बनाई। उन्होंने एक पीपल के वृक्ष की ओट में प्रकाश करके बहन को कहा कि देखो चन्द्रमा निकल आया है। बहन भोली थी, इसलिए भाईयों की बात पर विश्वास करके उसने उस प्रकाश को ही चन्द्रमा मानकर उसे ही अर्ध्य देकर व्रत खोल लिया लेकिन जब अगले दिन वह ससुराल पहुंची तो पति को बहुत बीमार पाया। दिन ब दिन पति की बीमारी बढ़ती गई और सारी जमा पूंजी पति की बीमारी में ही लग गई तो उसने मंदिर में जाकर गणेश जी की स्तुति करनी शुरू की। उसकी प्रार्थना पर प्रसन्न होकर गणेश ने उसके समक्ष प्रकट होकर कहा कि तुमने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान से नहीं किया, इसीलिए तुम्हारे पति की यह दशा हुई है। यदि तुम यह व्रत पूरे विधि विधान एवं निष्ठा के साथ करो तो तुम्हारा पति पूरी तरह ठीक हो जाएगा। उसके बाद उसने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान के साथ किया और इसके प्रभाव से उसका पति ठीक हो गया। यह कथा सुनाने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी से कहा कि यदि तुम भी इसी प्रकार विधिपूर्वक सच्चे मन से करवा चौथ का व्रत करो तो तुम्हारे समस्त संकट अपने आप दूर हो जाएंगे। तब द्रोपदी ने करवा चौथ का व्रत रखा और उसके व्रत के प्रभाव से महाभारत के युद्ध में पांडवों की विजय हुई। अतः करवा चौथ के व्रत के उद्गम को इस प्रसंग से भी जोड़कर देखा जाता है और कहा जाता है कि इसी के बाद सुहागिनें 'करवा चौथ' व्रत रखने लगी। इस पर्व से संबंधित और भी कई कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें सत्यवान और सावित्री की कहानी तथा करवा नामक एक धोबिन की कहानी भी बहुत प्रसिद्ध हैं। इस पर्व की शुरूआत एक बहुत अच्छे विचार पर आधारित थी मगर समय के साथ इस पर्व का मूल विचार और परिदृश्य बदल रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस व्रत का फल तभी है, जब यह व्रत करने वाली महिला भूलवश भी झूठ, कपट, निंदा, अभिमान न करे। इस व्रत से जहां पति के प्रति पत्नी की निष्ठा एवं समर्पण भाव परिलक्षित होता है, वहीं यह पर्व दाम्पत्य जीवन में आपसी विश्वास और भरोसे को मजबूत करने तथा संबंधों में मधुरता घोलने का त्यौहार है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 19:41 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 17:33 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सिद्धि, 17:39 तक |
| सूर्योदयः | 06:18 |
| सूर्यास्तः | 17:50 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 10:38-12:04 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:41-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### गर्म है बाज़ार !

दे देंगे हम मौका ।
आओ तनिक पास ।।
होगी वही सीट ।
आपको जो रास ।।
मिल रहा है सुनने को ।
यही बार बार ।।
लगता चारा डाल कर ।
कर रहे तैयार ।।
पर आया जवाब भी ।
छोड़ें मेरा ध्यान ।।
करें खुद की चिंता ।
खतरे में निशान ।।
अब चुनावी मौसम का ।
गर्म है बाज़ार ।।
ऐंठ रहे हैं वो भी ।
बन चुके जो भार ।।



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हर मिनट 4 महिलाएं हो रही हैं ब्रेस्ट कैंसर की शिकार



**अक्टूबर** के महीने को दुनियाभर में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के तौर पर मनाया जाता है। इस महीने महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ी जानकारी दी जाती है ताकि उन्हें कैंसर के लक्षणों की पहले से ही जानकारी मिल सके। लेकिन हाल ही में एक रिपोर्ट ने काफी चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में हर एक मिनट में 4 महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर से जूझती है। इस अकेले तथ्य से पता चलता है कि ब्रेस्ट कैंसर दुनियाभर में कितनी मजबूती से पैर पसार चुका है। डॉक्टर्स का मानना है कि अगर शुरुआत में ब्रेस्ट कैंसर का पता चल जाए, तो इलाज के सफल होने की संभावना 90त्न तक बढ़ जाती है, लेकिन अगर एडवांस स्टेज पर पहुंच जाए, तो इलाज करना काफी चुनौतीभरा हो जाता है।

**ब्रेस्ट कैंसर क्या है?:** डॉ. निरंजन कहते हैं कि ब्रेस्ट कैंसर में ब्रेस्ट की कोशिकाएं अनियंत्रित तरीके से बढ़ने लगती हैं और फिर आसपास के टिश्यू में फैल जाती हैं। अगर समय पर इलाज न हो, तो यह ट्यूमर अन्य अंगों में भी फैल सकता है। इसलिए समय पर इलाज कराना जरूरी है। इसके अलावा, इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि यह समस्या सिर्फ महिलाओं की नहीं है, बल्कि पुरुष भी इस बीमारी से जूझ रहे हैं। हालांकि ये आंकड़ा काफी कम है।

**डब्लूएचओ की रिपोर्ट क्या कहती है?:** डब्लूएचओ की रिपोर्ट में बताया गया कि साल 2022 में 23 लाख महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर था और दुनियाभर में करीब 6 लाख 70 हजार महिलाओं की मृत्यु हुई थी। इस रिपोर्ट के अनुसार, 99 प्रतिशत महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की बीमारी पाई गई हैं और पुरुषों में यह आंकड़ा 0.5-1 प्रतिशत होता है। इसलिए महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों की जानकारी देना बहुत महत्वपूर्ण है।

**बदलता लाइफस्टाइल:** महिलाओं में जंक फूड, स्ट्रेस और फिजिकल एक्टिविटी न करने के कारण हार्मोन्स बैलेंस नहीं रहते, इसलिए ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क बढ़ जाता है।

**लेट मैरिज और देर से प्रेग्नेंसी:** आजकल महिलाओं की शादी लेट होने के कारण 30 के बाद मां बन पाती है, इससे भी महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का जोखिम बढ़ता है।

**फैमिली हिस्ट्री:** जिन महिलाओं के परिवार में किसी को ब्रेस्ट या ओवरी कैंसर हुआ है, उनमें रिस्क ज्यादा रहता है।

**हार्मोनल थेरेपी या बर्थ कंट्रोल पिल्स :** लगातार बर्थ कंट्रोल पिल्स या हार्मोनल थेरेपी के कारण भी इसका रिस्क काफी बढ़ जाता है।

**मेनोपॉज के बाद वजन बढ़ना:** अगर किसी महिला के फैट टिशू में एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ जाता है, तो कैंसर सेल्स में बढ़ोतरी हो सकती है।

**निष्कर्ष:** ब्रेस्ट कैंसर आज महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और ड्ढह्लह्र के आंकड़ों से काफी हद तक प्रमाणमित भी हो रहा है। इसलिए महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर होने के कारणों और इसके लक्षणों पर ध्यान देने की जरूरत है, तभी इसके मामलों में कमी आ सकती है। मौके पर डॉक्टर्स से लेकर सरकार सभी को ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

# बिहार में सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा



कमलेश पांडेय

**पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रति माह किया गया है। वहीं, कई सरकारी कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि की गई है। यह सब नीतीश कुमार ने इसलिए किया ताकि विरोधियों को सियासी शिकस्त दी जा सके।**

**लोकतंत्र** की जननी बिहार के राजनेतागण अपनी व्यक्तिगत, गुटगत, पार्टीगत और गठबंधनगत सियासी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए चुनावी जनादेश को अकसर धत्ता बताने के आदी समझे जाते हैं। पहले जब यहां कांग्रेस का एकछत्र राज या जनता पार्टी-जनता दल का छिटपुट राज हुआ करता था, तब मुख्यमंत्री बदल दिए जाते थे। लेकिन जब क्षेत्रीय दलों के रहनुमा लालू प्रसाद (राजद) या नीतीश कुमार (जदयू) की सियासी चलती आई तो मुख्यमंत्री कम, गठबंधन साथी बदलने की एक नई परिपाटी शुरू हो गई। लोजपा नेता स्व. रामविलास पासवान और अब उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, हम नेता व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, रालोसपा नेता उपेंद्र कुशवाहा, वीआईपी पार्टी नेता मुकेश सहनी के अलावा वामपंथी दलों ने इनका खूब साथ दिया। बताया जाता है कि इसके पीछे कांग्रेस और भाजपा के केंद्रीय व सूबाई नेतृत्व की अदूरदर्शिता भरी मनमानी तथा राजद और जदयू आदि क्षेत्रीय दलों के घात-प्रतिघात की सियासत की भी बड़ी भूमिका रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि टीम मोदी इसबार इन राजनीतिक कुप्रथाओं को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी तो केंद्रीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को सभी चुनावों की मां बताया है। क्योंकि समझा जा रहा है कि यह इलेक्शन कई कारणों से बिहार की सियासत को बिल्कुल नया रंग देने वाला है। यह ठीक है कि पिछले दो दशकों से एनडीए ने बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार को मुख्य केंद्रीय भूमिका में बनाए रखा है और भाजपा को इसकी भारी चुनावी कीमत भी चुकानी पड़ी है। शायद इसलिए कि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और विगत तीन-साढ़े तीन दशकों उसके चहेते नेता लालू प्रसाद (राजद) व उनके पुत्र व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सूबाई सत्ता से दूर रखा जा सके। कहा जाता है कि बिहार में लालू प्रसाद के सियासी कुनबे को स्थायित्व देने, दिलवाने में कांग्रेस की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसलिए भाजपा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभी मनमानियों को बर्दाश्त करते हुए उन्हें अपने पाले में मिलाए रखती है। दो दो बार नीतीश कुमार भाजपा से दूर भी गए, लेकिन उन्हें निकट लाने का कोई भी मौका भाजपा ने नहीं गंवाया।

**यही वजह है कि गत सोमवार को आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले नीतीश ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 21 लाख महिलाओं को 10 हजार रुपये भेजे। इस प्रकार से कुल मिलाकर राज्य सरकार ने 1.21 करोड़ महिलाओं को 12,100 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं। वहीं, अगले 29 लाख लाभार्थियों के लिए शेड्यूल जारी हो चुका है।**

फिलवक्त यह चर्चा है कि 2025 का चुनाव नीतीश कुमार के जीवन का शायद आखिरी इलेक्शन हो सकता है। चूंकि बिहार की महिलाओं और एमबीसी मतदाताओं पर नीतीश कुमार की शुरू से पकड़ रही है, इसलिए इस बार महिलाओं और अति पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के बीच उनकी लोकप्रियता की परीक्षा होगी। वैसे तो सवर्णों और अल्पसंख्यकों को भी मुगालते में रखने में वो सफल रहे हैं, लेकिन इस बार की सियासी स्थिति काफी बदल चुकी है। कई ऐसे सियासी प्रसंग छिड़े, जिनसे नीतीश कुमार बेनकाब हो चुके हैं। यह ठीक है कि गठबंधन में बार-बार बदलाव करके नीतीश कुमार राजनीतिक समीकरण के केंद्र में बने रहे। लेकिन, इस बार उनके सामने अपने विधायकों के खिलाफ बढ़ती नाराजगी, मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप और राजद सुप्रीमो तेजस्वी यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अलावा जनसुराज पार्टी के प्रशांत किशोर की मजबूत चुनौती उनके समक्ष है। जदयू नेता नीतीश कुमार को यह याद है कि 2020 में लोजपा नेता चिराग पासवान ने एनडीए से अलग होकर जदयू के खिलाफ चुनाव लड़ा था, जिससे जदयू की सीटें भाजपा के मुकाबले काफी कम होकर महज 43 तक सिमट गईं। लेकिन इस बार एनडीए के लिए राहत की बात यह है कि चिराग पासवान की लोजपा (राम विलास) गठबंधन में बनी हुई है और साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। इससे एनडीए को चिराग के 5 प्रतिशत पासवान वोट आधार के अलावा दलित मतों पर भरोसा है, जो कि इस चुनाव में निर्णायक साबित हो सकता है। वहीं, एनडीए के पूर्व सहयोगी वीआईपी नेता मुकेश साहनी,जो 2020 में एनडीए के साथ रहकर चार सीटें जीते थे, इस बार वह इंडिया गठबंधन में शामिल हो गए हैं। इससे गंगापुत्र वोटों की क्षति भाजपा को उठानी पड़ सकती है। वैसे महागठबंधन में सीट बंटवारे पर वीआईपी पार्टी की भी बातचीत चल रही है। इससे इंडिया गठबंधन को उम्मीद है कि साहनी के निषाद समुदाय का समर्थन मिलेगा, जो मिथिलांचल, सीमांचल, अंग और चंपारण में अहम वोटर समझे जाते हैं। यह उनकी जीत में मदद करेगा। शायद यह बिहार में पहला ऐसा चुनाव है जिसमें नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने मुफ्त योजनाओं की झड़ी लगा दी।

# पीलीभीत में भव्य स्वदेशी मेला–2025 का शुभारंभ

- राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने फीता काटकर किया उद्घाटन, 50 स्टालों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**







ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को स्वदेशी मेला-2025 का शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्यमंत्री और जनपद प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। जिलाधिकारी ने अतिथि का पुष्प देकर स्वागत किया और मेले के स्वरूप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेले में स्थानीय स्तर पर निर्मित बांसुरी, पूजा सामग्री, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, गिफ्ट आइटम, मिठाई, कपड़े, कंबल, दरी, चादरें, जरी-जरदोजी एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित जलकुंभी आदि उत्पादों के 50 निशुल्क स्टाल लगाए गए हैं।

डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज मुकेश कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे मेले में आएं और स्थानीय कारीगरों तथा हस्तशिल्पियों के उत्पादों को खरीदकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार पीलीभीत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में सिद्दीकी हैंडलूम इंडस्ट्रीज, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जलकुंभी उत्पादक, पशुपालन विभाग, आजीविका मिशन, बैंक ऑफ बड़ौदा, सी.एम. युवा, कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, राजकीय पॉलीटेक्निक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कल्याण विभाग, मिशन शक्ति, रेशम विभाग और स्वयं सहायता समूहों के स्टाल शामिल थे। मुख्य अतिथि ने सभी स्टालों का भ्रमण किया और बताया कि पीलीभीत के कारीगरों का कार्य अब विदेशों में भी पहचान बना चुका है। उन्होंने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत धोबी ट्रेड लाभार्थियों को टूलकिट, दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वजन मशीनें वितरित की। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत पीलीभीत की बांसुरी को मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में प्रमोट किया जाएगा। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों को हर स्तर पर सहायता देने और बिक्री के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे पूरे परिवार के साथ मेले में आएं और स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करें। इस अवसर पर महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज,पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी प्रताप नारायण, मनरेगा उपायुक्त हेमंत कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुडी सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## साइबर क्राइम जागरुकता अभियान का हजारा थाना क्षेत्र में हुआ आगाज दी गई जानकारी

- मिशन शक्ति फेज-5 व साइबर क्राइम की पुलिस दे रही है संयुक्त जानकारी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**




हजारा। पीलीभीत पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश एवं हजारा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा पुलिस के द्वारा क्षेत्र में साइबर क्राइम जागरुकता अभियान एवं मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत ग्रामीणों, छात्राओं, युवतियों सहित सभी को जागरुकता अभियान की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है तो वहीं महिलाओं में सुरक्षा का एहसास भी करा रही है।

पीलीभीत जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के दिशा-निर्देश एवं हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव के नेतृत्व में नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा क्षेत्र में हजारा पुलिस के द्वारा साइबर क्राइम जागरुकता अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों के संग स्कूली छात्रों व छात्राओं, शिक्षिकाओं, युवतियों को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराध होने पर 1930 पर काल कर सूचना देनी चाहिए ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके साथ ही पुलिस टीम के द्वारा यह भी बताया गया कि अनजान काल से सतर्क रहे और किसी भी अनजाने व्यक्ति को अपना आधार नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक से संबंधित विवरण, ओटीपी सहित अपनी किसी भी गोपनीय जानकारी को साझा न करें। अगर कोई अपरिचित व्यक्ति द्वारा ऐसी जानकारी मांगी जाती है तो साइबर क्राइम सुरक्षा पुलिस टीम को सूचना देनी चाहिए अन्यथा साइबर अपराध के शिकार हो सकते हैं। इसके अलावा मिशन शक्ति फेज-5 टीम के द्वारा गुरुवार को कबीरगंज के आदित्य पब्लिक स्कूल एवं शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं, शिक्षिकाओं आदि को महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही महिलाओं से संबंधित छोटे-छोटे अपराध को नजर अंदाज न करने की सलाह देते हुए पुलिस को सूचना देने की अपील किया है।इस मौके पर साइबर क्राइम जागरुकता अभियान टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक अमित सिंह व मिशन शक्ति फेज- 5 टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल शर्मा महिला आरक्षी शिवानी मौर्या, सोनी, हेड कांस्टेबल मधुबाला आरक्षी विकास आदि मौजूद रहे।

## बालिकाओं के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन




- बाल विवाह न करें, शिक्षा अपनाएं थीम पर छात्राओं को दी गई जानकारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए 90 दिवसीय कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पूरनपुर में बाल विवाह और शिक्षा जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर मानिष्ता गुल अंसारी ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं और 21 वर्ष से कम आयु के बालकों का विवाह करना कानूनन अपराध है। ऐसे विवाह कराने वाले व्यक्ति को 2 साल तक का कठोर कारावास या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों से दंडित किया जा सकता है। साथ ही, काउंसलर ने बताया कि बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर 24 घंटे सक्रिय चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर जानकारी दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. जाहिद खातून, चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर प्रतुल सिंह, स्कूल के समस्त स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में बाल विवाह के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें अपने अधिकारों व सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था।

## शारदा नहर में कूदीं दो किशोरियां



**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** गुरुवार दोपहर दो किशोरियों ने शारदा सहायक नहर के पुराने पुल से छलांग लगा दी। देखते ही देखते दोनों नहर के तेज और गहरे पानी में समा गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया है। मामला पढ़ुआ थाना क्षेत्र का है।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि पुल की रेलिंग के पास दो दुपट्टे और दो जोड़ी चप्पलें पड़ी मिलीं। जिससे यह अंदेशा हुआ कि किसी ने नहर में छलांग लगाई है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज भूपेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन शुरू कराई। पुलिस जांच में दोनों किशोरियों की पहचान 17 वर्षीय पंछी पुत्री रामस्वरूप गौतम और 16 वर्षीय सोनिका पुत्री रतीराम गौतम के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार दोनों सुबह से ही घर से लापता थीं। जब नहर में कूदने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे।कपड़े व चप्पलों से दोनों की पहचान की।जिसके बाद घर में कोहराम मच गया।पुलिस के अनुसार,गोताखोरों की टीम द्वारा तलाश जारी है,और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## सेवा से सशक्त नेतृत्व की मिसाल दिव्या गंगवार और चौधरी प्रदीप सिंह पटेल का जनसेवा में साझा योगदान

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



भीड़ में अलग दिखना आसान नहीं होता, लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें पहचानने के लिए भीड़ की ज़रूरत नहीं होती क्योंकि उनकी पहचान उनके कार्यों से बनती है। समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती दिव्या गंगवार और समाजसेवी चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, दोनों ऐसी ही प्रेरक शख्सियतें हैं जिन्होंने सेवा को ही राजनीति और जीवन का उद्देश्य बना लिया है। गाँव की गलियों से उठकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचीं दिव्या गंगवार का बचपन भले साधारण रहा हो, पर सोच हमेशा असाधारण रही। उन्होंने बचपन से देखा कि बहुत-सी बेटियाँ अवसरों से वंचित रह जाती हैं। तभी से उन्होंने ठान लिया कि वे सिर्फ खुद आगे नहीं बढ़ेंगी, बल्कि औरों का भी मार्ग रोशन करेंगी। वे राजनीति को भाषणों या पोस्टरों तक सीमित नहीं मानतीं। वे खेतों के किनारे, चौपालों पर या किसी महिला के आँगन में घुटनों के बल बैठकर भी जनता से संवाद करती हैं।

उनका मानना हैं। नेतृत्व का अर्थ आगे बढ़ने में नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने में है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्होंने कई स्वयं सहायता समूह शुरू कराए, युवाओं को रोज़गार मेलों से जोड़ा, और लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूल चलो बहना जैसी पहल चलाई।

कोविड-19 महामारी के दौरान उन्होंने राहत सामग्री वितरण, ऑक्सीजन की व्यवस्था और मानसिक सहयोग जैसी सेवाओं से जनमानस का विश्वास जीता।

### चौधरी प्रदीप सिंह पटेल – समाजसेवा का दूसरा नाम

श्रीमती गंगवार के साथ उनके पति समाज सेवा के हर मोर्चे पर चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, समाजसेवी एवं संरक्षक कुर्मी महासभा मेरठ तथा संरक्षक कला ईश फाउंडेशन, समान रूप से सक्रिय दिखाई देते हैं। बताते चलें कि चौधरी प्रदीप सिंह पटेल हर सामाजिक और सेवा कार्य में दिव्या गंगवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तत्पर रहते हैं। उनकी पहचान पूरे जनपद में समाज सेवा और सहयोग भावना के नाम से जानी जाती है।

गरीबों को राहत सामग्री पहुँचाने से लेकर शिक्षा, स्वच्छता और युवाओं के प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। जनता उन्हें केवल एक समाजसेवी नहीं, बल्कि एक सच्चे संरक्षक और मार्गदर्शक के रूप में देखती है। दिव्या गंगवार और चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, दोनों का मानना है कि समाज सेवा किसी पद या संगठन से नहीं, बल्कि भावना से शुरू होती है। दोनों मिलकर लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और शिक्षा के प्रसार हेतु कार्यरत हैं। उनका उद्देश्य स्पष्ट हैं।

### हर व्यक्ति तक समान अवसर और सम्मान पहुँचाना

जहाँ एक ओर दिव्या गंगवार राजनीति में सेवा और संवाद की मिसाल पेश कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर चौधरी प्रदीप सिंह पटेल समाज सेवा की मजबूत रीढ़ बनकर समाज को नई दिशा दे रहे हैं। दोनों की यह साझी पहल दिखाती है कि जब सेवा भावना और जमीनी जुड़ाव एक साथ आते हैं, तो समाज में परिवर्तन अवश्य होता है। आज जब राजनीति और समाजसेवा के अर्थ बदलते जा रहे हैं, तब दिव्या गंगवार और चौधरी प्रदीप सिंह पटेल जैसी हस्तियाँ यह संदेश देती हैं कि सच्चा नेतृत्व पद से नहीं, सेवा से बनता है। उनका जीवन यह साबित करता है कि जब एक महिला का संकल्प और एक समाजसेवी का समर्पण साथ चलता है, तो समाज की हर बस्ती में उम्मीद की किरण जगमगा उठती है। फिलहाल इस समय समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार पार्टी के लिए हर समय समर्पित हैं और प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेकर लोगों को समाजवादी पार्टी की हर मजबूत कड़ी बनी हुई हैं। हाल ही में बारिश के मौसम में भी जहां बीसलपुर क्षेत्र में हरर पानी ही पानी भर गया था तब उन्होंने एवं उनके पति चौधरी प्रदीप सिंह पटेल ने लोगों की हर संभव मदद की साथ ही अनाज, कपड़े रोजाना दैनिक सामग्री लोगों को स्वयं घर-घर जाकर दी। जिससे समाज में उनका वर्चस्व राजनीति के साथ-साथ सच्ची समाज सेवा के लिए जाना जाता हैं।

## नेशनल हाईवे 30 पर ट्रक–ट्रैक्टर की तीन घायल, एक की हालत गंभीर



**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

जंगबहादुरगंज में नेशनल हाईवे 30 पर जलालपुर के पास सुबह करीब 4 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया और ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।सूचना मिलने पर %सेवा का जुनून% टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी पसगवां भेजा। घायलों की पहचान ढकिया पासी, थाना पसगवां निवासी 35 वर्षीय नीरज, 30 वर्षीय सुखविंदर और 25 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है।हादसे के बाद ट्रक चालक और परिचालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। उचौलिया इंस्पेक्टर अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पंजाबी संस्कृति की सुरमयी प्रस्तुतियों से गुंजायमान हुआ दशहरा मेला का पांचवां दिन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

प्राचीन और ऐतिहासिक दशहरा मेले के पांचवें दिन जब पंजाबी सुरों की मिठास घुली तो हर दिल थिरक उठा, हर चेहरा मुस्कुरा उठा और हर धड़कन में संस्कृति की आत्मा जीवंत हो उठी।पंजाबी संगीत सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मंच पर पालिकाध्यक्षा डॉ. इरा श्रीवास्तव, द्वय मुख्य अतिथि संघ प्रांत संचालक स्वर्ण सिंह कंबोज, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शरद वाजपेई तथा अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रतिष्ठित बना दिया। उद्घाटन सत्र का संचालन समाजसेवी साहित्यकार राममोहन गुप्त ने अपने अनूठे अंदाज़ में किया, जिसने माहौल को भावविभोर कर दिया। इस पावन अवसर पर समाज उत्थान और मानवीय सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले गुरजीत सिंह जुनेजा, जनरैल सिंह, सुरेंद्र कुमार तोलानी, रंजीत सिंह छाबड़ा, जितेंद्र पाल सिंह छाबड़ा,सरदार पाल सिंह,अरविंद कुमार गुप्ता, रमेश सिंह,अनुराग वर्मा, मनमीत सिंह मिंटू, गुरमीत सिंह तथा फ्रेंड्स फॉर एवर संस्था के अध्यक्ष राजपाल सिंह को नगर पालिका ने विशेष सम्मान से अलंकृत किया। रात ढलने के साथ जैसे-जैसे कार्यक्रम अपने शबाब पर पहुंचा, वैसे-वैसे पंजाबी सुरों और नृत्य की मोहक छटा ने पूरे स्थल को रूहानी रंगों से भर दिया। सरदार कुलदीप गिल, मनदीप गिल और सत्याचार ग्रुप अमृतसर की प्रस्तुतियों ने ऐसा जादू बुना कि हर प्रस्तुति पर करतल ध्वनियों का सैलाब उमड़ पड़ा। मानो लखीमपुर की धरती पर पंजाब की आत्मा उतर आई हो। कार्यक्रम के सफल संयोजन में सभासद विक्रम गुप्ता, रवींद्र रावत,अजय गुप्ता लकी और मनोज कुमार की भूमिका सराहनीय रही। वहीं मेला अधिकारी समरा सईद, मेलाध्यक्ष कौशल तिवारी, रश्मि वाजपेई, श्वेता शर्मा, बजरंग शर्मा, कुमुदेश्वर शंकर शुक्ला, इंजीनियर दुर्गेश वर्मा, शौर्य सक्सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को गौरवमयी बना दिया। इससे पूर्व मेले के उद्घाटन सत्र में सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर भी एक महत्वपूर्ण पहल हुई।

पालिकाध्यक्षा डॉ. इरा श्रीवास्तव एवं ईओ संजय कुमार ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ की खीरी जिला कमेटी के शिविर का शुभारंभ किया। यह पहल न केवल मेले की गरिमा बढ़ाती है, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का संचार भी करती है। निश्छल आनंद, सजीव संस्कृति और लोक-परंपरा का यह अद्भुत संगम दशहरा मेले को हर वर्ष की भांति इस बार भी अविस्मरणीय बना गया। पंजाबी संगीत की यह सुरमई रात लखीमपुर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित हो गई।

## काशीराम जी ने सरकारी नौकरी छोड़कर समाज सेवा को अपना जीवन उद्देश्य बनाया वंचितों के लिए जीवनभर संघर्ष किया : दिव्या पी.गंगवार

- समाजवादी पार्टी ने मनाया मान्यवर काशीराम जयंती एवं परिनिर्माण दिवस
- नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर किया सम्मान, अधूरे सपनों को साकार करने का लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**






समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार गुरुवार को पूरे जनपद में मान्यवर काशीराम जयंती एवं परिनिर्माण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इसी क्रम में नकटादाना स्थित के.जी.एन.-2 कॉलोनी लोकसभा चुनाव कार्यालय, पीलीभीत और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार के आवास पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रमों में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मान्यवर काशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। नेताओं ने कहा कि काशीराम जी ने समाज में समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके संघर्षों से प्रेरणा लेकर समाजवादी पार्टी दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। दिव्या गंगवार ने कहा कि मान्यवर काशीराम ने सरकारी नौकरी छोड़कर समाज सेवा को अपना जीवन उद्देश्य बनाया और वंचित वर्ग के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में तन-मन-धन से सपा को मजबूत किया जाए, ताकि अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाकर उनके अधूरे सपनों को पूरा किया जा सके। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान शासन में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की अनदेखी की जा रही है, इसलिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा।

कार्यक्रमों में सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, 127 सदर विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज, नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना, वरिष्ठ नेता भगवानदीन वर्मा, चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, बीडी प्रजापति, ओमप्रकाश मिश्रा, सतपाल यादव, नरेश सागर, बंटी शर्मा, बाबूराम गंगवार, अवि गंगवार, तेजराम गंगवार, सालिकराम गंगवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में मान्यवर काशीराम के अधूरे सपनों को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। कार्यकर्ताओं ने संकल्प किया कि वे समाज के वंचित वर्ग के अधिकारों और सम्मान के लिए हर स्तर पर सक्रिय रहेंगे।

## युवा कांग्रेस ने किया आई लव अम्बेडकर और वोट चोरी हस्ताक्षर कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

युवा कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत के आव्हान पर जननायक श्री राहुल गांधी द्वारा कहलाए जा रहे कार्यक्रम की कड़ी में दलितों पर देश में हो रहे निरंतर अत्याचार के खिलाफ आज लखीमपुर खीरी युवा कांग्रेस अध्यक्ष नवाज़ ख़ान जी द्वारा शहर की हरिजन बस्ती स्थित वाल्मीकि मंदिर से आई लव अम्बेडकर मार्च और उसके पश्चात वोट चोरी रोकने के लिए हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने मीडिया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा जननायक श्री राहुल गांधी जी का कहना है के कांग्रेस पार्टी, इसकी विचारधारा और इसका हर एक कार्यकर्ता दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों और सताए गए लोगों के साथ कंधे से कंधा मिला का खड़ा रहेगा इसी क्रम में आज हम अपना सांकेतिक विरोध प्रदर्शन दर्ज कर के इस आंधी, गूंगी, बहरी सरकार से न्याय की मांग कर रहे हैं,

जिसकी देख रेख में ये सब हो रहा है इस दौरान ज़िला लखीमपुर खीरी युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मेराज अली खान, ताजदार अंसारी, रवि गोस्वामी, महासचिव अकील खान, शराफत अली, सचिव अकील अहमद, नीरज वाजपेई, राहुल बाजपई, मोनू, नुदरत सहित लगभग 30 कार्यकर्तागण और साथी उपस्थित रहे।

## अब वाहन चालकों को नहीं लगाने होंगे आरटीओ ऑफिस के चक्कर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जिले के वाहन चालकों को अब नहीं होगी कोई भी दिक्कत, क्योंकि शासन स्तर से करीब चार पीओएस मशीन (प्वांइट ऑफ सेल्स) को भेजा गया गया है। इससे अब ऑनलाइन पैसा जमा कर सकते हैं। कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के बाद यह व्यवस्था शुरू हो गई है। इससे नकदी ले जाने का झंझट खत्म होने के साथ दलालों के चंगुल में नहीं फंसना पड़ेगा। एआरटीओ प्रशासन शांति भूषण पांडेय ने न बताया कि परिवहन विभाग में वाहन चालकों की सुविधाओं व पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू की गई है।इससे चालान, जुर्माना, टैक्स जमा आदि लगभग सभी प्रकार के भुगतान आसानी से ऑनलाइन जमा कर सकते है। अभी तक भुगतान जमा करने के लिए वाहन चालकों को लंबी-लंबी लाइनों में लगाना होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इससे अब समय की बचत होगी और विभाग में बेवजह की भीड़ जमा नहीं होगी। विभाग को चार पीओएस मशीन मिली हैं। दो मशीनें कार्यालय में रहेंगी, जबकि दो फील्ड में संबंधित संबंधित अफसरों को दी जाएंगी। इस ऑनलाइन विभागन सुविधा से समय की बचत होगी।

# साल्वेशन की शाम, सेनाओं के नाम

## जौनपुर में शौर्य, सेवा और संवेदना का अद्भुत संगम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर बुधवार की शाम जौनपुर जनपद के लिए ऐतिहासिक बन गई, जब साल्वेशन हॉस्पिटल के प्रांगण में ÷साल्वेशन की शाम, सेनाओं के नाम÷ शीर्षक से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर ECHS E&-Servicemen Contributory Health Scheme का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत अब देश के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र रहे। मंच पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय कुमार अंबष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह और एसपी सिटी जौनपुर श्री आयुष श्रीवास्तव आईपीएस विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

सभी अधिकारियों ने साल्वेशन हॉस्पिटल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि जौनपुर की स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल मनोज सिंह, कर्नल एल.के. प्रसाद, कर्नल आर.बी. सिंह और कर्नल आलोक सिंह धर्मराज ने की।

इस दौरान कारगिल युद्ध और सीमाओं पर लड़े वीर सैनिकों को साल्वेशन हॉस्पिटल द्वारा सम्मानित किया गया। सैनिकों के अनुभव सुनकर मौजूद लोगों की आँखें नम हो गईं।

साल्वेशन हॉस्पिटल के एमडी एवं फिजिशियन डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि श्वष्ठ्रास् का शुभारंभ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेना के प्रति समर्पण की सजीव भावना है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा गुरुवार से पूरी तरह शुरू हो गई है, और सभी पूर्व सैनिकों के लिए निःशुल्क होगी। उन्होंने कहा कि जहाँ बड़े अस्पताल व्यावसायिक दृष्टि से चलते हैं, वहीं साल्वेशन हॉस्पिटल ने जनपद कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर में सेवा भाव को प्राथमिकता दी है।

हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, गायनी, न्यूरो, पैथोलॉजी और फिजियोथेरेपी जैसी सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

वहीं डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने कहा कि अब जौनपुर के लोगों को इलाज के लिए वाराणसी या लखनऊ जाने की जरूरत नहीं है। साल्वेशन हॉस्पिटल में हर बीमारी का इलाज और हर मरीज के लिए संवेदना मौजूद है। उन्होंने कहा – हमारे देश के जवानों की बदौलत हम सुरक्षित हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हमारी है।

कार्यक्रम के आयोजक व साल्वेशन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे देश के जवान हमारी सुरक्षा की प्रथम पंक्ति हैं, इसलिए साल्वेशन हॉस्पिटल ने निर्णय लिया है कि श्वष्ठ्रास् योजना के तहत सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का इलाज पूरी तरह मुफ्त होगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल को अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ डॉक्टरों से सुसज्जित किया गया है, ताकि जनपदवासियों को घर पर ही विश्वस्तरीय इलाज मिल सके।

इस मौके पर साल्वेशन परिवार के रूबी श्रीवास्तव, नितिन सिंह, साधना सिंह, प्रनव यादव, बीरबल यादव, पवन यादव और विशाल यादव सहित कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों, दीप प्रज्वलन और सम्मान समारोह ने वातावरण को राष्ट्रभावना से सराबोर कर दिया।

अंत में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य अतिथियों ने साल्वेशन टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल समाज में स्वास्थ्य सेवा और मानवीयता की नई दिशा तय करेगी। साल्वेशन की शाम, सेनाओं के नाम÷ सचमुच जौनपुर के लिए सेवा, संवेदना और सम्मान का नया अध्याय बन गया है।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार तीन लोग घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। सरपतहा थाना क्षेत्र के समोधपुर गांव निवासी 35 वर्षीय रत्नेश कुमार पुत्र धरमू बुधवार की देर शाम बाइक से कही जा रहें थे कि सराय मोहिद्दीनपुर बाजार के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं लखनऊ के तिवारी पुरम पुरानी चुंगी निवासी वाहन चालक 55 वर्षीय अमित मौर्या पुत्र सुरेश चंद्र बुधवार की रात मजडिहा गांव स्थित आयरमानिश ढाबे के समीप सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं गुरुवार की सुबह नगर के डाकखाना तिराहे के समीप टैम्पो की चपेट में आने से खेतासराय थाना क्षेत्र के अब्बोपुर गांव निवासी 26 वर्षीय नकुल पुत्र हौसिला गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# मान्यवर कांशीराम साहब ने फुले, शाहू, पेरियार और बाबासाहब के मिशन को आगे बढ़ाया

## जो अब पीडीए के रूप में आपके साथ हैः राकेश मौर्य

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जौनपुर के तत्वाधान में बहुजन के नायक मान्यवर कांशीराम साहब का परिनिर्वाण दिवस सदर चुंगी, अल्फस्टीनगंज स्थित सपा के ज़िला कार्यालय पर दिन में 11 बजे ज़िलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में बड़ी सादगी के साथ मनाया गया।

सर्वप्रथम उपस्थित सपाजनों ने जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के साथ मान्यवर कांशीराम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात गोष्ठी आयोजित कर उनके विचारों पर चर्चा कराते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि शोषित वंचित समाज के हितों के लिए बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब ने बहुजन समाज के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए फुले,शाहू,पेरियार,अम्बेडकर मिशन जो बाबा साहब के निधन के साथ कमज़ोर चुका था, उस मिशन को पुनर्जीवित कर दिया, आज वही सामाजिक गठजोड़ को ह्वठ्ठ आंदोलन कहा जाता है, आइए संकल्प लें इस आंदोलन को मजबूत करते हुए 2027 में अपनी ह्वठ्ठ सरकार बनाने का संकल्प लें। गोष्ठी में विचार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से मछलीशहर की विधायक डॉ रागिनी सोनकर, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपचंद राम, रुखसार अहमद, राजकुमार बिंद, ज़िला उपाध्यक्ष गण श्यामबहादुर पाल हीरालाल विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव टाइगर, सुरेश यादव, पूनम मौर्य, जयंती यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, डॉ रामसूरत पटेल, अनवारूल हक गुड्डू, हवलदार चौधरी, राजदेव पाल, साहबलाल गौतम, राकेश अहीर, रामआसरे गौतम, अच्छेलाल गौतम, हरिश्चंद्र प्रभाकर आदि ने संबोधित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

गोष्ठी में मुख्य रूप से शकील अहमद, ज़िला उपाध्यक्ष गण महेंद्र यादव, महेंद्र यादव नैपाल, इरशाद मंसूरी, राहुल यादव, राहुल त्रिपाठी, अजय कुमार मौर्य, मक्खनलाल यादव, उमाशंकर गौतम, धीरेन्द्र कुमार गौतम, राजकुमार चमार, रामकेश बिंद, घनश्याम गौतम, साहबलाल गौतम, दिलीप प्रजापति, आनंद गुप्ता, गुड्डू सोनकर, विवेक यादव, धीरज बिंद, धर्मेंद्र यादव, बाबा पटेल, जगदीश पटेल, निकेश गौतम, स्वतन्त्र गौतम, संतोष कुमार मौर्य, अनिल कुमार यादव, मोहम्मद ज़की अंसारी, उमानाथ गौतम, गुड्डू गौड़, आशीष मौर्य, संजय गौतम, अरविंद सोनकर, लखन सोनकर, विजय बहादुर यादव, संजय, पाल, धर्मेंद्र पटेल, सौरभ पटेल सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे।

## निपुण भारत मिशन हेतु दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई

जन एक्सप्रेस। बस्ती



मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल के निर्देश पर तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला गुरुवार को सम्पन्न हुई। कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जिसमें जिले के सभी शैक्षिक संसाधन व्यक्ति (एआरपी) उपस्थित रहे।

बीएसए अनूप कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षण पद्धति में हुए बदलावों, संदर्शिका के उपयोग, डिजिटल साधनों और विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर प्रयोग को समझाना है। उन्होंने कहा कि सभी एआरपी निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इसकी निगरानी डेटा आधारित व्यवस्था और स्थलीय निरीक्षण से की जाएगी।

कार्यशाला के संदर्भदाता अलीउद्दीन, इमरान, आशीष कुमार श्रीवास्तव और अंगद प्रसाद पाण्डेय ने प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया। आशीष श्रीवास्तव ने गुणवत्ता एप प्रबंधन और एनबीएमसी पोर्टल के प्रयोग पर सत्र लिया, जबकि अंगद पाण्डेय ने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण और रिमेडियल शिक्षण पर जोर दिया। कार्यशाला में मुख्य रूप से डीसी स्वप्निल श्रीवास्तव, दिव्यांश त्रिपाठी, आलोक, सेंटरल स्क्वायर फाउंडेशन से कृतज्ञा, आदित्य, फैजान, तथा रूम टू रीड से तस्नीम कौसर उपस्थित रहीं। एआरपी प्रदीप गुप्ता, सन्तोष शुक्ल, रवीश मिश्र, मनोज मिश्र, काशीराम, राजीव शुक्ल, संतोष तिवारी, राहुल उपाध्याय, अंकित सिंह, बब्बन पाण्डेय, अखण्ड सिंह, स्कन्द मिश्र, शिवनंदन मिश्र, आशीष दूबे, उमाशंकर पाण्डेय, मनीष, बालमुकुंद, आनंद पाण्डेय, अखिलेश, ओंकार उपाध्याय, राहुल सिंह, विजय राव सहित अन्य सभी सक्रिय रूप से शामिल हुए। बीएसए अनूप कुमार ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और जनपद को निपुण भारत मिशन में अग्रणी बनाने में सहायक सिद्ध होंगी।

## थाना परशुरामपुर में आज होगी आठ वाहनों की नीलामी



जन एक्सप्रेस। बस्ती

थाना परशुरामपुर परिसर में दिनांक 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को कुल आठ वाहनों की नीलामी की जाएगी। यह जानकारी थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नीलामी में शामिल किए जा रहे वाहन लंबे समय से विभिन्न मुकदमों के कारण थाने में जब्त हालत में खड़े थे। विधिक प्रक्रिया पूरी होने और उच्चाधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद अब इन वाहनों को नीलामी के लिए रखा गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और प्रशासनिक निगरानी में की जाएगी। इच्छुक नागरिक निर्धारित समय पर थाना परिसर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि नीलामी से जहां सरकारी राजस्व को बढ़ावा मिलेगा, वहीं थाने में खड़े पुराने वाहनों से खाली हुई जगह का उपयोग अन्य कार्यों में किया जा सकेगा।

भानु प्रताप सिंह ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जब्त वाहनों की पहचान कर नियमों के तहत नियमित नीलामी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और नीलामी में भाग लेकर उचित मूल्य पर वाहन प्राप्त करें।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से बढ़ेगी लोकतंत्र की मजबूती : संजय प्रताप जायसवाल



जन एक्सप्रेस। बस्ती

महेश प्रताप इंटर कॉलेज, रूधौली में गुरुवार को ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लोकतंत्र की दिशा और दशा पर गहन चर्चा हुई।मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति और जनता का सहयोग मिले तो यह पहल भारत के लोकतंत्र को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित हो सकती है।उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में बार-बार चुनाव कराना न केवल विकास की गति को बाधित करता है बल्कि इससे प्रशासनिक और आर्थिक संसाधनों पर भी भारी दबाव पड़ता है। वन नेशन, वन इलेक्शन जैसी अवधारणा देश की एकता, स्थिरता और सुशासन को सशक्त बना सकती है। यह केवल चुनावी प्रक्रिया का सुधार नहीं बल्कि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच राष्ट्रहित में रचनात्मक और दूरदर्शी है। इसलिए देश की जनता आज उनके साथ खड़ी है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भूपेन्द्र सिंह राणा और विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह पिंकू व जिला संयोजक सचिन सिंह ने भी विचार रखते हुए कहा कि एक साथ चुनाव कराना लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएगा। इस अवसर पर विवेक सिंह, अभय, राजकुमार चौधरी, जे.पी. जायसवाल, संजय चौबे, विकास शर्मा, भोला सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे।

## कनेक्शन जुड़ते ही धू धू कर जला ट्रांसफार्मर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर खुटहन सुइथाखुर्द गांव में जले ट्रांसफार्मर की जगह पखवाड़ा से अधिक दिन बीत जाने के बाद किसी ढंग से दूसरा ट्रांसफार्मर लगा भी तो कनेक्शन जोड़ते ही धू धू कर जल गया। अंधेरे में जीने को विवश ग्रामीणों की आस पर फिर से पानी फिर गया। समस्या से निजात के लिए ग्रामीण फिर से आनलाइन शिकायत कर जिम्मेदारों की गणेश परिक्रमा करने को विवश हो गये हैं। गांव के पासवान बस्ती के पास लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर गत 20 सितंबर को जल गया था।

पखवाड़ा तक तमाम प्रयासों के बाद किसी ढंग से बीते सोमवार को नया ट्रांसफार्मर गांव में लाया गया। जिसे 24 घंटे से अधिक समय तक खंभे में लगाकर मेन लाइन से जोड़ गर्म किया जाता रहा।

बुधवार को उपभोक्ताओं का कनेक्शन जुड़ते ही अचानक ट्रांसफार्मर जल गया। गांव के अभिषेक सिंह, दयाराम गुप्ता, राणा प्रताप सिंह, छोटू खान, पवन कुमार आदि का आरोप है कि लोड अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मर अक्सर जलता रहता है। यहां क्षमता बृद्धि कर बड़ा ट्रांसफार्मर लगाए जाने से ही समस्या का निदान हो सकता है।

## दीक्षांत समारोह के चलते जल्दबाजी में बनवाई गई सड़क एक हफ्ते में धसी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में दीक्षांत समारोह के चलते एक हफ्ते पहले जल्दबाजी में बनवाई गई सड़क कई जगह धंस गई है। सड़क धंसने से विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकों और बाहरी लोगों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी सड़क के आसपास हॉस्टल होने के कारण दिक्कतें बढ़ गई हैं। विश्वविद्यालय परिसर स्थित उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान के बगल की सड़क एक सप्ताह पहले बनाई गई थी। इंजीनियरिंग संस्थान के सामने 20 मीटर के अंतराल पर सड़क दो जगह धंस गई है। सड़क धंसने के कारण परिसर में आने. जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन से आवाजाही करने वाले लोग भी सावधानी से आवागमन कर रहे हैं। विश्वकर्मा छात्रावास में रहने वाले छात्रों का इसी रास्ते से आना.जाना लगा रहता है। सड़क की मरम्मत होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया।

## जौनपुर मीरगंज थाना क्षेत्र में चली गोली, हिस्ट्रीशीटर करन चौहान ने पड़ोसी को मारी गोली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर मीरगंज थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब कुख्यात अपराधी करन चौहान ने अपने ही पड़ोसी पर पुरानी रंजिश के चलते गोली चला दी। घायल पड़ोसी को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

बताया जा रहा है कि करन चौहान हाल ही में जेल से छूटकर आया था और क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखने के लिए इस तरह की अपराधी हरकतें कर रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

सूत्रों के अनुसार, आरोपी करन चौहान पर पहले से भी कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इलाके में कड़ी निगरानी शुरू कर दी है।

## जेसीज चौराहे के पास नाले में मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी–हादसा या हत्या, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जौनपुर नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अतिव्यस्त क्षेत्र जेसीज चौराहा के पास उस समय सनसनी फैल गई जब नाले में एक युवक का शव उतराता हुआ देखा गया। राहगीरों की सूचना पर लाइन बाजार पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला।

शव के पास ही थोड़ी दूरी पर एक स्कूटी भी बरामद हुई है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि युवक किसी हादसे का शिकार हुआ है, हालांकि पुलिस इस मामले को हत्या या दुर्घटना–दोनों ही संभावनाओं के दृष्टिकोण से जांच रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्कूटी की नंबर प्लेट के आधार पर मालिक की जानकारी निकाली जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा।

गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व इसी स्थान पर भी एक शव बरामद हुआ था, जिससे लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह इलाका नगर का सबसे व्यस्त चौराहा है,

जहाँ प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही रहती है, ऐसे में बार-बार शव मिलने की घटनाएं चिंता का विषय हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## पीसीएस परीक्षा–2025 : जौनपुर में 1517 निरीक्षकों को मिला प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा-2025 जनपद जौनपुर में आगामी 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में 34 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के नेतृत्व में परीक्षा की सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन के लिए 50 प्रतिशत आंतरिक तथा 50 प्रतिशत बाह्य कक्ष निरीक्षकों का दो स्तरीय प्रशिक्षण 09 अक्टूबर 2025 को तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 1517 कक्ष निरीक्षकों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए सभी कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करें।


परीक्षा की प्रथम पाली प्रातः 9ः30 से 11ः30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2ः30 से 4ः30 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रातः 8ः00 बजे से आरंभ होगा, जबकि परीक्षा प्रारंभ होने से 45 मिनट पूर्व प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे।

प्रशिक्षण में आयोग द्वारा नियुक्त समन्वयक पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश सिंह,

सह जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) तथा राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने प्रतिभाग किया और प्रशिक्षण प्रदान किया।

## शराब की दुकान दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, पैसे मांगने पर दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जफराबाद शराब की दुकान का आवंटन कराने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर लाइन बाजार पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सरायख्वाजा क्षेत्र के हरदीपुर गांव निवासी अविशेष कुमार मिश्र ने बताया कि उनकी जान-पहचान बलिया जनपद के छपरा गांव निवासी रजत कुमार से थी। रजत ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उसकी आबकारी विभाग में अच्छी पकड़ है और वह साझेदारी में उनके नाम से शराब की दुकान आवंटित करा सकता है। जब अविशेष ने खर्च पूछा तो रजत ने कुल 27.83 लाख रुपये बताकर चौथाई हिस्सेदारी के रूप में 6 लाख 95 हजार रुपये मांगे। पीड़ित ने तीन किस्तों में नगद और बैंक ट्रांसफर के जरिए रकम रजत को दे दी। रजत ने आश्वासन दिया कि हर चार माह में दुकान का लाभांश दिया जाएगा। लेकिन अगस्त 2025 में जब अविशेष ने हिसाब मांगा तो रजत ने बात टालनी शुरू कर दी। शक होने पर अविशेष दुकान के बताए गए पते पर पहुंचे तो पता चला कि वह दुकान किसी वंदना मिश्रा के नाम आवंटित है। ठगी का एहसास होने पर जब उन्होंने रजत से पैसे वापस मांगे तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी रजत कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## करेंट की चपेट में आए बंदर का हुआ उपचार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज बुधवार शाम नगर के गल्ला मंडी में करेंट की चपेट में आए एक बंदर का सुल्तानपुर रोड स्थित पालीवाल पेट्स क्लीनिक एण्ड सर्जिकल सेंटर पर सफल उपचार हुआ। उपचार कराने का बीड़ा उठाए बेजुबान संस्था के इस तरह की सेवा भाव को देखते हुए क्लीनिक के चिकित्सक डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल ने संस्था की जमकर सराहना की। गौरतलब हो कि बुधवार शाम उक्त मंडी में बंदर स्वभावत :उछल कूद कर रहा था कि तभी वह करेंट की चपेट में आकर मरणासन्न हो गया।इसकी जानकारी होते ही



पुरानी बाजार निवासी व बेजुबान संस्था के अध्यक्ष अभिलाष आर्या मौके पर सदस्यों संग पहुंच बंदर को प्राथमिक स्तर पर राहत पहुंचाने का कार्य करते हुए उक्त चिकित्सक से संपर्क किया। तत्पश्चात उसे आनन–फानन में उक्त क्लीनिक पर लाया गया। जहां डाक्टर पालीवाल द्वारा पूरी तन्मयता से सफल उपचार किया गया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले उपचार के बाद बंदर को जब होश आ गया,तब लोगों ने राहत की सांस ली। बेजुबान संस्था ने जहां चिकित्सक के प्रति आभार व्यक्त किया, वहीं चिकित्सक ने इस तरह के बेजुबानों के प्रति संस्था के सेवाभाव को देखते हुए संस्था के कार्यों की जमकर सराहना की।इस राहत कार्य में प्रखर यादव, रोहन जायसवाल सहयोगियों के रूप में मौजूद रहे।

## तम्बाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो : जौनपुर में शुरू हुआ 60 दिन का 'तम्बाकू मुक्त अभियान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 'तम्बाकू मुक्त युवा अभियान- 3.0' की जनजागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली हरिवंश सिंह पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सहभागिता से निकाली गई, जिसमें तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर लोगों को जागरूक किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विश्व में प्रतिवर्ष लगभग 60 लाख लोग तम्बाकू सेवन के कारण अपनी जान गंवाते हैं।

हर 6.5 सेकंड में एक व्यक्ति धूम्रपान से मरता है। भारत में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में से लगभग 40 की मौत तम्बाकू से जुड़ी होती है।

नोडल अधिकारी डॉ. बी.सी. पंत ने बताया कि वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण 2021 के अनुसार 23त्न लड़के और 24त्न लड़कियाँ किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करती हैं,

जबकि 22त्न विद्यार्थी सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धूम्रपान के शिकार होते हैं।

ब्रञ्जस्-2 रिपोर्ट के मुताबिक 23.1त्न पुरुष, 3.2त्न महिलाएँ और कुल 13.5त्न वयस्क तम्बाकू का सेवन करते हैं।

एफ.एल.सी.जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि 9 अक्टूबर से शुरू होकर 60 दिन तक चलने वाले इस अभियान के तहत छह प्रमुख गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

# महराजगंज में युवा कल्याण विभाग की खेल प्रतियोगिताओं की तैयारियां शुरू

## जनपद के स्कूलों और स्टेडियमों में 14 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक तीन चरणों में आयोजित होंगी प्रतियोगिताएँ

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं की तैयारियाँ जिले में जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वीडीयो कांफ्रेंस के माध्यम से अन्य विभागीय अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खेल आयोजकों और कर्मचारियों को खेल मैदान की साफ-सफाई, बच्चों को पीने का पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित करनी होंगी। उन्होंने कहा कि यह खेल स्पर्धा बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने और उनकी प्रतिभा को देश-विदेश में पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर है। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक बच्चों के पंजीकरण कराने पर जोर दिया। फिलहाल, जनपद में 2,700 बच्चों ने पंजीकरण कराया है। बैठक में डीआईओएस, बीएसए, बृन्दबाशिनी सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। हालांकि जिले में इस तरीके के आयोजन से बच्चों के सर्वांगीण विकास और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा।

### तीन चरणों में होगा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**प्रथम चरण:** 14 से 16 अक्टूबर तक, सदर ब्लॉक के साहु जी महाराज स्टेडियम, धनेवा, परतावल, फरेन्दा, बरगदवा, सुजौली, जहदा सिसवा सहित विभिन्न विद्यालयों और स्टेडियमों में होगा।

**द्वितीय चरण:** 24 से 26 अक्टूबर तक, रतनपुर, पनियरा, दुबौलिया, मिठौरा, निचलौल, तुर्कहिया और अन्य स्थानों पर होगा।

**तृतीय चरण:** 08 से 10 नवम्बर तक, घुघली, भिटौली, परसौना और बृजमनगंज में आयोजित किया जाएगा।

## एनएचएम संघ ने की मानदेय भुगतान की मांग, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

यूपी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें कर्मचारियों ने अगस्त और सितंबर का मानदेय नहीं मिलने की शिकायत कर शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। कर्मचारियों ने चेताया कि यदि उन्हें शीघ्र मानदेय नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा।संघ के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय की अगुवाई में सीएमओ डॉ. चंद्रप्रकाश को दिए ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें अगस्त व सितंबर का मानदेय नहीं मिला है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 की वेतन वृद्धि अब तक उन्हें नहीं दिया गया है। मानदेय नहीं मिलने से दशहरा का त्योहार फीका हो गया है। अब दीपावली का त्योहार भी करीब है।
इस दौरान मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, प्रदेश संरक्षक अमित पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष विशाल जायसवाल, जिला मंत्री विवेक यादव, संगठन मंत्री संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में हड़ताल पर गए आउटसोर्सिंग कर्मचारी, सेवाएं ठप



**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

मेडिकल कॉलेज में अधिकांश सेवाएं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के भरोसे संचालित होती हैं। इनकी आपूर्ति जयंत मल्टीपरपज और एक अन्य कंपनी करती है। इसमें जयंत मल्टीपरपज सर्विसेज से 36 कर्मचारी नियुक्त हैं इन कर्मचारियों को जुलाई 2025 से वेतन नहीं मिला है। महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग कर्मचारी बृहस्पतिवार की सुबह हड़ताल पर चले गए। इससे सभी जरूरी सेवाएं ठप हो गई। कर्मचारी वेतन मिलने के बाद ही काम पर लौटने की बात कह रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में अधिकांश सेवाएं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के भरोसे संचालित होती हैं।
इनकी आपूर्ति जयंत मल्टीपरपज और एक अन्य कंपनी करती है। इसमें जयंत मल्टीपरपज सर्विसेज से 36 कर्मचारी नियुक्त हैं इन कर्मचारियों को जुलाई 2025 से वेतन नहीं मिला है। बार-बार बुखार करने के बावजूद भी सैलरी नहीं मिली तो कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। उनके समर्थन में दूसरी कंपनी के करीब ढाई सौ कर्मचारी भी उतर आए। इसके चलते रोगी पंजीकरण काउंटर ठप हो गया। एक्सरे की सेवाएं बंद हो गई। वार्ड से लेकर ओपीडी तक आउटसोर्सिंग का एक भी कर्मचारी नजर नहीं आया। परिणाम स्वरूप सभी काम ठप हो गए। रोगी और उनके परिजन पर्ची बनवाने के लिए काउंटर पर सुबह 6:00 बजे से ही कतार में खड़े हैं। 8:00 बजे काउंटर खुलने के समय से लेकर अब तक पर्ची नहीं बनी है। इसके चलते करीब 1 घंटे से अधिक समय से लोग अपना पंजीकरण कराने के लिए परेशान है पंजीकरण नहीं होने से ओपीडी में डॉक्टर मरीज के इंतजार में खाली बैठे हैं कुछ पुराने मरीज ही दिखा पा रहे हैं।

# पहले दिन मेजबान विद्यालय के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



शहीद रामचंद्र इंटर कॉलेज बसंतपुर धूसी के खेल मैदान में बुधवार को दो-दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। पहले दिन के खेल में मेजबान विद्यालय के बच्चों का दबदबा रहा।
200 मीटर अंडर-19 बालक वर्ग की दौड़ में 10वीं के धीरज प्रसाद ने प्रथम, 11वीं के प्रिंस यादव ने द्वितीय और 7वीं के बादल गौतम ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक शिव नारायण सिंह ने किया।
तत्पश्चात राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में प्रतिभाग करने वाली मेजबान विद्यालय की खिलाड़ी अर्पिता गोंड को मशाल देकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने बच्चों के मार्च पास्ट की सलामी ली।
200 मीटर अंडर-17 बालक वर्ग की दौड़ में बसंतपुर धूसी के आसिफ अंसारी प्रथम, पकड़ी वीर भद्र इंटर कॉलेज के अर्जुन सिंह द्वितीय और जानता इंटर कॉलेज रामपुर कारखाना के लक्ष्मी कुमार तृतीय स्थान पर रहे।
200 मीटर अंडर-14 बालक वर्ग में बसंतपुर धूसी के अंकित देव यादव प्रथम, इसी विद्यालय के अरुण कुमार द्वितीय और नवतप्पी इंटर कॉलेज रामपुरगढ़ के आकाश गौतम तृतीय रहे। 200 मीटर अंडर 19 बालिका वर्ग में एमपीआईसी कुर्मीपट्टी की पुष्पांजलि प्रथम, बसंतपुर धूसी की रोशनी द्वितीय व अशोक इंटर कॉलेज डुमरी की अंजलि सिंह तृतीय रही।
200 मीटर अंडर 17 में एमपीआईसी कुर्मीपट्टी की अर्चना यादव प्रथम, बसंतपुर धूसी की मधु कुशवाहा द्वितीय व अशोक इंटर कॉलेज की प्रीति यादव तृतीय स्थान पर रहीं।
200 मीटर अंडर 14 बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय नारायणपुर की आतिया प्रथम, बसंतपुर धूसी की अनुराधा पटेल द्वितीय व इसी विद्यालय की नंदिनी तृतीय स्थान पर रही।
400 मीटर अंडर 19 बालक वर्ग में एएनडी इंटर कॉलेज पथरदेवा के अमित राय प्रथम, बसंतपुर धूसी के प्रिंस गुप्ता द्वितीय व नवतप्पी इंटर कॉलेज के देशराज यादव तृतीय रहे।

## सुकरौली की मुख्य सड़क से जुड़ेगा जोगिवीर गांव, बनेगी सड़क और नाली

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

नगर के वार्ड नंबर 12 शास्त्रीनगर में जोगिवीर टोला की तरफ से जाने वाली सड़क को बाजार के मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। दो वार्ड के बीच में उलझी सड़क को राज्यसभा सांसद की पहल पर सड़क और नाली का निर्माण होगा। इससे काफी समय से आवागमन और जलभराव की समस्या से परेशान जोगिवीर गांव के लोगों को निजात मिलेगी।
कस्बा के पूर्वी छोर पर स्थित जोगिवीर गांव को हाइवे के मुख्य सड़क देउर चौराहे से जोड़ने वाली सड़क बनने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। लंबे समय से यहां के लोगों ने इस सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह की पहल पर इस टोले के लोगों की समस्या शीघ्र ही दूर होने वाली है।

# वनरक्षक आलोक ने जीते दो स्वर्ण पदक, बने 'वेस्ट स्ट्रॉन्ग मैन'

- भारोत्तोलन व पावरलिफ्टिंग में दिखाया दम, महराजगंज जिले का बढ़ाया मान

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**




राजधानी लखनऊ स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित प्रदेश स्तरीय 28वीं उत्तर प्रदेश वन खेलकूद प्रतियोगिता में महराजगंज जनपद के पनियरा रेंज के वनरक्षक आलोक कुमार यादव ने अपनी अदम्य शक्ति और मेहनत का जलवा दिखाया। आलोक ने भारोत्तोलन में 180 किलोग्राम और पावरलिफ्टिंग में 605 किलोग्राम वजन उठाकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए और 'वेस्ट स्ट्रॉन्ग मैन' का खिताब जीत लिया। 6 से 8 अक्टूबर तक चली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न वन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आलोक को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आयोजक मंडल ने प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वर्तमान में आलोक यादव पनियरा रेंज के दौलतपुर बीट में वनरक्षक पद पर तैनात हैं। वर्ष 2020 में वन विभाग में नियुक्त हुए आलोक बचपन से ही कुश्ती और खेलकूद में रुचि रखते हैं। उन्होंने बताया कि कुश्ती इवेंट न होने के कारण उन्होंने भारोत्तोलन और पावरलिफ्टिंग में अपनी मेहनत झोंक दी। उनकी इस उपलब्धि पर वन क्षेत्राधिकारी जगदंबा पाठक, वन दरोगा मनीष तिवारी सहित सहकर्मियों व परिवारजनों ने बधाई दी। आलोक ने कहा कि उनका सपना राष्ट्रीय स्तर और ओलंपिक में देश का नाम रोशन करना है।

# कांशीराम की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में समाज सुधारक कांशीराम की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद महराजगंज के पूर्व चेयरमैन चंद्रजीत भारती ने की, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष कपिलदेव शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विजय सिंह ने कांशीराम को बहुजन नायक और इस सदी का महान व्यक्तित्व बताते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और पीसीसी सदस्य सदा मोहन उपाध्याय ने कहा कि कांशीराम युगदृष्टा थे जिनके विचार आज भी युवाओं को दिशा देते हैं। गोष्ठी को जिला उपाध्यक्ष नूर आलम, नगर अध्यक्ष विजय कांत सिंह, जिला महासचिव अफजल अब्बासी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विजय अंगारा, राम नारायण प्रसाद, रवि यादव, कमलेश यादव, जमील अहमद, अमरजीत संदीप तिवारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक पर बाइक लेकर भागने का आरोप, दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

नगर के शहीद अमीय चौक पर बुधवार को एक मामला सामने आया, जहां एक युवक पर बाइक लेकर भाग जाने का आरोप लगा है। पीड़ित ने इस संबंध में कसया थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।
पडरौना नगर के वार्ड नंबर 2 तिलक नगर बलूचहा निवासी अमन कुमार मिश्रा ने बताया कि वह अपने भाई की गाड़ी लेकर कसया शहीद अमीय चौक के पास आए थे। इस दौरान उसके स्कूल में करीब आठ महीने पहले कोचिंग करने वाले एक युवक ने लौटने की बात कहकर उनसे बाइक मांगी और लेकर चला गया। एसआई दीपक प्रधान ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# नहर में दिखा विशाल जलीय जीव

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



बुधवार को गोपालगंज से नौतन होते हुए मैरवा जाने वाली नहर में एक विशाल जलीय जीव दिखाई दिया।उसकी लंबाई लगभग 8 फीट के करीब बताई जा रही है और इसका पुंछ भाग मछली जैसा दिख रहा था।इसकी खबर सुनते ही आसपास के गांवों के लोग सैकड़ों की संख्या में नहर किनारे इकट्ठा हो गए और जीव को देखने के लिए पीछे-पीछे दौड़ते रहे।जलीय जीव नौतन से आगे रामगढ़,बालवा होते हुए शाहपुर गांव के सामने पहुंची और फिर वापस नौतन की ओर लौट गई।
स्थानीय प्रशासन और मछली पालन विभाग को भी सूचना दी गई है। अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि यह जीव नहर में कैसे आया और इसे सुरक्षित रूप से प्राकृतिक आवास में कैसे भेजा जाए। ग्रामीणों ने इसे देखकर खुशी जताई और कहा कि ऐसा दृश्य जीवन में एक बार देखने लायक अनुभव था।लोगों के अनुसार जलीय जीव दिखने में डाल्फिन जैसा लग रहा था हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

# पुलिस की मौजूदगी में हुई पानी टंकी की सफाई

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



मेडिकल कॉलेज की ओपीडी और वार्ड में भर्ती मरीजों को तीसरे दिन बुधवार को भी पानी के लिए तरसना पड़ा। नगर पालिका की ओर से लगाए गए टैंकर का पानी दोपहर करीब एक बजे खत्म हो गया था। वहीं पुलिस की देख रेख में पानी टंकी की सफाई पूरे दिन चली, इस दौरान छत पर जाने वाले दरवाजे को बंद कर दिया गया था, रैंप की ओर छत पर लगे दरवाजे की कुंडी को ठीक करा दिया गया था।
पानी टंकी की सफाई ब्लीचिंग पाउडर के बाद हाइपोक्लोराइड की मदद से देर रात तक चली। पानी का टीडीएस और जैविक जांच कराने के बाद बृहस्पतिवार से पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। ऐसा मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दावा है। वहीं फायर बिग्रेड वाली टंकी की भी सफाई हुई। मेडिकल कॉलेज में तीसरे दिन बुधवार को डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी घर से बोतल में पानी लेकर आए थे। चेहरे पर मास्क और बाहर के खाने-पीने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करते नजर आए। पर्ची काउंटर पर मौजूद लोगों ने बताया कि ऐसा हो गया है यहां का साफ पानी पीने का मन नहीं कर रहा है, इसलिए घर से पानी लेकर आए हैं। यही हाल मरीजों का रहा, पूरे घटनाक्रम से अंजान कुछ मरीज परिसर में लगे आरओ प्लांट और टैंकर से पानी पीते नजर आए, जबकि एक कुछ मरीज इसी पानी से स्नान कर रहे थे। वहीं सुरक्षा में लगे गार्ड भी अपने पास पानी का बोतल रखे थे। जांच में पता चला कि इमरजेंसी के छत पर लगी पानी की टंकी खराब हो गई है। करीब एक सप्ताह पूर्व इसी टंकी से इमरजेंसी के पानी कनेक्शन जोड़ा गया था। इमरजेंसी के शौचालय और बाथरूम में पानी की सप्लाई चालू नहीं हो सकी थी। इससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मी कुछ भी बोलने से परहेज करते नजर आए।

## युवक पर बाइक लेकर भागने का आरोप, दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

नगर के शहीद अमीय चौक पर बुधवार को एक मामला सामने आया, जहां एक युवक पर बाइक लेकर भाग जाने का आरोप लगा है। पीड़ित ने इस संबंध में कसया थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पडरौना नगर के वार्ड नंबर 2 तिलक नगर बलूचहा निवासी अमन कुमार मिश्रा ने बताया कि वह अपने भाई की गाड़ी लेकर कसया शहीद अमीय चौक के पास आए थे। इस दौरान उसके स्कूल में करीब आठ महीने पहले कोचिंग करने वाले एक युवक ने लौटने की बात कहकर उनसे बाइक मांगी और लेकर चला गया। एसआई दीपक प्रधान ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# डीआरआई ने पकड़ी एक करोड़ की कोरियाई सिगरेट, एक आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

सिगरेट पर करीब 50 प्रतिशत टैक्स लगता है। इसके लिए पैकेट पर प्रिंट रेट होना जरूरी है लेकिन विदेशी ब्रांड की सिगरेट पर कोई रेट नहीं होता। मनमाने तरीके से बेचने के साथ ही टैक्स की पूरी तरह से चोरी होती है। इसके अलावा कोटपा एक्ट के तहत किसी भी ब्रांड पर वॉर्निंग या फोटो नहीं दिया जा रहा है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने बुधवार दोपहर में गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन पर बस्ती जिले के टोल प्लाजा से विदेशी सिगरेट लदा ट्रक पकड़ा। टीम ने मौके से एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ में पता चला कि कोरिया निर्मित सिगरेट असम के गुवाहाटी से ट्रक पर लादकर बिहार के गोपालगंज फिर गोरखपुर होते हुए दिल्ली ले जा रहे थे। इनकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है। ट्रक पर सिगरेट के हजारों पैकट लदे मिले। टीम ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी को जेल भिजवा दिया है। गिरफ्तार आरोपी पश्चिमी यूपी का रहने वाला बताया जा रहा है। जांच एजेंसी के सूत्रों की मानें तो विदेशी सिगरेट लदा एक ट्रक लखनऊ में भी पकड़ा गया है। इसकी कीमत भी एक से डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। जांच एजेंसी को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि सिगरेट की अवैध खेप म्यांमार और असम से लाकर यूपी और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में खपाई जा रही है। सूत्रों की सूचना पर लखनऊ और गोरखपुर की संयुक्त टीमें पिछले पिछले पांच से छह दिन से उनकी रेकी कर रही थी। इस बीच टीम को सूचना मिली कि गोरखपुर के रास्ते तस्करी कर सिगरेट की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। गोपालगंज, कुशीनगर होते हुए ट्रक गोरखपुर होकर दिल्ली की तरफ जाने वाला है। सूचना पर जांच एजेंसी की टीमें ट्रक के पीछे लगी थीं। सूत्रों की मानें तो चकमा देने के लिए तस्करों ने गोपालगंज से गोरखपुर आते समय ट्रक का नंबर भी बदल दिया था लेकिन सटीक मुखबिरी की वजह से वे पकड़े गए। सिगरेट के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने और तंबाकू उत्पादों के प्रति बढ़ रहे प्रचलन को कम करने के मकसद से वर्ष 2003 में सिगरेट एंड अदर टोबेको प्रोडक्ट एक्ट (कोटपा) लागू किया गया था। इसके तहत देश में तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए उसके पैकेट पर हिंदी व अंग्रेजी में वॉर्निंग के साथ ही उस पर कैंसर दर्शाता हुआ फोटो होना अनिवार्य है।

## उपनिबंधक को हटाने की मांग पर होगा सुंदरकांड का पाठ

**जन एक्सप्रेस/नौतनवा/महराजगंज।** नौतनवा तहसील के उपनिबंधक संदीप गौड़ को हटाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन अब धार्मिक स्वरूप ले चुका है। आंदोलन के दूसरे चरण के 26वें दिन किसान नेता नागेंद्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 10 अक्टूबर 2025 को उपनिबंधक के भ्रष्टाचार, तानाशाही और रिश्वतखोरी के विरोध में मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम ब्राह्मण समाज के विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न कराया जाएगा तथा सुंदरकांड का प्रवचन पंडित राज किशोर मिश्रा करेंगे। आंदोलनकारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार में लिप्त उपनिबंधक को जब तक हटाया नहीं जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।


JAN EXPRESS
National Hindi Daily
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
जन एक्सप्रेस
लखनऊ संस्करण के
17वें स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश चन्द्र मिश्र
भाजपा विधायक
बदलापुर जौनपुर
राहुल मिश्रा
अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी
बदलापुर जौनपुर
धर्मेंद्र द्विवेदी
खण्ड विकास अधिकारी
बदलापुर जौनपुर


JAN EXPRESS
National Hindi Daily
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
जन एक्सप्रेस
लखनऊ संस्करण के
17वें स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल
निषाद पार्टी
रमेश सिंह
विधायक शाहगंज
नेता विधान मंडल उत्तर प्रदेश निषाद पार्टी लखनऊ

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने खैर नगर में रोपा एक पेड़ माँ के नाम, बाटी पोषण पोटली

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

उप मुख्यमंत्री डॉ. बृजेश पाठक ने समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के स्वर्गीय पिताजी श्रीराम अरुण की सप्तम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सहभागिता की।उप मुख्यमंत्री डॉ. बृजेश पाठक ने आज समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के स्वर्गीय पिताजी श्रीराम अरुण की सप्तम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम नॉर्थ स्टार स्कूल, खैरनगर, कन्नौज में आयोजित किया गया।





इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने स्व0 श्रीराम अरुण को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सेवा कार्य किए। वे एक आदर्श अधिकारी रहे, जिनका नाम पुलिस विभाग में अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में पुलिस सुधार के लिए अथक प्रयास किए। वर्तमान सरकार उनके सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्व0 श्रीराम अरुण जैसे कर्मयोगी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने आगे कहा कि मंत्री असीम अरुण अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में निरंतर अग्रसर हैं। उन्होंने जल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को आमजन तक पहुँचाने में उल्लेखनीय कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की सेवा के लिए निरंतर तत्पर है और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आज प्रदेश में महिलाएँ और माताएँ सुरक्षित एवं निडर होकर अपने कार्यस्थलों और गंतव्यों तक जा सकती हैं।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र बारात घर का शिलान्यास किया तथा 5 टी.बी. रोगियों को पोषण पोटली एवं 10 वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

अपने संबोधन में समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि पिताजी की पुण्यतिथि पर इतने लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने एकत्र हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिता जी ने अपने जीवनकाल में पुलिस व्यवस्था पर 7 पुस्तकें लिखीं तथा एक पुस्तक में आत्मकथा भी प्रकाशित की। वे मात्र 21 वर्ष की आयु में भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी.एस.) में चयनित हुए और अपने कार्यकाल में ईमानदारी, सख़्ती और संवेदनशीलता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि खैरनगर और मानीमऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर फण्ड से उच्चीकरण कार्य कराया गया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा 65 लाख की लागत से खैरनगर में समुदायिक केंद्र बारात घर का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को आवश्यक सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

कार्यक्रम में विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित अनेकजनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्व0 श्री राम अरुण जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. बृजेश पाठक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खैरनगर का फीता काटकर उद्घाटन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य सेवाएँ सुचारू रूप से संचालित हों। किसी भी दवा की समाप्ति तिथि से पूर्व उसकी डिमांड 15 दिन पहले भेजी जाए और अस्पताल परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके पश्चात् उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, पार्टी जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित संबंधित अधिकारी व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# पूर्व डीजीपी को श्रद्धान्जलि देने आए डिप्टी सीएम ने किया कई परियोजनाओं का शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिले के ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर में उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी स्वर्गीय श्रीराम अरुण की सातवीं पुण्यतिथि पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस सभा का आयोजन स्वर्गीय श्रीराम अरुण के पुत्र और समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने किया। कन्नौज, फर्रुखाबाद और कानपुर देहात जिले के सभी भाजपा विधायक, जिलाध्यक्ष और सभी प्रमुख नेता भी इस आयोजन को सफल बनाने में मौजूद रहे।




उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वर्गीय श्रीराम अरुण को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने जिले में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लोकार्पण भी किया। इनमें खैरनगर और मानीमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल के रूप में समर्पित करना शामिल है। ये दोनों स्वास्थ्य केंद्र एचडीएफसी बैंक के सीएसआर फंड से दिए जा रहे धन से उच्चीकृत किये जा रहे है। साथ ही, खैरनगर में समाज कल्याण विभाग 65 लाख की लागत से एक विशाल और सभी सुविधाओं से युक्त बारात घर का निर्माण करा रहा है आज इसका भी बटन दवाकर शिलान्यास किया गया। शुद्ध कनौजिया भाषा में बोलते हुए डिप्टी सीएम ने कन्नौज से अपने पुराने सम्बन्धो को ताजा किया और कहा कि बचपन से उनका कन्नौज आना जाना रहा है वे बस से उतरकर तांगे पर बैठकर अपनी बुआ के घर जाया करते थे।

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि किसी भी व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर वे उनसे किसी भी समय अपने बेटे की तरह संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार भी व्यक्त किया।

# जिले की मेधावी छात्रा वंशिका को प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

अंशिका तिवारी ने सेंट्रल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फॉर इंस्ट्रक्टर सीटीआई में ऑल इंडिया वन रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 4 अक्टूबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित होने के बाद मंगलवार शाम अंशिका अपने पैतृक गांव भवानीपुर प्रताप, कन्नौज लौटीं। उनके घर पहुंचने पर परिजनों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और आसपास के लोग बधाई देने पहुंचे। अंशिका भवानीपुर प्रताप गांव के प्रधानाध्यापक इंद्रेश तिवारी की बेटी हैं। इंद्रेश तिवारी के तीन बच्चे हैं- अंजली, अंशिका और यशस्वी। अंशिका ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 5 तक) गांव के ही प्राइमरी स्कूल से प्रप्त की।

कक्षा 6 से हाईस्कूल तक की पढ़ाई उन्होंने कन्नौज के गोमती देवी इंटर कॉलेज से की। इंटरमीडिएट एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज से पूरा किया और फर्रुखाबाद के बाबू सिंह दद्दू सिंह महाविद्यालय से ग्रेजुएशन किया। कन्नौज के बेहरीन से आईटीआई करने के बाद, उन्होंने राजस्थान के जयपुर में सीटीआई में प्रवेश लिया, जहाँ उन्होंने यह प्रतिष्ठित ऑल इंडिया वन रैंक हासिल की।

## हसेरन तहसील सृजन के विरोध में उतरे तिर्वा के वकील

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

तिर्वा तहसील के वकीलों ने हसेरन तहसील के गठन के विरोध में गुरुवार को अपना प्रदर्शन तेज कर दिया। वकीलों ने भूलेख और रजिस्ट्री कार्यालय बंद कराकर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। लायर्स, बार और न्यू बार संगठन के वकीलों ने एकजुट होकर हसेरन तहसील के विरोध में प्रदर्शन किया।उन्होंने तहसील परिसर में स्थित भूलेख कार्यालय और रजिस्ट्रेशन कार्यालय को बंद करा दिया।वकीलों का कहना है कि हसेरन तहसील बनने से तिर्वा तहसील का क्षेत्रफल कम हो जाएगा। उनकी मांग है कि एक तहसील के लिए कम से कम तीन ब्लॉक होने चाहिए, जो न तो तिर्वा में हैं और न ही प्रस्तावित हसेरन में। वकीलों ने मांग की कि यदि हसेरन तहसील का गठन होता है, तो तिर्वा तहसील का क्षेत्रफल बढ़ाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे अपना आंदोलन और तेज करेंगे। इस मौके पर संजीव तिवारी, संजय शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, कमलेश पाल, अरविंद राजपूत और रामगोपाल सहित कई अन्य वकील मौजूद रहे।

# चुनाव प्रबंधन में भाजपा सर्वश्रेष्ठ: राजीव मिश्रा

बाराबंकी

भाजपा ने एमएलसी चुनाव के मद्देनजर तैयारियां तेज कर दी हैं। विधानसभा स्तर से लेकर पोलिंग बूथ स्तर तक के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर स्नातक एमएलसी चुनाव की बैठक संपन्न हुई। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व स्नातक एमएलसी चुनाव के क्षेत्रीय संयोजक राजीव मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि बैठक में हिस्सा लिया। पार्टी के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से शुरू हुई बैठक को संबोधित करते हुए राजीव मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक स्नातक मतदाताओं को पंजीकृत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अन्य पार्टियों की तुलना में भाजपा का



चुनाव प्रबंधन सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को पहले आओ, पहले पाओ की नीति पर काम करते हुए स्नातक वोटर बनाने होंगे। कहा कि स्नातक मतदाताओं की संख्या बहुत अधिक है। इस लिए कोई छूट न जाए इसकी चिंता करनी होगी। उन्होंने सभी जिम्मेदार कार्यकर्ताओं से पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को लगन और निष्ठा से प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के टिप्स देते हुए बताया कि स्नातक वोटर पंजीकरण के लिए आधार कार्ड और स्नातक प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। पंजीकरण प्रक्रिया 1 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है।

अभियान के क्षेत्रीय सह संयोजक मानस मित्रा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रत्येक विधानसभा के लिए दिए गए लक्ष्य को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। संचालन जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, शील रत्न मिहिर, गुरुशरण लोधी, शेखर हयारन, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, आरती रावत, अलका मिश्रा, नीता अवस्थी, रोहित सिंह, आशुतोष अवस्थी मौजूद रहे।

# सीडीपीओ उमर्दा के कार्यालय में बीस साल से नही है बिजली कनेक्शन

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

तिर्वा स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में पिछले 20 साल से अधिक समय से बिजली कनेक्शन नहीं है। वर्ष 2000 में निर्मित इस कार्यालय में बिजली न होने से कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यालय में बिजली से चलने वाले पंखे लगे हैं, लेकिन कनेक्शन न होने के कारण वे केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। गर्मियों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठकें बिना पंखों के ही होती हैं, जिससे उन्हें असहजता होती है। सुपरवाइजर शशिकांता ने बताया कि बिजली व्यवस्था न होने से कर्मचारियों को काफी दिक्कतें आती हैं।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बिजली कनेक्शन के लिए कई बार आवेदन किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं मिल पाया है। कनेक्शन न मिलने का कारण स्पष्ट नहीं है। यह कार्यालय बाल पुष्टाहार विभाग से संबंधित है।

जहां सुपरवाइजर और सीडीपीओ द्वारा समय-समय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठकें ली जाती हैं। दो दशकों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस मूलभूत सुविधा का अभाव अधिकारियों की अनदेखी को दर्शाता है।

## तीन निकायों को स्वच्छ बनाने का सपना होगा साकार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी मंत्रालय के निर्देश पर स्वच्छ जोड़ी शहर के रूप में अयोध्या नगर निगम व बाराबंकी जनपद की तीन नगरीय निकाय सिद्धौर, दरियाबाद व रामसनेहीघाट के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अन्तर्गत नगर निगम अयोध्या द्वारा इन तीन निकायों को स्वच्छ बनाने में सभी प्रकार कि सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहेगा। आने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निकाय बेहतर प्रदर्शन कर सके इसके लिए अयोध्या नगर निगम मार्गदर्शक की भूमिका अदा करेगा। इस एमओयू के तहत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, फीकल स्लज, प्लास्टिक प्रदूषण के रोकने व अन्य विंदुओं पर कार्य किया जायेगा। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त भारत नगर निगम अयोध्या, गुरु प्रसाद सहायक नगर आयुक्त, सविता शुक्ला सहायक निदेशक, ईओ आशुतोष कुमार त्रिपाठी, शीलू अवस्थी, संतोष चैधरी, डिवीजनल प्रोग्राम मैनेजर वैभव पांडे, डीपीयम प्रदीप कुमार, व नगर निगम के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में महिलाओं का कर रही है सहयोग: सौरभ श्रीवास्तव




जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

ज़ैदपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक बरैया में बुधवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत जरनल एंड मेंटल हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य, सामाजिक कार्यकर्ता के साथ पॉलिटेक्निक के प्रवक्ता ने छात्राओं को जरूरी बातें बताई। इस अवसर पर सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि अवसाद में नही रहना है। मेहनत से पढ़ाई करना चाहिए। जिससे यह समय खराब न हो और अब लड़की लड़का सब बराबर हो गए हैं। योग्यता के अनुसार नौकरी मिल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार छात्राओं व महिलाओं के लिए हर तरह से मदद और सहयोग कर रही है। जिला महिला थाना प्रभारी मुन्नी देवी ने छात्राओं को मिशन शक्ति से जुड़ी वह बरीख बातें बताई। जनको सुनकर छात्राओं ने नोट कर लिया। एक छात्रा को घर से कॉलेज और मोबाइल पर कैसे किया करना है सब बताया।

स्वास्थ्य विभाग के डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन जीने के विषय में बताया। और खान पीन में अभी से सुधार के लाभ बताए। संस्था के प्रधानाचार्य वीके सिंह ने कहा कि निर्भीक व नियमित होकर पढ़ना चाहिए। सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने छात्रों से कहा कि कोई बात अभिभावक से नही छिपानी चाहिए। सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं। उनको हमेशा मोबाइल में सेफ कर के रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रीति सिंह, पूनम वर्मा, विकास कुमार, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार समाज का आईना होते हैं

**उन्हें निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए प्रेस क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा**

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

बांगरमऊ में आज पत्रकारों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन हुआ, जिसमें प्रेस क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर, प्रेस क्लब अध्यक्ष ने स्थानीय पत्रकारों को संबोधित किया और पत्रकारिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और उन्हें निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए।इस कार्यक्रम में, प्रेस क्लब अध्यक्ष ने बांगरमऊ प्रेस क्लब के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की। नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और अन्य सदस्य शामिल थे। प्रेस क्लब अध्यक्ष ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी और उनसे उम्मीद की कि वे पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देंगे।इस अवसर पर, कई



वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पत्रकारिता के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और उनसे निपटने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। पत्रकारों ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और फेक न्यूज़ के खतरे पर भी चिंता व्यक्त की।

कार्यक्रम के अंत में, प्रेस क्लब अध्यक्ष ने सभी पत्रकारों को धन्यवाद दिया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।यह सम्मेलन बांगरमऊ के पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जहाँ उन्होंने एक-दूसरे के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया और पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा प्राप्त की। प्रेस क्लब अध्यक्ष की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

## गांवो में चलाये सफाई अभियान- मनोज मिश्रा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा ने संचारी अभियान के तहत बदोसराय, औलियालालपुर और परसा द्वितीय ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, मनोज मिश्रा ने ग्राम प्रधानों और सफाईकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को समय पर साफ-सफाई अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। गुरुवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा ने पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी के साथ बदोसराय ग्राम पंचायत का दौरा किया। बदोसराय के निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान निसार मेहंदी भी मौजूद रहे। इसके बाद, मिश्रा ने औलियालालपुर और परसा द्वितीय ग्राम पंचायतों का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा ने बताया कि संचारी अभियान के तहत गांवों में साफ-सफाई की जा रही है। जिन ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारी नियुक्त नहीं हैं, वहां ग्राम प्रधान मजदूरों को लगाकर साफ-सफाई अभियान चला रहे हैं।

# पीड़िताओं को न्याय दिलवाना हमारा दायित्व: सत्यब्रत त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

अपर निदेशक अभियोजन अयोध्या मण्डल सत्यब्रत त्रिपाठी द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला अभियोजन कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत महिला एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों की समीक्षा की और अभियोजन अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषसिद्धि दर बढ़ाई जाए तथा पीड़िताओं को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लंबित गंभीर अपराधों के मामलों को प्राथमिकता दी जाए तथा एक वर्ष से अधिक पुराने मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साक्षियों की सुरक्षा पर बल देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी वाद में साक्षी को तत्काल सुरक्षा की आवश्यकता हो तो पुलिस प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा उपलब्ध कराई



जाए। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के तहत जनपद में महिला संबंधी 76 मामलों में सजा, पॉक्सो एक्ट के 23 मामलों में सजा तथा तीन वादों में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत दोषसिद्धि दर्ज की गई है। गंभीर अपराधों के 784 मामलों में सजा एवं 166 में रिहाई हुई, जिनमें से 17 वादों में राज्य सरकार की ओर से अपील प्रस्तावित की गई है।उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति की भावना के अनुरूप अभियोजन विभाग महिलाओं और बालिकाओं के न्याय, सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान जिला अभियोजन अधिकारी एवं सभी सहायक अभियोजन अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राशन कार्ड बनवाने को दर-दर भटक रही महिला

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रामनगर। तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं ये दावा किताबी है,। उक्त पंक्तियां रामनगर तहसील के सप्लाई इंस्पेक्टर अनुज सिंह चैहान की कार्यशैली पर सटीक बैठ रही हैं। बताते चले कि विगत दो महीने से कमला देवी पत्नी आसाराम निवासी लोनियन पुरवा, ग्राम पंचायत गोबरहा विकासखंड रामनगर ने नया राशन कार्ड बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था जिसकी कॉपी औपचारिक दस्तावेजों के साथ सप्लाई ऑफिस रामनगर में सप्लाई इंस्पेक्टर अनुज सिंह के समक्ष वहां पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर को दिया गया और उसकी पूर्ण जानकारी रामनगर सप्लाई इंस्पेक्टर अनुजसिंह को मौखिक रूप से भी दी गई थी किंतु गरीब बेसहारा असहाय कमला देवी चक्कर लगाते लगाते थक गई और आज तक उसका राशन कार्ड नहीं बना। पीड़ित की माने तो दो महीने से कई चक्कर उसने सप्लाई ऑफिस के लगाए और कई बार उसने कोटेदार से भी संपर्क किया लेकिन असहाय गरीब महिला का राशन कार्ड अब तक नहीं बना।

बताते चले कि उसके तीन छोटी लड़कियाऔर दो लड़की समेत परिवार में कुल सात लोग हैं। आवास के नाम पर एक अदत टूटी हुई टीन रखी है और जमीन भी उसके पास नहीं है, मजदूरी मेहनत करके जीवन का निर्वाह करने वाली इस पात्र महिला का राशन कार्ड नहीं बनाया गया ।सूत्रों की माने तो जो व्यक्ति जाकर कंप्यूटर ऑपरेटर समेत वहां तैनात दलालों की जेब गर्म कर देता है तो उसका काम पहले हो जाता है और जो ऐसा करने में चूक करता है वह दौड़ता रह जाता है। इसी तरह नहरवल ग्राम पंचायत के ग्राम बायलमऊ का है जहां पर पूनम देवी ने अपने आधार कार्ड में नई यूनिट बढ़ाने के लिए आवेदन गत दो महीने से कर रखा था किंतु उनकी यूनिट आज तक नहीं बढ़ाई गई।

# एक्सप्रेस खबरें...

## बाइक की टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। खाद लेने जा रहे अधेड़ को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन सीएचसी ले गए। जहां उसे चिकित्सक ने लखनऊ रेफर कर दिया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सुदर्शन खेड़ा गांव निवासी मुनेसर 50 पुत्र सुखलाल गुरुवार दोपहर साइकिल से खाद लेने के लिए घर से निकला था। भैसौरा गांव के पास सहकारी समिति से पहले एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे पास के निजी क्लीनिक में इलाज कराया और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत के चलते लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## जहरीला कीड़ा काटने के बाद युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। खेत गए युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन सीएचसी ले गए जहां चिकित्सक उसे मृत बताया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव भागुखेड़ा मजरा मोहरी निवासी धीरज 36 पुत्र गुरु प्रसाद घर से थोड़ी दूर खेत में घास काटने गया था। दोपहर में वह घर आया। उसने बताया कि किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया है और वहीं पर लेट गया। उसकी हालत बिगड़ते देख परिजन आननफानन उसे लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत बताया। परिजन इलाज की आस में उसे क्षेत्र के एक निजी मेडिकल कालेज लेकर भी गए लेकिन वहां भी चिकित्सक ने उसे मृत बताया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की मां कलावती और पत्नी पूजा समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक का 3 साल का बेटा धैर्य है। मृतक के भाई कुलदीप ने बताया कि धीरज दोपहर में घर लौटा और बताया कि किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया है। जिसे अस्पताल लाए थे।

## एसडीएम ने जांची कालेज की व्यवस्थाएं

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित डिग्री कालेजों का गुरुवार को उप जिलाधिकारी हसनगंज ने टीम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कालेज प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शैक्षणिक संस्थानों के निरीक्षण के क्रम में उप जिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पांडेय द्वारा गुरुवार को समिति सदस्यों क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविंद चौरसिया, खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार, हसनगंज के साथ संयुक्त रूप से अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित एसेंट कालेज व खालसा कालेज का निरीक्षण किया गया7 निरीक्षण के दौरान संबंधित कोर्स मान्यता, सीटों की संख्या, छात्र उपस्थिति, भवन सुरक्षा आदि सभी बिंदुओं पर जांच की गयी। इस दौरान कालेज प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## देवा मेला में राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला के हॉकी मैदान में गुरुवार से राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ओलंपियन दानिश मुजतबा ने हॉकी के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच श्री चंद्र हॉकी अकेडमी हरदोई और प्रिंस क्लब शाहजहांपुर के बीच खेला गया।

जिसमें श्री चंद्र हॉकी अकेडमी हरदोई के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेलते हुए 6-1 से मैच पर फतेह हासिल की और प्रिंस क्लब शाहजहांपुर को महज एक गोल पर ही समेट दिया। इसके बाद दूसरा मैच गाँधी क्लब बाराबंकी और डीएचए गोला के बीच खेला गया।

इस मैच के रोमांचक मुकाबले में डीएचए गोला की टीम ने 4-2 से मैच पर जीत हासिल की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व ओलंपियन दानिश मुजतबा, सचिव जिला ओलंपिक संघ धीरेंद्र कुमार वर्मा, देवा मेला आयोजन सचिव मजहर अजीज ख़ाँ, व महबूब-उर-रहमान किदवई, चंदा रानी आदि लोग उपस्थित रहे।











































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 ग्रेफ़िक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# मूलगंज धमाके कांड का सीसीटीवी आया सामने एसीपी हटाए गए

## थाना इंचार्ज सहित 6 पुलिसकर्मी हुए सस्पेंड

**फॉलो अप**

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर में बुधवार रात स्कूटी में नहीं बल्कि पटाखे में विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस महकमें मैं हड़कंप मच गया। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि घटना में किसी आतंकी संगठन के हाथ होने के सबूत नहीं मिले हैं। यह पूरी तरह से अवैध पटाखों से संबंधित घटना है। इस मामले में एसीपी कोतवाली मूलगंज थाना अध्यक्ष और चौकी प्रभारी समेत 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। विस्फोट में कुल 8 लोग घायल हुए थे। इसमें चारकोल लखनऊ रेफर किया गया। जबकि दो घायलों का कानपुर में ही इलाज चल रहा है। दो लोगों को फर्स्ट एट के बाद घर भेज दिया गया था। इससे पहले धमाके की सूचना के बाद डीसीपी ऑफिस और गृह विभाग दोनों एक्टिव हो गए थे। एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीमों मैं मौके पर पहुंचकर इनपुट जुटाए थे। पटाखों से विस्फोट के बाद सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर ने देर रात सर्च ऑपरेशन भी चलाया। पुलिस ने में इस दौरान अवैध पटाखों के साथ 12 लोगों को गिरफ्तार किया।

### पुलिस कमिश्नर बोले आतंकी संगठन का हाथ नहीं अवैध पटाखा फैक्ट्री की वजह से हुई घटना

पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि यह मामला अवैध पटाखों के भंडारण से जुड़ा हुआ है। जिस दुकान के सामने विस्फोट हुआ उसके पास भी काफी मात्रा में पटाखे मिले हैं। घटना वाली जगह से 50 मीटर दूरी पर एक गोदाम मिला है। वहां भी काफी मात्रा में विस्फोट पाया गया। जांच के दौरान लापरवाही मिलने पर मूलगंज थाना प्रभारी विक्रम सिंह, चौकी प्रभारी रोहित तोमर, कांस्टेबल चेतन कुमार, अमित कुमार, ब्रह्मानंद, और हेड कांस्टेबल इमामुल हक को सस्पेंड किया गया है। साथ ही कोतवाली क्षेत्र के एसीपी आशुतोष कुमार को भी हटा दिया गया है। बिना लाइसेंस पटाखा रखने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। अब तक घटना में 12 व्यक्तियों की पहचान की गई है। गट्टा में तो स्कूटी बरामद की गई है इसमें से एक स्कूटी सवार को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं दूसरी स्कूटी चोरी की है। घटना मरकस मस्जिद के पास हुई इसे लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई। इसे खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स जैसी गतिविधियों से जोड़ने वाले सभी दावे गलत है। यह घटना अवैध रूप से पटाखे रखना के कारण हुई है।




### ग्राउंड जीरो पर पहुंची मिलिट्री और एटीएस इंटेलिजेंस

मूलगंज के विसाती बाजार में बुधवार को हुई ब्लास्ट के बाद यह कहा गया की स्कूटी में ब्लास्ट हुआ है। सूचना पर डीसीपी ऑफिस के साथ ही गृह विभाग ने भी मामले का संज्ञान लिया। एटीएस और मिलिट्री इंटेलीजेंस के अलावा अन्य जांच एजेंसी भी घटना को लेकर सक्रिय हो गई। जांच में एजेंसियों ने सबूत जुटाए। हालांकि जांच टीम ने सीसीटीवी चेक किया तो पता चला की दुकान के बाहर रखे एक गेट में अचानक तेज चिंगारी निकली। इसके बाद तेज धमाका हुआ। जांच में सामने आया की दुकान के बाहर गत्तों में पटाखे बेचे जा रहे थे। उसी में जोरदार ब्लास्ट हुआ।

### एजेंसी की जांच में को एक्सप्लोजिव निकला

एडिशनल सीपी आशुतोष कुमार ने बताया कि पहले तो हम लोगों को लग रहा था की स्कूटी में बम ब्लास्ट किया गया है। लेकिन जांच के बाद तस्वीर साफ हो गई। एटीएस मिलिट्री इंटेलिजेंस समेत अन्य जांच एजेंसियां भी मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम को जांच के दौरान को एक्सप्लोसिव मिला है। यह पटाखे का विस्फोट है हाई एक्सप्लोसिव नहीं मिला है।

### पुलिस कमिश्नर ने गोदाम व दुकानों के तले खुलवा कर रात 2:00 बजे तक चलाया सर्च ऑपरेशन

पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने दिवाली के पहले बिसाती बाजार पटाखों का बड़ा बाजार बन जाता है। यहां की दुकानों में अवैध ढंग से बड़ी मात्रा में पटाखों को स्टोर किया जाता है। धमाके की वजह पता चलने के बाद पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बड़ी तादाद सर्च ऑपरेशन चलाया। इस सर्च ऑपरेशन के दौरान अवैध पटाखा रखने वालों की दुकानों को सीज भी किया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान कई दुकानों के ताले भी तोड़ दिए गए। करीब 2 घंटे तक चली कार्रवाई के बाद पुलिस को कई दुकानों में सामान के नीचे बिछाकर रखे हुए पटाखे मिले। देर रात करीब 2:00 बजे तक सर्च अभियान चला रहा। दुकानों में स्टोर किए भारी मात्रा में पटाखे मिले।

### हादसे में यह लोग हुए घायल

1-अश्विनी कुमार साहनी उम्र 58 वर्ष निवासी लाल बंगला में होजरी की दुकान है मूलगंज बाजार में सामान लेने गए थे
2-रईस उद्दीन उम्र 35 वर्ष निवासी पश्चिम बंगाल हाल पता बेकनगंज ज्वेलरी के कारीगर है।
3-अब्दुल उम्र 24 वर्ष निवासी निवासी बिसात खाना बिसात खाने में स्पोर्ट्स है।
4-मोहम्मद मुर्सलीन उम्र 25 वर्ष निवासी बिसात खाना बेल्ट और चश्मे की दुकान में काम करता है।
5-जुबिन उम्र 15 वर्ष निवासी मीरपुर बेल्ट और चश्मे की दुकान में कर्मचारी है।
6-सुहाना उम्र 15 वर्ष निवासी बेकनगंज कूड़ा बिन का काम करती है यह गंभीर रूप से घायल है इसको लखनऊ रेफर किया गया था।
7-भरत भाटिया उम्र 30 वर्ष निवासी चकरी सामान खरीदने मार्केट गए थे।
8-मोहसिन उम्र 25 वर्ष निवासी मिस्त्री बाजार दुकान में हेल्पर का काम करता है। इन सभी घायलों में एसके रईसुद्दीन और अश्विनी कुमार 50 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गए हैं।

### कानपुर ब्लास्ट में घायल बेकन गंज की कूड़ा बिन्ने वाली लड़की को इलाज, 5 यूनिट खून की ज़रूरत परिवार ने माँगा चंदा

कानपुर ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल बेकन गंज निवासी सुहाना 15 वर्ष लड़की की हालत गंभीर होने के कारण बीते दिन लखनऊ रेफर कर दिया गया था?। कूड़ा बिनने वाले परिवारी जनों से जानकारी लेने पर मालूम हुआ कि लड़की को इलाज को पैसा नहीं हैं ना तो कोई मदद मिल रही है हालत गंभीर होने के कारण बीते दिन एक कागज पर लड़की का चित्र निकालकर बेकनगंज क्षेत्र में लड़की के इलाज के लिए चंदा मांगते हुए घायल के परिजनों को देखा गया।

## किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने युवक पर लगाया बहलाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी बुधवार दोपहर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने आशंका जताई है कि पड़ोसी गांव का एक युवक प्रेमजाल में फंसाकर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया।


परिजनों के मुताबिक, किशोरी बुधवार दोपहर बाजार जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी।


परिजनों ने आसपास के इलाकों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर तहरीर दी और न्याय की गुहार लगाई।

थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि किशोरी और आरोपी युवक की तलाश में पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही दोनों को बरामद कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# बिल्हौर ब्लॉक की ऊधौ निवादा गौशाला की स्थिति पर सवाल उठे

## जानवरों को सूखा मखहरा, बीमारी और गंदगी से हालत खराब





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर। बिल्हौर ब्लॉक स्थित ऊधौ निवादा गौशाला की स्थिति आजकल गंभीर रूप से खराब हो गई है। गौशाला में पशुओं को सूखा मखहरा खिलाए जाने के कारण उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। समय पर चारा और पानी न मिलने से कई गोवंश कमजोर और बीमार नजर आ रहे हैं।निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि गौशाला के अंदर कई कुत्ते घूम रहे थे, जो पशुओं के लिए और भी खतरा पैदा कर सकते हैं। वहीं, कुछ गायें बीमार अवस्था में पड़ी हुई थीं और उठकर खड़ी भी नहीं हो पा रही थीं।

जब इस मुद्दे पर गौशाला के केयरटेकर से सवाल किया गया, तो उन्होंने बताया कि सचिव और ग्राम प्रधान को बीमार पशुओं के बारे में सूचना दे दी गई है, लेकिन अभी तक कोई भी पशु चिकित्सक इलाज के लिए नहीं पहुंचा है। इसके अलावा, गौशाला में साफ-सफाई की भी घोर कमी देखी गई। गंदगी फैली हुई थी, जिससे महामारी के फैलने का खतरा और बढ़ गया है। ऐसे में सवाल उठता है।

कि गौशाला में जानवरों की देखभाल में प्रशासन का क्या कदम है पूरे मामले में खंड विकास अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि जल्द ही गौशाला का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ककवन में कीचड़ भरी सड़क बनी परेशानी

### बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत, डेंगू फैलने का खतरा बढ़ा

- थाने के पास सड़क पर जल निकासी का अभाव, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



ककवन ककवन ब्लॉक में थाने के पास मुख्य सड़क से सटी सड़क लंबे समय से जर्जर और कीचड़ से बजबजा रही है। बरसात के बाद से हालात और बिगड़ गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों और विशेषकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कीचड़ भरी सड़क पर फिसलकर बच्चे गिर जाते हैं, जिससे उनकी यूनिफॉर्म गंदी हो जाती है और कई बार चोट भी लग जाती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से न तो सड़क का निर्माण हुआ है और न ही जल निकासी के लिए नाली बनाई गई है। गंदा पानी जमा रहने से सड़क अब बीमारियों का गढ़ बनती जा रही है।

क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। हाल ही में इसी मोहल्ले के किसान सियाराम डेंगू की चपेट में आ गए और एक सप्ताह से बीमार हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम पंचायत के पदाधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण और जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए, ताकि बच्चों और आम लोगों को राहत मिल सके।

# एक्सप्रेस खबरें...

### आयोग की सदस्य ने की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** विकास खंड खैराबाद में महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। सदस्य के द्वारा उपस्थित बच्चियों का शुभ जन्मोत्सव, अन्नप्राशन संस्कार व गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम किया गया। सदस्या के द्वारा उपस्थित महिलाओं व बच्चियों को शुभ आशीर्वाद दिया गया व कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की वेतन संबंधित मांगों को शासन तक पहुंचाने की बात की गई तथा महिलाओं को अपने कार्य को सुचारू रूप से करते रहने के लिए प्रशंसा भी की गई। उनके द्वारा लगाए गए स्टाल का भी निरीक्षण किया। प्रस्तुत कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग के सदस्य सुजीता कुमारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी खैराबाद, बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपिका, अंजना सिंह, मधु सिंह, साक्षी शुक्ला उपस्थित रही।

### मिशन शक्ति फेज फाइव के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मिशन शक्ति फेस 5 के तहत महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड (आई0एफ0ए0) की गोलियां खिलाये जाने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं एम0ओ0आई0सी0 को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय करते हुये बच्चियों महिलाओं की सूची एकत्रित कर ली जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस सूची को एकत्रित करने के लिये पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आई0एफ0ए0 की गोलियां एक निश्चित समय दिनांक-14 अक्टूबर 2025 को पर सभी को एक ही स्थान पर एकत्रित करते हुये इसका सेवन करवायें। उन्होंने गोलियां की उपलब्धता की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त की तथा निर्देश दिये कि आई0एफ0ए0 गोलियों का वितरण ससमय सभी ब्लॉकों, पंचायतों, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध करायी जायें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिलाओं को बांटे गये हेल्प लाइन नम्बर

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** रेउसा थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के नेतृत्व में रेउसा पुलिस टीम में शामिल आरक्षी प्रगति शर्मा,संगीता व हे0कां0 देवेंद्र प्रताप सिंह,कां0समरजीत द्वारा क्षेत्र के ग्राम भैंसहा में बालिकाओं व महिलाओं को 1090 वूमेन पॉवर हेल्प लाइन नंबर की जानकारी दी गई व 112,108,1076,102,1098 1930 आदि नंबरों की महत्ता के जानकारी भी दी गई।महिलाओं को बढ़ रहे महिला संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया।मिशन शक्ति के तहत हुई गोष्ठी में साठ महिलाओं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।पम्पलेट वितरण किये गए। 181 महिला हेल्पलाइन नंबर घरेलू हिंसा,दहेज प्रथा, यौन उत्पीड़न के लिए1091 घरेलू हिंसा उत्पीड़न की शिकायत के लिएपुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 पुलिस हेल्पलाइन112 आपातकालीन सेवा,पुलिस सहायता के लिएअन्य हेल्पलाइन नंबर1090 वीमेन पावर लाइन नंबर,उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित1098 चाइल्ड हेल्पलाइन आदि नंबरों पर कॉल करके महिलाएं अपनी समस्याओं के बारे में बात कर सकती हैं और सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** डॉक्टर राजशेखर सिंह नोडल अधिकारी एवं मिश्रिख सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी जी के द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ने बताया की इस औषधि केंद्र में उच्च क्वालिटी की दवाएं मिलेंगी जो 60 से 80 परसेंट की छूट पर उपलब्ध रहेंगी क्षेत्र के मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा नोडल अधिकारी राजशेखर सिंह ने दवाओं की गुणवत्ता के बारे में मौजूद लोगों को बताया मौके पर मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर कमलेश डॉक्टर आकाक्षा ,डॉक्टर अवनीश ,डॉक्टर अमित, डॉक्टर ओपी चैरसिया ,डॉक्टर अजीत सिंह सहित सत्यम सोनी, ओमप्रकाश, हिमांशु सोनी, अभिषेक यादव, अंशु सिंह,राजन रस्तोगी, राजेश शुक्ला गणमान्य लोग तथा फार्मासिस्ट एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** विधानसभा क्षेत्र के रामपुर कला थाना परिसर में आपका विधायक, आपके द्वार जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। विधायक मनीष रावत ने ग्रामीणों की समस्याएं स्वयं सुनीं और तत्काल संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। बिजली, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पुलिस समेत कई विभागों से जुड़ी शिकायतें आईं। एक सचिव की लापरवाही पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई और कार्रवाई की अनुशंसा की। जनता ने तालियों से विधायक के रुख का समर्थन किया। विधायक रावत ने कहा कि हर शिकायत का समयबद्ध व पारदर्शी समाधान होगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी राखी वर्मा, सीओ कपूर कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत सहित अनेक अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने कहा, जनभागीदारी से ही सिधौली का विकास संभव है। शिविर में शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही की नई मिसाल देखने को मिली।

### गंगा समिति द्वारा आयोजित की गई अनेको प्रतियोगिताएं

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि सीतापुर वन प्रभाग के अन्तर्गत जिला गंगा समिति, द्वारा जिला परियोजना अधिकारी, श्री अमित कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में दिनॉक 09-10-2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा का विशेष अभियान के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा-6, 8 एवं 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा-8 की छात्राएं निथ्या संतोषिनी, हिफ्जा शैफी, शालिनी राठौर एवं अंशू वर्मा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया तथा कक्षा-9 की छात्रायें अभिलाषा सिंह, अमृता कुमारी, दनिया आजम एवं फातिमा नूर द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। तृतीय स्थान पर कक्षा-8 की छात्राएं वंशिका यादव, अनामिका वर्मा, आकांक्षा यादव एवं सृष्टि सिंह रहीं।चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा-9 की छात्रा प्रियंका सेन ने प्रथम स्थान एवं कक्षा-8 की छात्रा नित्यांशी ने द्वितीय स्थान तथा फायजा अशफाक कक्षा-6 की छात्रा तृतीय स्थान पर रही। स्वच्छता शपथ समारोह में स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण हेतु जिला परियोजना अधिकारी, सीतापुर अमित कुमार सक्सेना द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

# जीएसटी दरों में कमी से किसानों को सीधा लाभ

- बिल्हौर में संगोष्ठी आयोजित, 'एक राष्ट्र-एक कर' की अवधारणा पर हुआ जोर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




भाजपा कानपुर ग्रामीण द्वारा बिल्हौर विधानसभा में जीएसटी दरों में कमी – जनहित की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम÷ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिवाकर मिश्रा और वरिष्ठ जीएसटी अधिवक्ता पवन गुप्ता रहे।

पवन गुप्ता ने कहा कि जीएसटी ने देश में 'एक राष्ट्र-एक कर' की अवधारणा को साकार किया है, जिससे व्यापारिक व्यवस्था और अधिक सरल व पारदर्शी बनी है।

दिवाकर मिश्रा ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से किसानों और मध्यम वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम संयोजक व विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार जनहित और राष्ट्रहित के लिए समर्पित है।

मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की संगोष्ठियों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।इस अवसर पर रामशरण कटियार, सुशील कटियार, कौशल अवस्थी, प्रभाकर अवस्थी, जे.पी. कटियार, कुश अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री ब्रह्मावर्त तीर्थ पुरोहित गंगा सभा अध्यक्ष शिवदीन द्विवेदी ने प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिठूर। पौराणिक नगरी बिठूर के सुप्रसिद्ध ब्रह्मावर्त घाट पर चल रहे रामलीला महोत्सव का भरत मिलाप, राम राज्याभिषेक की लीला के साथ समापन हो गया। छठवें दिन की लीला का शुभारंभ भरत मिलाप से हुआ। भरत मिलाप में रंगमंच के नन्हे कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम और भरत के भातृ प्रेम की लीला का ऐसा मंचन किया की लीला में मौजूद जन समुदाय के नैनों से अश्रु धार बह निकली। इसके बाद राम राज्याभिषेक की लीला का मंचन किया गया। राम राज्याभिषेक में श्री ब्रह्मावर्त तीर्थ पुरोहित गंगा सभा के अध्यक्ष शिवदीन द्विवेदी, उपाध्यक्ष यश कुमार दीक्षित, महामंत्री शिवकुमार दीक्षित, व्यवस्थापक आशुतोष द्विवेदी, मुख्य पुजारी देव कुमार, के अलावा समिति के सभी सदस्यों द्वारा राम राज्याभिषेक का पूजन संपन्न कराया गया। यह पूजन पांच आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच संपन्न हुआ। लीला के समापन अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं महामंत्री ने रंगमंच के सभी कलाकारों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# करवा चौथ की रौनक से गुलजार हुआ बिल्हौर बाजार



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

करवा चौथ के पर्व को लेकर बिल्हौर कस्बे में गुरुवार को पूरे दिन बाजारों में भारी रौनक देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक पूजन सामग्री से लेकर सजावटी सामान तक जमकर खरीदारी की। बाजारों में देर शाम तक चहल-पहल बनी रही। रामलीला ग्राउंड और छोटी बाजार में मिट्टी के बर्तन, पूजा के कैलेंडर, चूरा, गटिया और बच्चों के खिलौनों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। मिट्टी के दीये और रंगीन करवा महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने। वहीं, सराफा बाजार में भी महिलाओं ने जेवरात की खरीदारी कर त्योहार की तैयारियां पूरी कीं।कस्बे के बापू गेस्टहाउस स्थित नमस्ते इंडिया डेयरी पॉइंट पर दूध, दही और मट्ठा खरीदने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं। नगर पालिका चौराहा, डाकखाना गली स्थित गुप्ता इलेक्ट्रॉनिक और वेदप्रकाश अवस्थी सहित अन्य परचून की दुकानो पर भी दिनभर ग्राहकों का तांता लगा रहा।सुहाग साड़ीज व और कपड़ों की दुकानों में महिलाओं ने साड़ियां, लहंगे और पारंपरिक परिधान खरीदकर त्योहार की रंगत को और बढ़ा दिया। त्योहार के मद्देनज़र कस्बे में दिनभर चहल-पहल रही, हालांकि भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की पर्याप्त मौजूदगी न होने से लोगों ने असुरक्षा का एहसास भी जताया।

### बेहोशी हालत में जहर पिलाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जनपद के संदना थाना क्षेत्र में युवक को बेहोशी हालत में जहर पिलाने का सनसनी खेज माला प्रकाश में आया है। युवक की मौत के बाद इस तरह आरोप मृतक के पजिरनों ने लगाये है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार संदना के गेंधरिया पट्टी गांव निवासी युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। आरोप है कि युवक के तीन भाइयों ने मिलकर भूमि विवाद में मारपीट शुरू कर दी। बेहोशी की हालत में युवक को विषाक्त पदार्थ पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि उन्हें किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।गांव निवासी प्रेमचंद्र (42) का अपने तीन भाइयों से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को इसी रंजिश के चलते दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि तीनों भाइयों ने मिलकर प्रेमचंद्र को पीटा। फिर बेहोशी की हालत में विषाक्त पदार्थ पिला दिया। तबीयत बिगड़ने पर प्रेमचंद्र के परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों की मानें तो इलाज के दौरान भी प्रेमचंद्र ने विषाक्त पदार्थ पिलाने की बात कही थी।

# करवाचौथ को लेकर बाजार गुलजार

**बाजार में मेहंदी लगवाने वाली महिलाओं की भीड़, 75 से 1000 तक लगाई जा रही मेहंदी**



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

करवाचौथ को लेकर शहर के बाजार गुलजार हैं, बता दे कि पति के अखंड सौभाग्य की कामना के लिए शुक्रवार को सुहागिनें करवा चौथ का व्रत रखेंगी। वही श्रृंगार के समान रंग बिरंगे करवा के साथ बाजारों में दुकानों के बाहर मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। शहर के शिवाला, पी रोड, गुमटी, गोविंद नगर, कल्याणपुर मार्केट, लाजपतनगर में 75रुपये से लेकर 1000 रुपये तक में मेहंदी महिलाओं ने लगवाई। वही नवविवाहिता जिनका पहला करवाचौथ है, उन महिलाओं ने हाथ पर पति की तस्वीर भी बनवाई, साथ ही साथ इस बार मार्केट में हर्बल मेहंदी का क्रेज देखने को मिला, उधर मीडिया से बात



करते हुए ब्यूटी एक्सपर्ट सुधा मनहोत्रा ने बताया कि वह 45 से ब्यूटीशियन की एक्सपर्ट है और वह अपना सैलून सालों से चला रही है हर साल महिलाएं इस ही तरह से साल भर करवा चौथ का इंतजार करती हैं और पूरे दिन बिना पानी के व्रत रखकर चंद्र देव की पूजा के साथ पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। उन्होंने बताया कि करवा चौथ का त्योहार महिलाओं के लिए बेहद खास है,

### बावनझाला गांव में महिला पर फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** थाना अरौल क्षेत्र के ग्राम बावनझाला गुज़फ्फरपुर की निवासी गंगाजली पत्नी राजाराम ने पश्चिमी जोन बिल्हौर के सहायक पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर गांव की ही एक महिला गीता देवी व उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।गंगाजली ने आरोप लगाया कि गीता देवी आए दिन गांव के लोगों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाती रहती है। इससे पहले वह कई ग्रामीणों जैसे चांदबाबू, बब्लू उर्फ़ देवेंद्र प्रधान आदि को भी कथित रूप से फर्जी मामलों में फंसा चुकी है। अब गीता देवी ने गंगाजली के पुत्र के खिलाफ भी झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। प्रार्थना पत्र में गंगाजली ने बताया कि गीता देवी और उसके परिवार के लोग झगड़ालू स्वभाव के हैं। एक दिन शाम को वह और उसके परिजन घर में घुस आए और उसकी बहू के साथ मारपीट की। किसी तरह उन्होंने कमरे में बंद होकर अपनी जान बचाई।गंगाजली ने एसीपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर गीता देवी व उसके परिजनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों में इस प्रकरण को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है।



# नीरू बाजवा ने की नई फिल्म की घोषणा

बॉलीवुड फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में अपनी अदाकारी से सभी को अपना दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म जवाक की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया है। नीरू बाजवा ने 5 अक्तूबर 2025 को अपनी आगामी फिल्म जवाक की घोषणा इंस्टाग्राम पोस्ट पर की है। इस पोस्ट के साथ नीरू ने कैप्शन में लिखा, और अधिक पढ़ें...अपने आंद्रे जवाक नू हमेशा जिओंदा राखो, जे वड्डे बन ना ता। सिनेमाघरों में 17 अप्रैल 2026। जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं। जबकि फिल्म की स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## नीरू बाजवा का करियर

हाल ही में नीरू बाजवा अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में नजर आई थीं। नीरू ने अपने करियर की शुरुआत देव आनंद की हिंदी फिल्म मैं सोलह बरस की (1998) से की थी, जिसके बाद उन्होंने कई हिंदी टेलीविजन धारावाहिकों में काम किया. उन्होंने पंजाबी सिनेमा में अपनी खास जगह बनाई और जट्ट एंड जूलियट, सरदार जी, लौंग लाची, शादा, काली जोत्ता जैसी कई हिट फिल्में दीं। अभिनय के अलावा नीरू निर्देशन और प्रोडक्शन में भी हाथ आजमा चुकी हैं। उन्हें तीन बार पीटीसी पंजाबी फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हॉलीवुड की फिल्म इट लिव्स इनसाइड से शुरुआत की है।




# अली अब्बास जफर की फिल्म में दिखेगी अहान पांडे और शरवरी वाघ की जोड़ी



'सैयारा' फेम अहान पांडे और शरवरी वाघ की जोड़ी बड़े पर्दे पर पहली बार साथ दिखाई देगी। यह जोड़ी अली अब्बास जफर की नई फिल्म में साथ दिखाई देने वाली है, इस बात की पुष्टि हो गई है। फिलहाल फिल्म का नाम फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन पता चला है कि फिल्म की लीड एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने इसके अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने इस खबर की पुष्टि करते हुए आईएएनएस से कहा, सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है और अहान पांडे आज हमारे देश के सबसे बड़े जेन जी अभिनेता हैं। शरवरी 100 करोड़ रुपये की ब्लॉकबस्टर फिल्म मुंज्या का भी हिस्सा थीं। आपके पास दो शानदार कलाकार हैं जिन्होंने साबित कर दिया है कि सिर्फ उम्दा अभिनय ही लोगों को सिनेमाघरों तक खींच सकता है।

उन्होंने आगे कहा, दशकों बाद आपके पास बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परिणाम देने वाले नवोदित और युवा कलाकार हैं। यह अली अब्बास जफर जैसे बड़े फिल्म निर्माताओं को एक ऐसी युवा फिल्म बनाने के लिए उत्साहित करता है, जो रोमांटिक होने के साथ ही एक एक्शन फिल्म भी है। सूत्र ने आगे कहा कि इन दोनों युवा कलाकारों को डायरेक्ट करने के लिए अली अब्बास जफर भी उत्साहित हैं। फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है। इसे आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है के बाद अली जफर और आदित्य चोपड़ा की यह पांचवीं फिल्म है। एक अन्य शख्स ने बताया कि मेकर्स को सैयारा की सफलता के बाद अहान पांडे पर भरोसा बढ़ा है। उनका मानना है कि अहान के अंदर जेन जी को सिनेमाघरों में लाने की ताकत है, इसलिए वे भी इसे भुनाना चाहते हैं। कुछ समय पहले ऐसी खबरें आई थीं कि दोनों साथ काम कर सकते हैं, अब यह बात पुख्ता हो गई है। वैसे पर्दे पर पहली बार शरवरी वाघ और अहान पांडे की जोड़ी साथ दिखाई देगी। इस बारे में जानने के बाद से ही सोशल मीडिया पर लोग इस फिल्म के लिए अभी से ही उत्साहित हैं।



# निक्की तंबोली ने धनश्री वर्मा पर कसा तंज



रियलिटी शो राइज एंड फॉल में नजर आ रहे अरबाज पटेल की गर्लफ्रेंड निक्की तंबोली ने हाल ही में शो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो के जरिए उन्होंने धनश्री वर्मा को एक्सपोज किया है। दरअसल, निक्की ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें धनश्री कहती है निक्की ने जानबूझकर मेरे सामने बोला कि लोग वीडी में क्या बात करते हैं। मैं बेवकूफ नहीं हूं। बुलाओ उसे, बुलाओ सभी वीडी वालों को। मैंने एक बार भी आपके खिलाफ कुछ नहीं कहा है। निक्की ने इस क्लिप के साथ कैप्शन लिखा, वफादारी की अदाकारी मत करो हमारे सामने, हम शक्ल से नस्ल पहचानने का हुनर रखते हैं। बता दें, निक्की हाल ही में शो में आई थीं। इस दौरान उन्होंने अरबाज से कहा था गेम में बहुत बड़ा धोखा हो रहा है धनश्री से। वह इस सीजन में राइज एंड फॉल की सबसे ज्यादा नापसंद की जाने वाली प्रतियोगी हैं।

# HRX फिल्म्स के बैनर तले ऋतिक करेंगे पहली सीरीज का निर्माण




ऋतिक अमेजन प्राइम वीडियो के लिए एक सीरीज बनाने वाले हैं। ऋतिक का एक बड़ा ओटीटी प्रोजेक्ट है, क्योंकि इस पर वो पिछले 3 साल से काम कर रहे हैं। अजितपाल सिंह इस सोशल थ्रिलर सीरीज के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं, जो इससे पहले वेब सीरीज टब्बर के जरिए एक खूबसूरत कहानी दर्शकों के बीच पेश कर चुके हैं। इस सीरीज के प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसकी शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू होगी। सबा के साथ अलाया एफ भी इसमें अहम भूमिका में हैं, वहीं आशीष विद्यार्थी विलन बने हैं। ऋतिक का पूरा ध्यान फिलहाल प्रोडक्शन पर है, ताकि जो विजन इसके लिए उन्होंने सोचा था, वो हासिल किया जा सके। ये बतौर निर्माता ऋतिक की पहली सीरीज है। इसके बाद ऋतिक कृष 4 पर काम करेंगे, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर है। पिछली बार उन्हें वेब सीरीज क्राइम बीट में छोटी सी भूमिका में देखा गया था।

# अक्षय ओबेरॉय ने यश के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की

**अभिनेता अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आए हैं। यह फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। अब अक्षय ने फिल्म 'टॉक्सिक' में साउथ सुपरस्टार यश के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की।**





अक्षय ने बताया कि टॉक्सिक की सबसे बड़ी उपलब्धि यश के साथ काम करने का मौका था। पूरी दुनिया यश की प्रशंसक है। उनके साथ काम करके, मैंने इतना कुछ सीखा कि मुझे एहसास हुआ कि मुझमें क्या कमी थी। मैं यहां यह कह रहा हूं कि काश इंडस्ट्री मुझे ज्यादा नोटिस करती और आप ये सवाल पूछ रहे हैं मैं इससे सहमत हूं। लेकिन वह वन-मैन इंडस्ट्री की तरह हैं। उन्हें किसी की जरूरत नहीं है। उन्हें अपनी प्रतिभा साबित करने या ऑफर देने के लिए किसी की जरूरत नहीं है। उन्हें अवसरों की जरूरत नहीं है, वह खुद उन्हें बनाते हैं। यह बहुत प्रेरणादायक है। वह एक-व्यक्ति, चलता-फिरता, बोलता इंडस्ट्री है। मैं बस यही सोचता था कि अगर मैं उनके इस कैरेक्टर और ऊर्जा को पकड़ सकता हूं, तो मुझे भी कोई नहीं रोक सकता।

### 'टॉक्सिक' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं फैंस

गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इसे यश की आगामी मच अवेटेड फिल्मों में गिना जा रहा है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

फिल्म को पहले इसी साल रिलीज होना था, लेकिन अब इसे अगले साल 2026 में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में यश के साथ कियारा आडवाणी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'टॉक्सिक' के अलावा यश नितेश तिवारी की 'रामायण' को लेकर भी चर्चाओं में हैं।

## साउथ में और भी काम करना चाहते हैं अक्षय

टॉक्सिक को लेकर अक्षय ने कहा कि फैंस ढेर सारे सरप्राइज की उम्मीद कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इस फिल्म के बारे में जितना कम कहूं, उतना ही अच्छा है। फिल्म में ढेर सारे सरप्राइज हैं। मुझे अपने किरदार में बहुत मजा आया और मुझे एक्शन करना बहुत पसंद है। आगे साउथ में और भी काम करने पर एक्टर ने कहा कि अगर मुझे मौका मिलेगा तो मैं जरूर करूंगा। मैं मलयालम, तेलुगु या तमिल फिल्म में काम करना पसंद करूंगा। मुझे साउथ में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा लगा और मैं उम्मीद करता हूं कि मुझे वहां से और भी काम मिलेगा। नई भाषा में काम करने की चुनौती के बारे में अक्षय ने कहा कि मुझे भाषाओं और लहजों में रुचि है और मुझे उनसे आनंद मिलता है। बेशक यह एक चुनौती है, लेकिन मुझे इसमें बहुत मजा आता है। भाषाएं और लहजे सीखना मेरे लिए स्वाभाविक है। इसलिए मुझे काम में मजा आया।



# एक एक्टर और निर्देशक के रूप में कांतारा मेरे लिए एग्जॉस्ट करने वाली फिल्म रही

**क्लैपर बॉय से एक्टर-डायरेक्टर बनने के सफर में ऋषभ शेट्टी के करियर में कड़े संघर्ष के कई दौर आए, मगर कलाकार बनने का उनका जज्बा कभी भी धूमिल नहीं हुआ। सहायक निर्देशक और एक-दो सीन वाली भूमिकाएं करने वाले ऋषभ ने गुजारे के लिए छोटे-बड़े सभी काम किए और आखिरकार उनकी किस्मत का सितारा चमका कांतारा की सुपर सक्सेज से। इन दिनों वे चर्चा में हैं कांतारा चैप्टर 1 से।**

**एक अदाकार के रूप में आपकी यात्रा के बारे में बात करूं, तो उसमें भी कई उतार-चढ़ाव और संघर्ष रहा?**

हर किसी को अपने हिस्से का संघर्ष तो करना ही पड़ता है। खास तौर पर मैं अगर आर्ट फॉर्म की बात करूं, तो आप उसे नहीं चुनते बल्कि वो आपको चुनता है। आपको यहां तक पहुंचने के लिए एक प्रक्रिया से तो गुजरना ही पड़ता है। मैं अपने संघर्ष को एक प्रोसेस मानता हूं। ये सच है कि मैंने छोटे-बड़े सभी काम किए हैं। मैं पानी की बोतलें बेचा करता था। मैंने रियल एस्टेट और होटल में भी काम किया। इंडस्ट्री में मैंने क्लैपर बॉय के रूप में शुरुआत की। कई छोटे-छोटे रोल्स किए, मगर मैंने कभी किसी काम को कमतर नहीं समझा। अपनी पहली कमाई आज भी याद है मुझे। पानी की बोतल बेच कर मैंने 25 रुपए कमाए थे। मैं एक बड़ी मैडम के घर पानी पहुंचाने गया था और उस काम के मुझे 25 रुपए मिले थे। उस वक्त पच्चीस रुपए भी बहुत बड़ी रकम लगी थी मुझे।

**आप एक ऐसे कलाकार हैं, जो परिवार को साथ लेकर चलने में यकीन रखते हैं।**

बिलकुल, क्योंकि परिवार नहीं होगा, तो मेरा कोई अस्तित्व ही नहीं होगा। मेरी पत्नी प्रगति कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। इस पार्ट वन और टू की कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग उन्होंने ही की है। पार्ट वन रहा हो या टू वे पूरी तरह से मेरी इमोशनल स्ट्रेंथ रहीं। खतरनाक एक्शन सीन्स के दौरान वे लगातार भगवान से प्रार्थना करती थीं। उन्हें पूरी यूनिट की चिंता रहती थी। शूटिंग के दौरान मैं महीनों तक घर नहीं जा पाता था, क्योंकि हमें लगातार शूटिंग करनी होती थी, ऐसे समय में मैं लोकेशन के आस-पास की जगहों या होटल्स में ठहरता था ताकि अगले दिन समय पर शूटिंग में पहुंच सकूं। एक एक्टर और निर्देशक के रूप में कांतारा मेरे लिए एक एग्जॉस्ट करने वाली फिल्म रही है, ऐसे में भावनात्मक रूप से उन्होंने ही मुझे संभाला। शूटिंग दौरान वे घर में बच्चों की देखरेख भी कर रही थीं और मुझसे मिलने शूटिंग पर भी आया करती थीं।

**आज दर्शक हर भाषा में कॉन्टेंट देख रहा है, मगर भाषा के नाम पर जो विवाद पैदा किए जाते हैं, उनके बारे में क्या कहना चाहेंगे?**

हमारी डायवर्सिटी हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसे समझाना होगा। तभी तो हमारे करेंसी नोट पर कोई एक भाषा नहीं होती। हमारे नोट पर जितनी भाषाएं हैं, असल में हमारे पास उससे भी कहीं अधिक लैंग्वेज हैं। यही भारत की पहचान है। मेरा मानना है कि भाषा पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए। हम सभी को एक-दूसरे की भाषाओं को सम्मान देना चाहिए। हमारी मातृभाषा हमारे चरित्र की परिचायक है। हम जब सामने वाले की भाषा को इज्जत देंगे, तभी हमारी भाषा को रिस्पेक्ट मिलेगी।

**अपनी पहली फिल्म कांतारा से पैन इंडिया स्टार का दर्जा हासिल करना कैसा लगता है?**

सच कहूं, तो मैं इन बातों को नहीं समझता। मुझे तो यही सब जिम्मेदारी लगती है। मुझे लगता है कि मुझे यदि देश भर के लोग पसंद कर रहे हैं, तो मुझे ज्यादा जिम्मेदार होने की जरूरत है। मुझे और अधिक कोशिश करनी होगी कि मैं लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरूं। सफलता और तारीफ हासिल करने के बाद मुझे लगता है कि मेहनत डबल हो जाती है।

## फिल्म में एक्टर-डायरेक्टर की दोहरी जिम्मेदारी का संतुलन कैसे स्थापित किया

इसका श्रेय मैं अपनी टीम को देना चाहूंगा। चाहे वो मेरे राइटर्स की टीम हो , प्रोड्यूसर हों या कैमरामैन, मैं अगर कोई एक आइडिया पिच करता हूं, तो हर कोई मेरा साथ देने को तैयार हो जाता है। हम साथ मिलकर आईडिया एक्सप्लोर कर लेते हैं। अब जैसे इस फिल्म की मूल कहानी हमारे देव कोला और लोक कथाओं से प्रेरित थी। जब इस कहानी का विचार आया तो सभी को भा गया। मुझे लगता है, किसी भी फिल्म की सफलता का क्रेडिट टीमवर्क को जाता है।